4 रायपुर संभाग
बेहतर होती सुविधाओं के लिए पुनः जिला अस्पताल को...

6 फिल्म
फिर आई हसीन दिलरूबा की रीलिज...

09 विविध
13 अगस्त को जय स्तंभ चौक से निकलेगी तिरंगा यात्रा

10 छत्तीसगढ़
देर रात तक चक्काजाम की रणनीति बनाते रहे...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 12 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-350 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सेबी के बजाय शेयर में गड़बड़ी की जेपीसी से कराए जांच : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि हिंडनबर्ग की दूसरी रिपोर्ट से साफ हो गया है कि शेयरों में गड़बड़ी हुई थी और अडानी पर हेराफेरी का आरोप लगा है इसलिए सेबी के बजाय जेपीसी से इसकी जांच कराई जानी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हिंडनबर्ग की पहली रिपोर्ट में लगे आरोपों की प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड प्रमुख माधुरी बुच के नेतृत्व में जांच चल रही थी,लेकिन दूसरी रिपोर्ट में हिंडनबर्ग ने कहा है कि जिस मामले की जांच की जा रही है।

### महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग जरूरी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने देश भर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्यों के सहयोग को आवश्यक करार देते हुए कहा है कि प्रयासों का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है। अन्नपूर्णा देवी ने राज्यों में महिला एवं बाल विकास और सामाजिक कल्याण मंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासकों और उपराज्यपालों के साथ अपनी पहली राष्ट्रीय स्तर की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में 28 में से 21 राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत चल रहे कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा और विभिन्न प्रमुख पहलों के लिए भविष्य की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### पानी में डूबने से सात किशोरों एवं युवकों की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर में बयाना उपखण्ड के पिदावली गांव के पास बाणगंगा नदी में बने गड्ढे में जमा वर्षा के पानी में नहाने के लिए गये सात किशोरों एवं युवकों की डूब जाने से मौत हो गई। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और बताया कि बच्चों के डूबने की सूचना मिलने पर प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ टीम भेजकर बचाव कार्य किया गया जिसमें तीन को झील का बाडा तथा चार को भरतपुर आरबीएम अस्पताल ले जाया गया लेकिन इन्हें बचाया नहीं जा सका।

# संत गुरू घासीदास बाबा के विचार व संदेश प्रासंगिक : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

## ममतामयी मिनीमाता ने आजीवन नारी शक्ति को बढ़ाने, अस्पृश्यता को दूर करने का कार्य किया

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक आरंग गुरू खुशवंत साहेब एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम संत गुरू घासीदास बाबा के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोनेसरार, डोंगरगांव विकासखड के ग्राम साकरदाहरा, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में सतनाम भवन निर्माण एवं सतनाम भवन राजनांदगांव में मंच निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में ममतामयी मिनीमाता की प्रतिमा स्थापना के लिए 5 लाख रूपए दिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ममतामयी मिनीमाता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने जिला सतनामी सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि सभी संत गुरू



घासीदास बाबा के पथ पर चलते हुए सतनामी समाज को शिक्षा एवं विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद ममतामयी मिनीमाता पहली महिला सांसद रही हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश में कार्य करते हुए उन्होंने आजीवन नारी शक्ति को आगे बढ़ाने, अस्पृश्यता को दूर करने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने 18वीं सदी में मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया तथा समाज में व्याप्त छूआ-छूत एवं भेदभाव को दूर करने के लिए उनके संदेश आज भी मार्गदर्शक एवं प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा के विचार एवं उनके संदेशों का अनुकरण करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों के हित में कार्य किया जा रहा है। रामलला दर्शन, तेंदूपश्रा संग्रहण के अंतर्गत 5500 रूपए मानक बोरा पारिश्रमिक जैसी योजनाओं से आम जनता को लाभ मिल रहा है। संत गुरू घासीदास बाबा का आर्शीवाद ऐसे ही बना रहे और हम आम जनता के हित में कार्य कर सकें। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा गिरौदपुरी में जैतखाम के निर्माण, प्रदेश में सतनामी समाज के लिए भवन, सांस्कृतिक पंथी नृत्य को बढ़ावा देने के लिए उनके अवदानों को स्मरण किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ममतामयी मिनीमाता के योगदान से समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने महिलाओं के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। वर्ष 1952 में पहली महिला सांसद के रूप में उन्होंने अस्पृश्यता को दूर करने के लिए कानून बनाने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का नेतृत्व किया। सतनामी समाज तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी में जैतखाम के निर्माण के लिए मैं निमित्त बना, इस बात की मुझे खुशी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विभिन्न योजनाएं देश को विकास पथ पर आगे ले जा रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गांव, गरीब एवं किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 3100 रूपए प्रति क्विंटल धान, 2 साल का धान का बकाया बोनस 3716 करोड़ रूपए का भूगतान, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख माताओं-बहनों को हर महीने 1000 रूपए देने की योजना से सभी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आम जनता के लिए जीवन भर का रास्ता बनाया है। आने वाले समय में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में और भी अच्छे कार्य होंगे और प्रदेश उन्नति की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## अनंतनाग में जारी मुठभेड़ में घायल नागरिक की मौत, मरने वालों की संख्या तीन हुई

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक नागरिक की मौत हो गई, जिससे दो सुरक्षाकर्मियों सहित मरने वालों की संख्या तीन हो गई। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशेष सूचना के बाद बलों की संयुक्त टीमें अहलान गागरमांडू में घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ)



चला रही थीं। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में घायल हुए नागरिकों में से एक ने एक अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मु को तिमोर-लेस्ते का पुरस्कार दोनों देशों के मजबूत संबंधों को दर्शाता है

वार्ता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किये जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते पुरस्कार कई वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रपति मुर्मु के उल्लेखनीय योगदान को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जी को तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक



पुरस्कार से सम्मानित होते देखना हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों और आपसी सम्मान को दर्शाता है। यह कई वर्षों तक उनके सार्वजनिक जीवन में उल्लेखनीय योगदान की मान्यता भी है। शनिवार को, राष्ट्रपति मुर्मु को तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफद ऑर्डर ऑफतिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में राष्ट्रपति मुर्मु की उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को मान्यता प्रदान करता है।

## कार पानी में बही, नौ मरे, एक लापता

एजेंसी ◂ होशियारपुर
www.dailypioneer.com



पंजाब में होशियारपुर के जैजो गांव की खड्ड में आई बाढ़ में एक इनोवा कार के पानी के बहाव में बह गई जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई, एक बच्चे को बचा लिया गया जबकि एक अभी लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के देहला गांव के एक ही परिवार के लोग शादी समारोह में भाग लेने होशियारपुर के महालपुर जा रहे थे। जैजो गांव के पास लगातार हो रही बारिश से बाढ़ आ गई। मौके पर स्थानीय लोगों ने चालक को आगे जाने के लिए मना किया लेकिन चालक ने कार को पानी से निकालने की कोशिश की लेकिन पानी के तेज बहाब में कार बह गई। दीपक भाटिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान महालपुर गांव के सुरजीत, परमजीत कौर, सरूप चंद, बिंदर, शिन्नो, भावना (18), अंजू (20) और हरमीत (12) के रुप में की गयी हैं। घटना की सूचना पाकर प्रशासन और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर लापता की तलाश शुरू कर दी है।

## केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव नवनिर्मित ऑडिटोरियम 'दण्डकारण्य' एवं इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का करेंगे उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव 12 अगस्त को नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में नवनिर्मित ऑडिटोरियम और इलेक्ट्रॉनिक ऑक्शन प्रणाली का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वन मंत्री केदार कश्यप, केन्द्रीय वन महानिदेशक एवं भारत सरकार के विशेष सचिव जितेन्द्र कुमार भी शामिल होंगे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि लगभग दो करोड़ रूपए की लागत से नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम में आंतरिक साज-सज्जा, लाइट, साउंड सिस्टम, वातानुकूलन, स्टेज, एल.ई.डी स्क्रीन जैसे समस्त सुविधाओं का समावेश किया गया है। इस ऑडिटोरियम में 140 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वन मुख्यालय में समय-समय पर होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, मैदानी अमले, संयुक्त वन प्रबंधन समिति सदस्यों के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए इसकी आवश्यकता थी। इसके लोकार्पण पश्चात् अब मुख्यालय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्य मों हेतु एक 'स्टेट ऑफआर्ट सभागार' वन विभाग के पास उपलब्ध होगा और समय-समय पर ऐसे कार्य मों के आयोजन हेतु किराए पर अन्य परिसर लेने पर होने वाले व्यय की बचत होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि वन विभाग के विभिन्न काष्ठागारों में काष्ठ के नीलाम में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता लाने के प्रयास के अनुक्रम में ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुभारंभ होने से काष्ठागारों में काष्ठ के नीलाम में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता आएगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग के विभिन्न काष्ठागारों में काष्ठ के नीलाम में प्रतिस्पर्धा एवं पारदर्शिता लाने के प्रयास के अनुक्रम में ई-ऑक्शन की प्रक्रिया का ईओआई के माध्यम से एमएसटीसी के द्वारा ई-ऑक्शन कार्य किया जाएगा। काष्ठागार के काष्ठ नीलामी ई-ऑक्शन के माध्यम से कराये जाने पर शासन एवं बोलीदाता के लिए भुगतान प्रक्रिया त्वरित, पारदर्शी एवं संपर्क रहित हो जायेगी तथा राज्य शासन की राजस्व की प्राप्ति बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग के विभिन्न काष्ठागारों में ईमारती काष्ठ, बल्ली, व्यापारिक बांस, जलाऊ लकड़ी की नीलामी की जाती है। राज्य में 27 विक्रय डिपो संचालित है जिनसे वर्ष 2023-24 में 258.96 करोड़ रूपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। वर्तमान में नीलामी प्रक्रिया भौतिक है जिससे सुदूर स्थित बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती है।

## जयशंकर ने मालदीव में किया भारतीय सहायता प्राप्त दो प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन

एजेंसी ◂ माले
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मालदीव के अडडू शहर का दौरा किया, जहां उन्होंने भूमि सुधार परियोजना सहित भारतीय समर्थन से क्रियान्वित प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जयशंकर की मालदीव की आधिकारिक यात्रा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद किसी भारतीय गणमान्य व्यक्ति की पहली यात्रा है। अडडू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर, विदेश मंत्री मूसा ज़मीर, शहर के मेयर अली निज़ार और अन्य सरकारी तथा अडडू नगर परिषद के अधिकारियों ने जयशंकर का गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान अडडू रिक्लेमेशन परियोजना और अडडू समुद्रतट संरक्षण परियोजना का उद्घाटन किया। एक अन्य परियोजना, गौकेडी और माराधू को जोड़ने वाला एक पुल, भारत की एएफसीओएनएस कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। भारत का मानना है कि हैंकेडे पुल परियोजना मालदीव में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी क्योंकि जहां पुल स्थित है उसे आर्थिक उद्देश्यों के लिए विकसित किया जाना है।

## हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ माधबी और अदानी ने कसी कमर, बताया-एक ही झूठ दोबारा परोसने की कोशिश

वार्ता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अध्यक्ष माधबी बुच और उनके पति धवल बुच पर अदानी समूह के ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी रखने के आरोप के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए बुच और समूह ने इस रिपोर्ट को निराधार, अफवाह, दुर्भावनापूर्ण एवं शरारती बताया और कहा कि हिंडेनबर्ग ने एक ही झूठ को दोबारा परोसने की कोशिश की है। हिंडेनबर्ग रिसर्च ने शनिवार देर रात जारी अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया कि उसके पास उपलब्ध दस्तावेजों से पता चलता है कि सेबी की वर्तमान अध्यक्ष और उनके पति के पास अदानी मनी साइफोनिंग स्कैंडल में इस्तेमाल




किए गए ऑफशोर फंड में हिस्सेदारी थी। बुच और उनके पति धवल बुच ने पहली बार 05 जून 2015 को सिंगापुर में आईपीई प्लस फंड 1 के साथ अपना खाता खोला था। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईपीई प्लस एक छोटा ऑफ शोर मॉरीशस फंड है, जिसे अदानी के निदेशक ने इंडिया इंफोलाइन (आईआईएफएल) के माध्यम से स्थापित किया है, जो जर्मनी के वायरकार्ड घोटाले से जुड़ी एक संपदा प्रबंधन फर्म है। उसने दावा किया है कि गौतम अदानी के भाई विनोद अदानी ने इसका उपयोग भारतीय बाजारों में निवेश कर शेयरों के भाव चढ़ाने के लिए किया, जिसमें कथित तौर पर बिजली उपकरणों के ओवर इनवॉइसिंग से अदानी समूह को धन प्राप्त हुआ। हिंडेनबर्ग की इस रिपोर्ट के विरोध में अदानी समूह ने नियामकीय फाइलिंग के जरिए जारी बयान में कहा, हिंडेनबर्ग के आरोप दुर्भावनापूर्ण, शरारती और चालाकी पूर्ण तरीके से सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का चयन कर तथ्यों और कानून की अवहेलना करते हुए व्यक्तिगत लाभ कमाने के लिए हैं। एक ही झूठ को दोबारा परासने क कोशिश में लगाए गए इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। इन आरोपो की पहले जांच की जा चुकी है, वे निराधार साबित हुए हैं। इन आरोपों को उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2024 में खारिज कर दिया था।

## नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की

# पीएम मोदी ने 109 जैव-सशक्त फसल किस्में जारी की

पायनियर संवाददाता ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्च उपज देने वाली, जलवायु अनुकूल और जैव-सशक्त विभिन्न फसलों की 109 किस्में जारी की। इस अवसर पर पीएम मोदी ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने 61 फसलों की 109 किस्में जारी की। इनमें 34 खेत की और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य फसलों सहित विभिन्न अनाजों के बीज जारी किए। बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागान फसलों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न



किस्में जारी हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि नयी फसल किस्म से कृषि में मूल्य संवर्धन होगा। उन्होंने मोटे अनाज का उल्लेख किया और कहा कि लोग पोषक खानपान की ओर आकर्षित हो रहे है। मोदी ने प्राकृतिक खेती के लाभों के बारे में बात की और कहा कि आम जनता का जैविक कृषि पर भरोसा बढ रहा है। उन्होंने कहा कि लोग जैविक खाद्य पदार्थों का उपभोग कर रहे हैं और इनकी मांग करते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों को नई किस्मों के बारे में किसानों को जानकारी देने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। किसानों ने प्राकृतिक कृषि को बढावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र की जागरूकता बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। वैज्ञानिकों ने बताया कि वे प्रधानमंत्री के सुझावों के अनुरूप काम कर रहे है। बाद में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संवाददाताओं से कहा कि किसानों के लिए ऐतिहासिक दिन है जब 61 फसलों की 109 किस्में जारी की गई हैं। उन्होंने कहा कि इनसे किसानों की आय बढेगी, पैदावार में इजाफा होगा और लागत घटेगी। चौहान ने कहा कि इन फसलों के बीज जलवायु अनुकूल है और खराब मौसम में भी बेहतर पैदावार दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये किस्में पोषक तत्वों से भरपूर हैं।

### मोदी ने नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। मोदी ने रविवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ विपुल लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं।

## लोकोमोटिव भारतीय रेलवे का नहीं है कांग्रेस की पोस्ट पर रेलवे का जवाब

एजेंसी ◂ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय रेलवे ने कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के शक्तिनगर क्षेत्र में एक मालगाड़ी के बेपटरी होने की घटना पर कांग्रेस के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा है कि यह ट्रैक, वैगन एवं इंजन रेलवे के अधिकार में नहीं बल्कि विद्युत संयंत्र के अधीन है। रेल मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस द्वारा अनपारा तापविद्युत संयंत्र के अंदर संयंत्र के रेल ट्रैक पर कोयले की ढुलाई करने वाले कुछ वैगन और इंजन बेपटरी होने की घटना को लेकर एक्स पर एक पोस्ट की गई है। इसमें एक वीडियो भी साझा किया गया है और उसे भारतीय रेलवे की विफलता के तौर पर प्रदर्शित किया गया है। सूत्रों ने कहा कि उसी वीडियो से पता चलता है कि बेपटरी हुए वैगनों पर उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड लिखा है। सूत्रों के अनुसार रेलवे लाइन, वैगन एवं इंजन संयंत्र की है और उसे परिचालित करने वाले कर्मचारी भी निगम के कर्मचारी हैं। कांग्रेस की उक्त पोस्ट के जवाब में रेलवे ने भी उत्तर दिया है और कहा है :- लोकोमोटिव भारतीय रेलवे का नहीं है, यह ट्रैक भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे का हिस्सा नहीं है, और वैगन का स्वामित्व भी भारतीय रेलवे के पास नहीं है। रेलवे के सूत्रों ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से देश के कुछ राजनीतिक दल और उनका ईकोसिस्टम लगातार भारतीय रेल के बारे में फर्जी एवं असत्य सूचनाएं फैला कर जनता को भ्रमित कर रहें हैं। कुछ ही दिन पहले एक पुरानी वीडियो को फिर से पोस्ट करके नया वीडियो बताया गया और फर्जी खबर फैलाई गई कि ट्रेन बेपटरी हुआ है। सूत्रों ने कहा कि ऐसा ही कुछ फिर से देखने को मिला है। एक ट्रेन दुर्घटना को भारतीय रेल का बता कर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाने लगा।

## बीस भारतीय एथलीटों को ओलंपिक में ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला

एजेंसी ◂ पेरिस
www.dailypioneer.com



भारत की ओर से ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय ध्वजवाहक बनने वाले पहले एथलीट पुरमा बनर्जी के बाद अब तक बीस एथलीटों को यह सम्मान मिला है। हॉकी खिलाड़ियों को सबसे अधिक छह बार यह सम्मान हासिल हुआ है। बेल्जियम के हुये एंटवर्प ओलंपिक 1920 में 400 मीटर धावक पुरमा बनर्जी को पहला भारतीय ध्वजवाहक बनने का सम्मान मिला था। ग्रीष्मकालीन खेलों में एक देश का ध्वजवाहक राष्ट्र के मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है और इसे ओलंपिक आदर्शों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह भविष्य के लिए एक प्रेरणा या रोल मॉडल हो सकता है। वर्षों से भारत के लिए ओलंपिक ध्वजवाहक अपने-अपने खेलों के अग्रणी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी उपलब्धियों से देश को गौरवान्वित किया है। उनकी पहचान भारत के महान खिलाड़ियों के रूप में होती है। आजाद भारत में लंदन ओलंपिक 1948 के पहले ध्वजवाहक होने का सम्मान भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के प्रेरणादायक पहले कप्तान डॉ. तालीमरीन एओ को मिला। अब तक बीस भारतीय एथलीट्स को ध्वजवाहक बनने का सम्मान हासिल किया है लेकिन इनमें से केवल आठ ही ऐसे एथलीट्स हैं, जिन्होंने ओलंपिक में पदक जीता। देश के एकमात्र पहले व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा रियो ओलंपिक 2016 में भारत के ध्वजवाहक थे। यह उनका आखिरी ओलंपिक भी था। ध्वजवाहकों में अन्य स्वर्ण पदक विजेताओं में 1932 ओलंपिक हॉकी टीम के कप्तान लाल चंद भोकरी, जादूगर ध्यान चंद, दिग्गज बलबीर सिंह सीनियर और जफर इकबाल भी शामिल हैं। तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बलबीर सिंह सीनियर ओलंपिक को ये सम्मान दो बार (1952, 1956) मिला है।

# पायनियर हलचल...

## लाडली बहनों को 1250 से 1500 और वंदनीय महतारी को सिर्फ1000 क्यों?

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों जगह भाजपा की सरकार है। मध्यप्रदेश के मोहन अपनी लाडली बहनों को प्रतिमाह 1250 रुपये और साल के 15000 रुपये प्रदान कर रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में विष्णु माताओं और बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह यानि की साल के 12000 रुपये खाते में डाल रहे हैं। दोनों जगह भाजपा की सरकार है, मध्यप्रदेश में कमान मोहन के पास है और छत्तीसगढ़ की बागडोर विष्णुदेव को सौंपा गया है। लेकिन जब दोनों राज्य की महिलाओं का आपस में संवाद होता है, तो मोहन की तरह विष्णु से भी 1250 रुपये देने की आस राज्य की वंदनीय माताओं के अन्दर जागृत होती है। यहीं नहीं पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी भाजपा की सहयोगी दल शिवसेना लाडली बहनों और वंदनीय माताओं को इसी जुलाई माह से 1500 रुपये प्रतिमाह देना शुरु कर दिया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ की वंदनीय माताएं और बहने विष्णु को भी मोहन और एकनाथ की राह चलते देखना चाहती हैं। वैसे तो छत्तीसगढ़ राज्य मध्यप्रदेश से कई दृष्टि में आगे है, राज्य में खनिज संपदा की भरमार है। छत्तीसगढ़ भी कभी मध्यप्रदेश राज्य का हिस्सा हुआ करता था। तो यह राज्य भला वंदनीय महतारी के सम्मान में पीछे कैसे रह सकता है? राज्य की महिलाओं की खुसर-फुसर सुनकर शायद विष्णुदेव भी मोहन यादव और एकनाथ शिंदे की तरह यहां की वंदनीय महतारी और लाडली बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह की जगह 1250 से 1500 रुपये प्रतिमाह देने का मन बना लें।

### अपनी डफली अपना राग

राज्य की अफसरशाही का हाल इन दिनों कुछ ऐसा ही होते दिख रहा है। यहां अफसर अपने मर्जी की करना चाहते हैं। आईएएस अफसरों का यह हाल देख सीनियर अफसर भौचक्के रह जाते हैं, उनको बैठक छोड़कर भागना पड़ रहा है। दरअसल में एक विभाग में पदस्त दो आईएएस अफसरों में इन दिनों ठन गई है। यह लड़ाई बजट और काम को लेकर छिड़ी हुई है। कहते हैं कि विभाग द्वारा बजट के संदर्भ में इसी सप्ताह बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन विभाग में पदस्त दो आईएएस अफसरों के बीच जमकर कहा सुनी हो गई। बजट और काम के लिए आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसीएस साहब विवाद बढ़ता देख बैठक से चले जाना ही बेहतर समझे।

### शिकायतों से खफा मंत्री जी?

बिलासपुर में पदस्त एक संयुक्त आयुक्त को विभाग ने हाल ही में निलंबित किया है। आरोप यह है कि उनके खिलाफ एक व्यापारी से अभ्रद व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना, भयाक्रांत करने एवं रिश्वत मागने की शिकायत मिली थी। कहा जा रहा है कि संयुक्त आयुक्त ने एक कोचिंग संचालक के यहां जांच की थी उसके बाद उनके खिलाफ गंभीर आरोपों का पिटारा मंत्री जी को सौंपा गया है। हालांकि बीते सप्ताह इस विभाग में पदस्त आयुक्त को भी शासन ने महज 6 माह में बदल दिया है। आयुक्त बदले जाने के बाद 10 दिन के भीतर बिलासपुर के संयुक्त आयुक्त को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित किर दिया गया है। अब यह महज एक संयोग है या फिर बात कुछ और है? यह तो शिकायतकर्ता और शिकायतों से खफा मंत्रीजी ही जानेंगे?

### ऐसे भी दिन आयेंगे?

कभी आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के आरोपों से घिरे पूर्व मंत्री को विधायक निधि से अपने निजी कर्मचारियों को राशि देने की नौबत आ गई है। ऐसे भी दिन देखने पड़ेंगे किसी ने सोचा भी नहीं होगा। पर क्या करें नेता जी इन दिनों हालातों के मारे हैं, बीते पांच साल सत्ता से बाहर रहे और इस बार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मंत्री बनने का सपना चकनाचूर कर दिया। करें तो करें क्या? तरकीब निकाली गई विधायक निधि से ही राशि दे दी जाए। अपने एक कर्मचारी को शिक्षा के नाम पर 2,50,000 रुपये स्वेच्छानुदान से दे दिया गया। यहीं नहीं कर्मचारी की माता और सरकारी नौकरी कर रही पत्नी को भी स्वेच्छानुदान की राशि दे दी। नेताजी इतने में ही नहीं रुके स्थानीय कार्यालय में कार्यरत एक कर्मचारी को स्वेच्छानुदान से 2,50,000 रुपये और उसकी बहन के साथ पत्नी को भी राशि जारी करा दी। खैर इस अनुदान का नाम ही स्वेच्छानुदान है, इसलिए और कुछ जादा कहना गलत होगा। लेकिन यह जरुर कहा जा सकता है कि कभी आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का आरोप और अब सिर्फ स्वेच्छानुदान ही सहारा।

### कृष्ण कुंज का अब क्या?

भूपेश सरकार नगर और शहर को हरा-भरा बनाने के नाम पर कृष्ण कुंज योजना लेकर आई, लेकिन यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। खूबसूरत द्वार के नाम पर करोड़ों की राशि खर्च की गई। 158 निकायों में कृष्ण कुंज बनाए गए, लेकिन वर्तमान में कितने जीवित बचे हैं? कितने धराशयी हो गए? यह जांच का विषय है। फिलहाल राज्य की भाजपा सरकार ने इसके रख-रखाव के लिए हाथ खड़े कर दिए हैं। वन विभाग ने सभी डीएफओ को निर्देश दिया था कि कृष्ण कुंज को निकायों को सौंप दिया जाए। लेकिन नगरीय निकाय कृष्ण कुंज के संचालन में कोई रुचि नहीं ले रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने 2022 में जन्माष्टमी के दिन तेलीबांधा में इस योजना की शुरुआत की थी, जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। पौधे खरीदने से लेकर भव्य द्वार गेट, फैंसिंग आदि कार्य में जनता के करोड़ों रुपये फूंक दिए गए। अब वन विभाग नगरीय निकाय को सौंपकर कृष्ण कुंज से पल्ला छुड़ाने की जुगत में है।

### दुर्ग के बदनाम चेहरे

पीएससी में हुई धांधली की जांच अब सीबीआई ने सम्भाल लिया है। हाल ही में इस धांधली के आरोप में टामन सिंह सोनवानी, अमृत खलको, जीवन किशोर के यहां सीबीआई ने दबिश दी, जहां घंटों पूंछताछ हुई। यह महज एक संयोग है कि कुछ और यह तीनों अफसर दुर्ग के बदनाम चेहरे बन चुके हैं। दरअसल में टामन सिंह सोनवानी पाटन के एसडीएम रहे बाद में उनका कारवां बढ़ता गया और वह मुख्यमंत्री के सचिव और उसके बाद पीएससी के चेयरमैन बनाए गए। वहीं अमृत खलको कभी दुर्ग में अपर कलेक्टर हुआ करते थे, जे. के. ध्रुव का भी दुर्ग से गहरा नाता है। पीएससी घोटाले में यह तीनों अफसर सीबीआई के राडार पर हैं। कुल मिलाकर यह तीनों अफसर दुर्ग के बदनाम चेहरे घोषित हो गए हैं।

### नक्सलियों का शहरी नेटवर्क, तेन्दूपत्ता ठेकेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

राजनांदगांव पुलिस ने नक्सलियों के शहरी नेटवर्क का बड़ा खुलासाा किया है। पांच माओवादी सहयोगी गिरफ्तार किए गए हैं। इसमें एक बड़ा तथ्य सामने आया है। पुलिस द्वारा बताया गया है कि तेन्दूपत्ता ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी की राशि वसूली जा रही थी। चारों आरोपियों ने लेवी के माध्यम से अपने बैंक अकाउंट में तकरीबन 60 लाख रुपये प्राप्त किए हैं। जिससे नक्सलियों द्वारा शहरी नेटवर्क का जाल बिछाया जा रहा था। सवाल यह उठता है कि लेवी देने वाले ठेकेदारों ने क्या पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज करायी थी? सम्भवतः नहीं। लेकिन जब घटना का सच सामने आ चुका है तो लेवी देने वाले ठेकेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

### हाथी दिवस के बहाने शक्ति प्रदर्शन

वन विभाग द्वारा 12 अगस्त को हाथी दिवस मानाया जा रहा है। यह आयोजन पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल के अगुवाई में आयोजित किया गया है। हाथी दिवस के उपलक्ष्य में यह आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया गया है। जिसमें तकरीबन 75 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। राजधानी के एक प्रसिद्ध होटल में पूरे देश से लोग जुटेंगे। इस आयोजन में केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और दूसरे राज्यों से काफी संख्या में अधिकारी शामिल होंगे। राज्य में हाथियों की मौत और दुर्दशा को लेकर वन्य जीव प्रेमी लगातार आवाज बुलंद करते रहते हैं। कहते हैं कि एक वन्यजीव प्रेमी ने हाल ही में अभ्यारण्य में बंधक हाथी को छोड़ने के लिए पीसीसीएफ सुधीर अग्रवाल से निवेदन किया। यह हाथी कई दिनों तक एक ही स्थान में बंधा रहा, वह ढंग से अपने पैर भी नहीं चला सकता था। खैर राज्य में हांथियों और विभाग में बारे में लिखने के लिए कागज कम पड़ जाएंगे। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शक्ति प्रदर्शन है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल और वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव के बीच कुर्सी की लड़ाई जगजाहिर है, जो हाईकोर्ट तक पहुंच चुकी है। कहा तो यह भी जा रहा है कि इस आयोजन के लिए सुधीर अग्रवाल को किसी खास व्यक्ति ने सलाह दी है कि वह आयोजन के माध्यम से सीएम विष्णुदेव के नजदीक आ जाएगे, और सम्भव है कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद सुधीर के वनबल प्रमुख बनने का रास्ता खुल जाएगा। बहरहाल आगे क्या होगा कुछ कहा नहीं जा सकता? लेकिन इतने बड़े आयोजन में विभाग ने वन्यजीव प्रेमियों और एनजीओं से दूरी बनाकर रखा है। जिससे यह प्रतीत होता है कि हाथियों के बहाने 12 अगस्त को सुधीर शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# श्री बालाजी हॉस्पिटल, मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन













पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी हॉस्पिटल, मेडिकल फाउंडेशन एवं रोहित कुमार साहू (पार्षद) के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पार्षद कार्यालय खम्हारडीह में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की। जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. धनेन्द्र साहू, नेत्र रोग से डॉ. वेद, हड्डी रोग से डॉ. संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रिया अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ, राखी तिर्की, विनीता कोरेटी एवं पार्षद आफिस कर्मचारी एवं वार्ड निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति नहीं लाने पर राजस्व निरीक्षकों का रुकेगा वेतन वृद्धि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



गौरेला पेंड्रा मरवाही कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने राजस्व विभाग के काम-काज की तहसीलवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में नक्शा बटांकन के 1 लाख 30 हजार से अधिक प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राजस्व निरीक्षकों को पटवारी हल्का वाइज प्रतिदिन 100 नक्शा बटांकन का लक्ष्य देते हुए कार्य पूर्ण करने कहा। उन्होने राजस्व निरीक्षकों को प्रतिदिन नक्शा बटांकन का समीक्षा करने और प्रतिवेदन भू-अभिलेख शाखा में प्रस्तुत करने कहा। उन्होंने कहा कि नक्शा बटांकन के कार्य में प्रगति नहीं लाने पर राजस्व निरीक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि रोका जाएगा। कलेक्टर ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के अनुसार आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र लंबित होने पर कहा कि एक भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय सीमा में प्रमाण पत्र जारी नहीं होने पर संबंधित एसडीएम एवं तहसीलदार के रीडर के खिलाफ कार्यवाही होगी। उन्होने तहसीदारो को खंड शिक्षा अधिकारियों के समन्वय से स्कूली बच्चों का प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगवाने तथा सरलीकरण प्रक्रिया के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी करने कहा। उन्होने बैठक में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारियों को आपत्ति लगे प्रकरणों में चेक लिस्ट के अनुसार दस्तावेज पूर्ण कर पुनः पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के एक भी प्रकरण वापस नहीं होना चाहिए और स्कूली बच्चों के साथ-साथ व्यक्तिगत प्रमाण पत्र भी समय सीमा में जारी करें।

## उद्योग मंत्री देवांगन के प्रयास से शासकीय स्कूलों में मिड डे मील से पहले नाश्ता भी



**रायपुर।** उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के विशेष प्रयास से सोमवार से शासकीय स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील से पहले पौष्टिक नाश्ता भी मिलने जा रहा है। इसकी शुरुआत सोमवार से होने जा रही है। एनटीपीसी जमनीपाली स्थित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला में आयोजित पोषण आहार नाश्ता के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। पहले चरण में इस योजना का लाभ कोरबा विधानसभा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में योजना की शुरुआत की जा रही है। गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मिड डे मील के साथ सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मुफ्त मुहैया कराने का प्रावधान रखने का भी प्रस्ताव है। इसके तहत स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचते ही पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता दिया जाना है। इसकी शुरूवात प्रदेश में कोरबा जिले से होने जा रही है। पिछले महीने मंत्री देवांगन ने इस विषय में जिला प्रशासन को पत्र भी लिखा था। अब 40 हजार से अधिक बच्चों को इस योजना का लाभ मिलने जा रहा है। इस योजना की शुरूवात होने से स्कूल के बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास और भी तेजी से हो सकेगा। पहले चरण में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 409 प्राथमिक और 141 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कोरबा विकासखंड के 71 प्राथमिक, 38 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, कटघोरा विकासखंड के 45 प्राथमिक और 16 पूर्व माध्यमिक शाला में मिड डे मील से पहले पौष्टिक नाश्ता प्रदाय करने की योजना की शुरूवात हो रही है।

## मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के हितग्राहियों के लंबित भुगतान की शीघ्र वापसी के दिए निर्देश



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशीलता से विभागों के लंबित कार्यों का यथाशीघ्र निराकरण किया जा रहा है। साय सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए बनाई गई योजनाओं का समय पर निराकरण होने से आमजनों को उचित न्याय मिल रहा है। आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा लंबे समय से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित भुगतान के लिए धनराशि वापसी के निर्देश दिए हैं। इस पहल के परिणामस्वरूप लगभग 188 परिवारों को 3.01 करोड़ मंडल द्वारा वापस किए गए हैं। गृह निर्माण मण्डल के आयुक्त कुंदन कुमार ने बताया कि मंत्री ओ.पी. चौधरी के निर्देश का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को देर से भुगतान के मुद्दे को हल करना था। विभाग ने त्वरित कार्रवाई की है और छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा पात्र हितग्राहियों को धन वापसी की गई है। मंडल द्वारा किया गया यह प्रयास सरकार की पारदर्शिता और जवाबदेही को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि नागरिकों को उनके अधिकारित धन प्राप्त हों। मंत्री की पहल से प्रभावित परिवारों को राहत मिली है और विभाग ऐसे लंबित मुद्दों को हल करने के लिए सतत काम करता रहेगा। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अपनी कार्यप्रणाली के सरलीकरण की ओर आगे बढ़ रहा है, जिससे मंडल द्वारा आमजनों को अधिक सरलीकृत, संवेदनशील आवश्यक तथा पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं प्रदान किया जा सके।



# शासन की सभी योजनाएं धरातल पर दें दिखाई : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## उपमुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के सीईओ के साथ की जिलेवार समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा, रायपुर में छत्तीसगढ़ के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ), जिला पंचायत की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जिलेवार गहन समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सभी सीईओ से कहा कि शासन की सभी योजनाएं धरातल पर दिखाई दें और निचले स्तर तक पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्रत्येक जिले के स्वीकृत, पूर्ण और अपूर्ण आवासों की स्थिति की जानकारी ली और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्ययोजना बनाकर इन्हें समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि भविष्य में बड़ी संख्या में आवासों की स्वीकृति की संभावना है, इसके लिए पहले से तैयारी रखें। जहां आवास स्वीकृत हो रहे हैं, वहां मेंशन, मटेरियल सप्लायर, बैंक की उपलब्धता, सीएचसी और बैंक सखी की उपलब्धता की जानकारी पहले से सुनिश्चित करें। जहां ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, वहां कार्ययोजना बनाकर काम शुरू करें। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी बहुल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं सहित सभी प्रमुख योजनाओं का लाभ जनजातीय परिवारों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी, और सभी ग्राम पंचायतों में आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं। इन आवासों को तेजी से पूर्ण करने के लिए कार्ययोजना बनाएं। बैठक में प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, सचिव राजेश सिंह राणा, संयुक्त सचिव तारन प्रकाश सिन्हा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संचालक रजत बंसल, पंचायत निदेशक सुप्रियंका ऋषि महोबिया, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और राज्य स्वच्छ भारत मिशन की मिशन संचालक सुजयजैन, तथा सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने मानव दिवस सृजन की उपलब्धि और लक्ष्य के विरुद्ध प्राप्त प्रगति की जानकारी ली। सिक्योर के तहत वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में स्वीकृत कार्यों और 266 अनुमेय कार्यों की समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवर स्थलों पर विशेष उत्सव आयोजित करने की तैयारी की जानकारी ली और सभी जिलों में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने एरिया ऑफिसर्स मॉनिटरिंग विजिट ऐप के माध्यम से निरीक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। समीक्षा के दौरान सामाजिक अंकेक्षण की प्रगति, निपटाए गए प्रकरणों एवं राशि वसूली, लोकपाल कार्यालय में दर्ज प्रकरणों पर पारित निर्णय और कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई। साथ ही समयबद्ध मजदूरी भुगतान और आधार आधारित भुगतान की प्रगति का भी मूल्यांकन किया गया। महात्मा गांधी नरेगा के अभिसरण से आंगनबाड़ी भवन निर्माण की भी समीक्षा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में कार्यरत बीसी सखियों, लखपति दीदी, स्व सहायता समूह की महिलाओं को न्यूनतम दर पर ऋण, जिले में लंबित अनुकम्पा नियुक्ति, ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों का अंशदायी पेंशन योजना के तहत मूल वेतन से 10 प्रतिशत राशि पोर्टल में जमा करने, जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रगति, और भारतनेट के माध्यम से इंटरनेट की उपलब्धता आदि कार्यों की भी समीक्षा की गई।

# महाराष्ट्र मंडल के केंद्रों में हुआ राम रक्षा स्त्रोत- हनुमान चालीसा पाठ



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का सिलसिला इस शनिवार को भी जारी रहा। मंडल के चौबे कालोनी, बूढ़ापारा, तात्यापारा समेत कई केंद्रों की महिलाओं ने समीपस्थ मंदिरों अथवा किसी सदस्य के घर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि चौबे कालोनी केंद्र की महिलाओं ने चारुशीला देव के घर पर राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मनीषा वडवंडकर, अपर्णा कालेले, अंजलि वैद्य, गौरी क्षीरसागर, अक्षता पंडित, स्वाति डबली, प्राची डोनगांवकर, अवंति अग्निहोत्री, रोहिणी नेने, सुधा बक्षी और अर्चना मुकादम प्रमुख रुप से उपस्थित रहीं। मंडल की सह सचिव मालती मिश्रा के मुताबिक तात्यापारा केंद्र की महिलाओं ने प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान प्रभा हिशीकर, निशा राहटगांवकर, उषा कुसरे, वर्षा डांगे, रेखा डोनगांवकर, सुषमा भुजाडे, गीता आगलावे सहित कई महिला सभासद उपस्थित रहीं। इसी तरह बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का 10- 10 बार पाठ किया गया। इस दौरान हेमा पराडकर, अंजलि नलगुंडवार, ज्योति पावरे, सुचिता काले, रीता लोखंडे, सुनीता साठे, सुचिता देशपांडे प्रमुख रुप से उस्थित थीं।

महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाएं हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ करने के लिए जुटीं। महाराष्ट्र मंडल के तात्यापारा केंद्र की वरिष्ठ महिला सभासद दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में राम रक्षा स्त्रोत का पाठ करते हुए।

# महिला मोर्चा द्वारा किया गया सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा स्थानीय अम्बेडकर भवन में हरेली तीज के अवसर पर रविवार को सावन झूला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें किरंदुल की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम राधाकृष्ण के प्रतिमा को झूला में रखकर झुलाया गया तथा पूजा अर्चना के बाद का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।जिसके बाद मातृशक्तियों ने सावन झूला का आनंद लिया। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शालिनी कर्मा, रिंकू राजवंशी, मीरा तिवारी, सुनीता साहू, कोड़ेनार सरपंच मीना मंडावी,कमला साहू, सरस्वती डेहरिया, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, संयोजक राजेंद्र सक्सेना, शेखर दत्ता एवम महिला मोर्चा के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आयोजित हुआ आंजनेय विश्वविद्यालय का पहला स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





असफलता से कभी हार नहीं मानना चाहिए। असफलता से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि भविष्य में और बेहतर अवसर मिलें। यह बातें आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने शनिवार को आंजनेय विश्वविद्यालय के पहले स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि जब आप विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, तो पहले दिन से ही परीक्षाओं के लिए भी तैयारी करते रहें ताकि परीक्षा के समय किसी प्रकार का दबाव महसूस न हो इसलिए निरंतर तैयारी करते रहें। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दीं। साहेब ने कहा कि यह विश्वविद्यालय जिस उद्देश्य से गरीब और ग्रामीण बच्चों की सहायता कर रहा है, वह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह विश्वविद्यालय भविष्य में पूरे भारत के शीर्ष दस विश्वविद्यालयों में अपनी जगह बनाएगा। स्थापना दिवस के मौके पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उद्देश्य के साथ विश्वविद्यालय की नींव रखी गई थी, वह लगातार अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय ने अपने पहले वर्ष में ही अकादमिक और शैक्षणिक कार्यों में उत्कृष्टता का परिचय दिया है। एक छात्र, एक खेल की नीति पर भी कार्य किया जा रहा है। हमारा विश्वविद्यालय शोध कार्यों में भी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और साथ ही कमजोर से कमजोर वर्ग की शिक्षा पर भी ध्यान दे रहा है, ताकि शिक्षा के क्षेत्र से कोई भी वंचित न रह सके। डायरेक्टर जनरल डॉ. बी. सी. जैन ने अपने विद्यार्थियों को आशीर्वचन दिए और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के विज़न और मिशन को रखते हुए विद्यार्थियों से कहा कि जो सपने आपने देखे हैं, उन्हें पूरा करने में आंजनेय विश्वविद्यालय आपकी मदद करेगा। बड़े सपनों के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी, जिसके लिए आपको अपनी क्षमता के अनुसार स्वयं को विकसित करना होगा। लगातार प्रयासरत रहें और सफलता के लिए अपने कम्फर्ट ज़ोन से बाहर आने की आवश्यकता है।

# सर्व सनातन समाज किरंदुल ने की बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा, राष्ट्रपति के नाम देंगे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com




कभी अखंड भारत का हिस्सा रहे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में तख्ता पलट के पश्चात कट्टरपंथियों द्वारा जिस तरह से हिंदूओं पर अत्याचार किये जा रहे हैं। मंदिरों, घरों को जिस प्रकार से तोड़े जा रहे हैं, महिलाओं पर बर्बरता तथा सामूहिक हत्याकांड की जघन्य वारदातों के विरोध में किरंदुल के सर्व सनातन समाज द्वारा निंदा पारित करते हुए हिंदूओं के जीवन एवं अस्मिता की रक्षा, उनके घरों, मंदिरों के संरक्षण के लिए उचित कार्रवाई हेतु भारत की महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम पर तहसीलदार बड़े बचेली को ज्ञापन दिया जाना नियत किया गया है तथा बुधवार 14 अगस्त की संध्या बंगाली कैम्प के श्री दुर्गा मंडप से बस स्टैण्ड किरंदुल तक पैदल मार्च निकाला कर हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन हेतु नगरपरिवार के समस्त सदस्यगणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस अवसर पर सर्व सनातन समाज के समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण, नगरपरिवार के समस्त समाजों के पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित थे।

# शिव सेना जिला उपाध्यक्ष हीरामणी यदु के नेतृत्व में हिंदुत्व के ऊपर हो रही अत्याचार नहीं सहेंगे



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय परिहार के आदेश पर प्रदेशभर में पुतला दहन किया जा रहा है इसी दौरान शनिवार को भाटापारा शहर में शिव सैनिकों ने बांग्लादेशी आतंकवादियों का पुतला दहन किया। यदु ने बताया कि जिस प्रकार वहां हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है, हिंदुओं की निर्मम हत्या, मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। इसका छत्तीसगढ़ शिवसेना पुरजोर विरोध करती है। साथ ही उनकी सुरक्षा की मांग करते है। इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, महासचिव राजेंद्र वर्मा विधानसभा अध्यक्ष सुरज कारिया, उपाध्यक्ष आत्माराम नेताम, शहर महासचिव गुलशन सेन, सनत देवांगन, उपाध्यक्ष संतोष सेन्डे, ग्रामीण उपाध्यक्ष नेतराम निषाद, मिडिया प्रभारी सुरेंद्र यदु, भानु नेताम, रामायण नेताम, दयाराम यादव आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# इंडोर स्टेडियम में 13 अगस्त को जोहार तिरंगा का रंगारंग आयोजन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित इंडोर स्टेडियम में जोहार तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संध्या 6 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर देश के जाने माने गायक कैलाश खेर एवं साथियों द्वारा संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी जाएगी। जोहार तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह आयोजन छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम न केवल देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करेगा बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को भी उजागर करेगा।

## तेंदूपत्ता सीजन 2024 में 36 हजार से अधिक संग्राहकों को 12 करोड़ रुपए से ज्यादा पारिश्रमिक राशि का हुआ भुगतान

# बस्तर के हरा सोना संग्राहकों को बैंक मित्र एवं बैंक सखियों से सीधे मिल रही पारिश्रमिक राशि

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता को हरा सोना माना जाता है, जो वनांचल के संग्राहकों की अतिरिक्त आय का मुख्य जरिया है। गर्मी के दिनों में जब ग्रामीणों के पास न तो खेतों में काम होता है और न ही घर में कुछ काम, तब इसी तेंदूपत्ता यानी हरा सोना का संग्रहण उन्हें मेहनत एवं संग्रहण के आधार पर भरपूर पारिश्रमिक देता है। वनांचल में रहने वाले ग्रामीणों के लिये तेंदूपत्ता के प्रति मानक बोरा की दर में हुई वृद्धि भी खुशियां जगा दी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा राशि 5500 रुपए किए जाने के बाद संग्राहकों में अपार खुशी है। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि स्थानीय स्तर पर बैंक सखियों के माध्यम से भुगतान होने के फलस्वरूप विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के संग्राहकों को बहुत सहूलियत हो रही है। बस्तर जिले के अंदरूनी ईलाके के संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि का भुगतान बैंक मित्र और बैंक सखियों के माध्यम से किया जा रहा है। बस्तर में तेंदूपत्ता सीजन 2024 में संग्रहित तेंदूपत्ता का 36 हजार 229 संग्राहकों को 12 करोड़ 43 लाख 95 हजार 749 रुपए पारिश्रमिक राशि अपने गांव के बैंक मित्र एवं बैंक सखियों द्वारा भुगतान की गयी है। बैंक मित्र पखनार रामो कुंजाम ने बताया कि वह ईलाके के 05 ग्राम पंचायतों के 250 से ज्यादा तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता पारिश्रमिक राशि का भुगतान कर चुके हैं। वहीं लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के कस्तूरपाल के बैंक मित्र सामू कश्यप ने 50 से अधिक संग्राहकों तथा बस्तर विकासखण्ड के भानपुरी की बैंक सखी जमुना ठाकुर ने 56 से ज्यादा संग्राहकों को भुगतान किया है। वहीं बकावंड ब्लॉक के डिमरापाल की बैंक सखी तुलेश्वरी पटेल अब तक डिमरापाल एवं छिंदगांव के 90 से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान कर चुकी हैं। वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला सहकारी यूनियन जगदलपुर उत्तम गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी 07 विकासखण्डों के अंतर्गत 15 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के कुल 36 हजार 229 संग्राहकों को 12 करोड़ 43 लाख 95 हजार 749 रुपए पारिश्रमिक राशि अपने गांव के बैंक मित्र एवं बैंक सखियों से भुगतान किया जा रहा है। जिसके तहत लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के 13 ग्राम पंचायतों के 1947 संग्राहकों को 79 लाख 47 हजार 665 रुपए, तोकापाल विकासखण्ड के एक ग्राम पंचायत के 76 संग्राहकों को 03 लाख 36 हजार 193 रुपए,बास्तानार ब्लॉक के 22 ग्राम पंचायतों के 1831 संग्राहकों को 79 लाख 69 हजार 995 रुपए,बस्तर विकासखण्ड के 65 ग्राम पंचायतों के 10 हजार 78 संग्राहकों को 02 करोड़ 68 लाख 72 हजार 736 रुपए, दरभा ब्लॉक के 21 ग्राम पंचायतों के 1782 संग्राहकों को एक करोड़ 37 लाख 71 हजार 934 रुपए तथा बकावंड विकासखण्ड के 86 ग्राम पंचायतों के 16 हजार 510 संग्राहकों को 05 करोड़ 45 लाख 47 हजार 614 रुपए पारिश्रमिक राशि का भुगतान स्थानीय बैंक सखियों द्वारा किया जा रहा है। जिससे जहां ग्रामीण संग्राहकों को भुगतान प्राप्त करने में सुविधा हुई,वहीं इन बैंक सखियों को भी अच्छी कमीशन राशि मिली।

# बिना कागजात व तीन सवारी वालों पर पुलिस द्वारा की गई चालानी कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के निर्देश पर एसडीओपी कपिल चंद्रा व थाना प्रभारी प्रह्लाद कुमार साहू के मार्गदर्शन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु किरंदुल पुलिस टीम द्वारा रामपुर कैम्प में वाहन चेकिंग कार्य किया गया।जिसमें बिना कागजात, हेलमेट,नो पार्किंग व मोटरसाइकिल में तीन सवारी चल रहें 18 लोगों पर 300-300 रु का चालान किया गया।साथ ही तीन सवारी न चलने हेलमेट का उपयोग करने हेतु समझाईश दिया गया।मौके पर एएसआई अनिता चौधरी एवम पुलिस बल मौजूद था।

# बेहतर होती सुविधाओं के लिए पुनः जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र हुआ जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाज़ार नगर में स्थित जिला अस्पताल को एक बार पुनः राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र ज़ारी हुआ है एल। इसके लिए माह जून 2024 में अस्पताल में दी जा रही सेवाओं का तीन दिवसीय परीक्षण राष्ट्रीय स्तर से आई जाँच टीम ने किया। इस टीम में भुवनेश्वर से डॉ सुब्रज्योति राव, लखनऊ से डॉ रूपेंद्र कुमार और दिल्ली से ऋतु नायर सम्मिलित रहे जिन्होंने अस्पताल के 15 विभागों का बहुत ही बारीकी से निरीक्षण किया तथा मार्किंग की। परीक्षण के बाद अंतिम रूप से जिला अस्पताल उक्त मानकों पर खरा उतरा और प्रमाण पत्र जारी हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इसकी पूरी तैयारी की गई। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र जिसे एन क्यू ए एस भी कहा जाता है, अस्पतालों में दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता जाँचने की भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा शुरू की गई मूल्यांकन व्यवस्था है। किसी संस्था को उक्त प्रमाण पत्र मिलना बेहतर होती सुविधा को प्रकट करता है। जिला अस्पताल में इस एन क्यू ए एस के अंतर्गत परीक्षण के लिए 15 विभागों जैसे- आई पी डी, ओपीडी, आपातकाल, मैटरनिटी, लेबर, फार्मेसी, ब्लड बैंक, रेडियोलॉजी, लैब, ओटी, एस एन सी यू आदि के 8 क्षेत्रों की जाँच की गई हैं- सर्विस व्यवस्था मरीज के अधिकार, इनपुट,सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विस संक्रमण नियंत्रण तथा आउटकम। जिला अस्पताल को एनक्यूएएस के साथ-साथ लक्ष्य का भी प्रमाण पत्र हासिल हुआ है जो मातृ और शिशु स्वास्थ्य हेतु निर्धारित है। सीएमएचओ के अनुसार निरीक्षण के लिए आई टीम ने अस्पताल के कुछ विभाग जैसे विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू), पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) एवं आपातकालीन को सबसे अधिक सराहा है। एक अस्पताल की सबसे विशेष उपलब्धि आपातकाल स्थिति में मरीज को दी जाने वाली बेहतर सुविधा होती है ऐसे में निरीक्षण टीम द्वारा आपातकालीन व्यवस्था की भी सराहना की गई। आपातकालीन सेवा को सौ में 98.88, एसएनसीयू को 95.48 और एनआरसी को 94.86 नंबर प्राप्त हुए हैं। पूरे जिला अस्पताल को 91.92 नंबर प्राप्त हुआ है। गौरतलब है की जिला अस्पताल को इससे पूर्व भी इस हेतु यह प्रमाण पत्र मिल चुका है। नया प्रमाण पत्र गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को ज़ारी रखा गया है यह प्रकट करता है। अस्पताल में अभी लगभग 200 स्टाफ कार्यरत हैं। स्त्री रोग,सर्जरी, मेडिसिन, नाक-कान- गला, मानसिक स्वास्थ्य, हड्डी रोग, नेत्र रोग, बाल्य रोग जैसे प्रमुख विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवा दे रहे हैं। अस्पताल में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, डायलिसिस जैसी सुविधा दी जा रही है। जबकि एमआरआई की स्वीकृति मिल चुकी है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा और अस्पताल सलाहकार रीना सलूजा ने इस उपलब्धि का श्रेय सिविल सर्जन तथा सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में अस्पताल के सभी डॉक्टर और स्टाफके टीम वर्क को दिया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिला अस्पताल की इस उपलब्धि पर संतुष्टी ज़ाहिर करते हुए अस्पताल को आम-जनता की सेवा हेतु तत्पर रहने को कहा है और सभी को बधाई दी है। विदित हो कि एन क्यू ए एस के दौरान निरीक्षण टीम ने कलेक्टर से भी भेंट कर कई विभागों की प्रशंसा की थी।

# विश्व आदिवासी कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

## आदिवासी लोक-संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने समा बांधा

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद/बागबाहरा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ राज सुअरमाल एवं कंवर पैंकरा समाज सर्कल रेवा- मोंगरापाली महासभा खल्लारी के तत्वावधान में विश्व आदिवासी दिवस को धूमधाम से मोंगरापाली (रेवा) में मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज को व्यवसायिक, आर्थिक व राजनैतिक क्षेत्र में सबल बनने के लिए सबसे पहले शैक्षणिक विकास की आवश्यकता है। सर्व आदिवासी समाज के लिए मोंगरापाली ग्राम में ढाई एकड़ जमीन आरक्षित कर सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने की अपनी मंशा को जगजाहिर किया हैं। आदिवासी समाज द्वारा मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव के हाथ से आदिवासी समाज के इंजीनीयर, डाक्टर के प्रथम श्रेणी में डिग्री हासिल करने वाले एवं बारहवीं-दसवीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसके पूर्व प्रातः10 बजे से आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा आदिवासी ईष्ट देवी देवताओं का विधि-विधान से पूजा-पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा देखते ही देखते कार्यक्रम स्थल वृहद क्षेत्र मोंगरापाली सोसायटी परिसर में आदिवासी जनसैलाब उमड़ पड़ा। छः हजार के तादाद में आदिवासियों के जनसैलाब के बीच में कलाकारों द्वारा आदिवासी लोकसंस्कृति पर आधारित विभिन्न गीत-संगीत के माध्यम से नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। यह कार्यक्रम मानो ऐसा लग रहा था कि पूरे आदिवासी समाज खुशी में झूम उठे हैं। आदिवासी एकता का स्वरुप स्पष्ट झलक रहा था।आदिवासी लोकगीत के नृत्य-संगीत के कलाकार बहुतायत संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए थे। जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रातः 10.30 बजे से लेकर रात्रि 7 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। अतिविशिष्ट अतिथि छ.ग. सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष एवं जनपद सभापति थानसिंग दीवान ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज की संगठन की ताकत ही विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी के लिए सर्वोपरि है।अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम सिंह दीवान ने शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आदिवासी संगठन में और अधिक मजबूती लाने की जरुरत पर बल दिया है। अखिल भारतीय गोंड़ समाज 18 गढ़ के केन्द्रीय महामंत्री मनोहर ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में मानव जीवन को संतुलित रखने के लिए आदिवासी संस्कृति-सभ्यता, रीति-रिवाज, रहन-सहन के साथ-साथ प्रकृति पूजक को अपनाना हर वर्ग के लिए आवश्यक हो गया है। यही संदेश विश्व आदिवासी दिवस से मिलता है।

# अखंड पाठ के समापन पर हुआ लंगर

## विश्व जनकल्याणार्थ 60 वर्षों से किया जा रहा पाठ



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

अखंड पाठ साहब के आयोजन में केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश महामंत्री रामू जगदीश रोहरा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, के अलावा श्रीचंद सुंदरानी रायपुर विधायक शरीक हुए। वहीं नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी भी मौजूद रहे । रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा नगर के पुण्य सिंधी पंचायत भवन में तीन दिवसीय अखंड पाठ साहब का आयोजन किया गया। यह धार्मिक आयोजन बीते 08 अगस्त से शुभारंभ हुआ था, जिसका समापन दस अगस्त को सुबह 11 बजे से भोग आरती, अरदास के साथ किया गया, वही दोपहर 01 बजे से आमलंगर की ब्यवस्था की गई। इस धार्मिक आयोजन में धर्म से जुड़े अनुयायी काफी संख्या में शरीक हुए। इस धार्मिक आयोजन में शरीक अतिथियों का सामाजिक गणों ने आत्मीय स्वागत किया। वहीं अतिथिगण इस धार्मिक आयोजन में शरीक होकर धार्मिक अनुष्ठान का लाभ उठाया। अखंड पाठ भोग साहब व भंडारा कार्यक्रम में कटनी की विश्व प्रसिद्ध बालक मंडली का भजन कीर्तन से धर्म प्रेमी मंत्रमुग्ध हो गए वही इस धार्मिक आयोजन में भारी तादाद में धर्म प्रेमी शरीक होकर प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में शरीक हुए प्रदेश के विभिन्न स्थलों के आंगतुक आतिथीयो का समाज से जुड़े लोगों ने आत्मीयता के साथ स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस धार्मिक आयोजन की सफलता में समाज प्रमुख शमन लाल, खुबचंदानी, राजेश सेतपाल, परमानंद बालचंदानी, रामचंद्र, धनराज खत्री, रमेश सेतपाल, हीरानंद भोजवानी, राजकुमार सुखवानी, कन्हैया जोतवानी, सहित महिला विंग की टीम का विशेष योगदान रहा। गौरतलब हो कि यह धार्मिक अनुष्ठान विश्व जनकल्याणार्थ विगत 60 वर्षों से अनवरत पूज्य सिंधी पंचायत तिल्दा केंप में किया जा रहा है।

# आकस्मिक गिरदावरी निरीक्षण करने फिल्ड पर पहुंचे कलेक्टर

## शुद्धतापूर्ण गिरदावरी के लिए पटवारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पौंसरी के खेतों में अकस्मात पहुँचकर गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटवारी, आर.आई. व तहसीलदार को त्रुटिहीन एवं शुद्धतापूर्वक गिरदावरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों से गिरदावरी कार्य एवं खेती- किसानी के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्राम पौंसरी में मौके पहुँचकर खसरा नंम्बर 44/1 किसान रामचंद्र, खसरा नंबर खसरा नम्बर 43किसान गीता बाई, खसरा नंबर 44/2 किसान अमरनाथ वर्मा के खेतों में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पटवारियों द्वारा दर्ज की जाने वाले रिकॉर्ड खसरा पांचसाला का रैंडम जांच किया। उन्होने कहा कि गिरदावरी में रकबा और फसल का सही-सही अंकन हो। गिरदावरी के दौरान मौक़े पर उपस्थित किसानों से गिरदावरी के बारे में बताएं। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शासन की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान उन्होंने छुट्टा घूमने वाले मावेशियों के नियंत्रण के लिए पटवारी,सरपंच-सचिव को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ज्ञाताव्य है कि राज्य शासन के निर्देश के अनुसार 1 अगस्त से गिरदावरी शुरू हुआ है जो 30 सितम्बर तक चलेगा। कलेक्टर सोनी ने समय सीमा में गिरदावरी का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान एस डीएम अमित कुमार गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल सहित अन्य अधिकारी -कर्मचारी मौजूद थे।

# शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वालों पर पुलिस की कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 10.08.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 04 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना सुहेला, सिमगा, हथबंद एवं थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 01-01 आरोपी को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है। आरोपियों के नाम ईश्वर उम्र 24 साल निवासी ग्राम खोलवा थाना भाटापारा ग्रामीण, आकाश उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 12 सिमगा थाना सिमगा, चंद्रगोपाल उम्र 52 साल निवासी ग्राम शिकारी केसली थाना सुहेला, प्रदीप उम्र 40 साल निवासी ग्राम सीतापार थाना हथबंद।

# डायरिया प्रभावित ग्राम करमदा पहुंचे कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी विकासखण्ड बलौदाबाजार के अंतर्गत डायरिया प्रभावित ग्राम करमदा पहुंचे। उन्होने गांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए मेडिकल कैम्प में भर्ती मरीजों का जायजा लिया और डायरिया की स्थिति की जानकारी बीएमओ से ली। बीएमओ डॉ अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है। वर्तमान में 11 मरीजों का ईलाज जारी है जबकि 13 का डिस्चार्ज किया गया है। बेहतर ईलाज हेतु 2 मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कलेक्टर सोनी ने गांव में डायरिया को और फैलने से रोकने के लिए सभी नलकूपों में पानी की जाँच कराने तथा पानी को उबालकर पीने एवं ताज़ा भोजन का सेवन करने के सम्बन्ध में ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कैम्प में जरुरी दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता तथा मेडिकल स्टॉफ की संख्या बढ़ाकर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्टॉफसहित एम्बुलेंस कि भी तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने बीएमओ को गांव में रहकर स्थिति पर पूरी तरह निगरानी रखने तथा डायरिया को और न फैलने देने के सभी उपाय सुनिश्चित करने कहा। गौरतलब है कि विगत शुक्रवार की रात करमदा के कुछ ग्रामीणों को उल्टी -दस्त की शिकायत पर मेडिकल टीम द्वारा तत्काल पहुँच कर जाँच उपचार किया गया जिसमे डायरिया प्रकरण होने पर वहां कैम्प लगाकर मरीजों की भर्ती कर ईलाज किया जा रहा है। मरीजों के ठीक होने पर डिस्चार्ज किया जा रहा है।

# झूम तराना महोत्सव में शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कृष्णा पब्लिक स्कूल और उनके ग्रुप के द्वारा झूम तराना महोत्सव का 4 दिवसीय कार्यक्रम रखा गया। जिसमे राष्ट्रीय स्तर की कला संगीत की सोलह विधाओं एवं छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर माता सरस्वती का आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कार्यक्रम की शुरुआत किए। अग्रवाल सभी बच्चों से मिले और उनके कला का सराहना भी किया और कहा कि गुरु हमेशा सही मार्ग बताते है उनका डांटना और मारना भी हमारे लिए अच्छा है जिस प्रकार सोने को अधिक चमकाने के लिए उसे अधिक गर्म करना पड़ता है उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को सही मार्ग बताने वाला होता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ी सांस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक डॉ. राकेश मिश्रा, अर्चना मिश्रा, अपर्णा त्रिपाठी, शुभम, मुरारी काबरा, जगदीश्वर चरण शर्मा, सचिन शर्मा सहित कृष्णा पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# सब जूनियर कुराश नेशनल में रोशन ने जीता काँस्य

## सहारनपुर मे आयोजित नेशनल कुराश मे रोशन ने ब्रॉज मेडल



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

द इंडियन कुराश ऐसोशियशन द्वारा सब जूनियर कुराश की राष्ट्रीय प्रतियोगिता 4 अगस्त से 7 अगस्त को सहारनपुर मे सम्पन्न हुआ। कुराश एसोसियशन आफ छत्तीसगढ़ के सचिव विवेकराज सिंह ने बताया की इस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ के 26 खिलाड़ी शामिल हुए थे। जिसमे भाटापारा के 3 खिलाड़ी प्रतिभागी रहे। इस प्रतियोगिता मे 14 वर्ष बालक की 40 किलो वजन मे भाटापारा के रोशन ध्रुव पिता राधेश्याम ध्रुव ने पंजाब मणिपुर मध्यप्रदेश एवं उत्तराखंड को हराकर काँस्य पदक जीता। इनके इस उपालब्धि पर द इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर व महसचिव विक्रांत कुमार ने बधाई दी तथा कुराश एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ से टेक्निकल डायरेक्टर परिचय मिश्रा, व्यायाम शिक्षक अलोक गुप्ता अमित तिवारी शरद पंसारी योगेश कटलिहा तरुण सेन भूमेश पाण्डेय चंद्रकांत बांगड़े उमा राठौर अखिलेश यादव दीपक कन्नौजे संस्कार सोनी आदि ने हर्ष व्याप्त किया।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुरखी में 5 अगस्त 2024 को मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत स्वीकृत नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण हुआ, ग्राम सरपंच पोषण यादव की अध्यक्षता में भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया, समारोह में शाला की प्रधान पाठिका यादव द्वारा अतिथि शिवरतन शर्मा का स्वागत तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह के साथ किया गया, कोषाध्यक्ष ग्रामीण मंडल भाजपा पवन वर्मा रोहित साहू घनाराम ध्रुव जगदीश ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुदर्शन बंजारे भी विशेष अतिथि के रूप में शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किए गए, समारोह में शिवरतन शर्मा ने बच्चों के साथ आपसी बातचीत की उनकी समस्याएं सुनी। उचित मार्गदर्शन दिए, एवं भविष्य में आवश्यक सहयोग के आश्वासन भी दिए, कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शाला सुर्खी के प्रधान पाठिका इंद्राणी साहू द्वारा किया गया, बीआरसीसी लेखराम साहू का कार्यक्रम में सराहनीय योगदान रहा, भवन निर्माण के ठेकेदार दीपक सिंग ने इस अवसर पर शाला में न्योता भोज दिया। जिसमें विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के साथ खीर पूरी समोसा, जलेबी, केला, मिठाई व मिक्सचर, परोसा गया। शाला की ओर से प्रधान पाठक ने अतिथियों को धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया, लोकार्पण समारोह में संकुल बिजराडीह प्राचार्य दर्शन ठाकुर, ग्राम सुर्खी के वरिष्ठ जन सभी बच्चे, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# निहाल व पलक का एकलव्य आदर्श विद्यालय में चयन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com





संकुल केन्द्र कन्या बिल्हा के शैक्षिक समन्वयक केशव वर्मा के मार्गदर्शन व संरक्षण में जनपद प्रा. शाला बिल्हा के नवाचारी शिक्षक कलेश्वर साहू और राजेश यादव शास.प्रा. शाला बोहरडीह द्वारा बिल्हा क्षेत्र के बच्चों के आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, सैनिक स्कूल, एकलव्य आदर्श विद्यालय हेतु निःशुल्क कोचिंग कराया गया जिसमें से इस सत्र 2024 - 25 में कुमारी हर्षिता गोस्वामी पिता बजरंग गोस्वामी का नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयन हुआ। जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के निहाल ध्रुव पिता नरेन्द्र ध्रुव एवं कुसुम पब्लिक स्कूल बिल्हा के पलक मिंज माता शारदा मिंज का एकलव्य आदर्श विद्यालय कक्षा छठवीं हेतु चयन हुआ है इन दोनों के चयन होने से बिल्हा नगर में उत्साह देखा जा रहा है। इस निः शुल्क कोचिंग के संचालन में केशव वर्मा शैक्षिक समन्वयक कन्या बिल्हा, साधराम मरकाम प्रधान पाठक, पुनीराम साहू, नीलम सूर्यवंशी, श्वेता केशरी, का सहयोग रहा। केशव वर्मा शैक्षिक समन्वयक ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चों तक शिक्षा विभाग योजनाओं का लाभ पहुंचाना है जिसका परिणाम हमारे बीच निहाल और पलक मिंज के रूप में देखने को मिल रहा है। शाला के प्रधान पाठक साधराम ने बताया कि कलेश्वर साहू व राजेश यादव द्वारा शाला समय के पश्चात्शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक निः स्वार्थ भाव से सेवा किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय व प्रशंसनीय है। निहाल ध्रुव जनपद प्राथमिक शाला का पहला विद्यार्थी है जिनका चयन एकलव्य आदर्श विद्यालय में हुआ है। निहाल ध्रुव इस सत्र एशिया के सबसे बड़े ब्लॉक बिल्हा से बालक वर्ग से एकलव्य आदर्श विद्यालय में चयन होने एक मात्र छात्र है। शिक्षक कलेश्वर साहू ने बताया कि हमें एकलव्य विद्यालय के लिए हमने पहला प्रयास किया और इसमें शत प्रतिशत सफल भी हुए उन्होंने यह भी बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 का नोटिफिकेशन जारी हो गया जिसमें ऑनलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024, परीक्षा तिथि 18 जनवरी 2025 शनिवार है इसके लिए पात्रता कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत विद्यार्थी है जिनका जन्मतिथि 01 मई 2013 और 31 जुलाई 2015 के मध्य हो। आवेदक विद्यार्थी उसी जिले का निवासी हो जिस जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थित हो और उसी जिले में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हो। किसी भी शासकीय या निजी मान्यता प्राप्त विद्यालय में अध्ययनरत हो। राजेश यादव ने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी और उन्हें अपनी मेहनत और समर्पण से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। शिक्षा हमारे भविष्य की नींव है, जिसे हमें मजबूती से निर्माण करना चाहिए। मुश्किल नहीं है कुछ दुनिया में, तू जरा हिम्मत तो कर। ख्वाब बदलेंगे हकीकत में, तू ज़रा कोशिश तो कर। शाला समय के बाद निःशुल्क कोचिंग के इस समर्पित कार्य का जिले के अधिकारियों, शिक्षको, संगठनो व जन समुदाय द्वारा बहुत ही सराहना किया जा रहा है। इस सत्र निः शुल्क कोचिंग के क्लॉस आज 12 अगस्त से प्रारम्भ हो रहा। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, एकलव्य आदर्श विद्यालय के प्रवेश फॉर्म भरने या अन्य प्रवेश परीक्षा व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जैसे अन्य परामर्श निः शुल्क प्राप्त करने के लिए कलेश्वर साहू 7693081986 से प्राप्त कर सकते हैं।

# सुव्यवस्थित योजना बनाकर काम करें, तो छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन सकता है: सांसद विजय बघेल

- अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार करने संभाग स्तरीय संवाद में शामिल हुए जनप्रतिनिधि
- युवाओं, किसानों, महिलाओं, बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों ने रखे विचार




पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 अंतर्गत संभाग स्तरीय संवाद कार्यक्रम बीआईटी कॉलेज दुर्ग के ऑडिटोरियम में सफल आयोजन हुआ। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान राज्य नीति आयोग टीम द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन @2047 संबंधी प्रस्तुतिकरण किया गया। राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव के. सुब्रमण्यम ने कहा कि राज्य नीति आयोग द्वारा 'अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन @2047 दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी @2047 तक देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना है, जिसमें सामाजिक न्याय का होना बहुत जरूरी है। जनता की भागीदारी हर स्तर पर होनी चाहिए। हमें समावेशी विकास के साथ आगे बढ़ना होगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को साकार करने मे छत्तीसगढ़ राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। छत्तीसगढ़ राज्य मे भी 2047 तक सभी सेक्टर के त्वरित विकास को सुनिश्चित करने के लिए राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा अमृतकालः छत्तीसगढ़ विज़न @2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। सर्व समावेशी विजन-डॉक्यूमेंट तैयार करने के उद्देश्य से सभी नागरिकों से पोर्टल के माध्यम से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा सबसे अधिक सुझाव हमें दुर्ग जिले से पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हुआ है। इसके लिए उन्होंने दुर्ग जिलेवासियों को बधाई दी। 15 अगस्त 2024 तक इस पोर्टल के माध्यम से प्रेषित करने एवं 2047 तक छत्तीसगढ़ राज्य के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए तथा विभिन्न सेक्टरों मे चहुमुखी विकास हेतु अपना सक्रिय योगदान देने को कहा। राज्य नीति आयोग के संयुक्त संचालक डॉ. नीतू गौरड़िया ने कहा कि अमृतकालः छत्तीसगढ़ विज़न@2047 का उद्देश्य राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, ताकि उनके सुझावों से छत्तीसगढ़ को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके। सांसद विजय बघेल ने संभाग स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक राज्य विकसित नही होगा तब तक राष्ट्र विकसित नही होगा। छत्तीसगढ़ असीम संभावनाओं का प्रदेश है। देश के किसी और राज्य में इतने संसाधन और क्षमता नहीं है। यदि सुव्यवस्थित योजना बनाकर काम करें, तो छत्तीसगढ़ को देश का पहला राज्य बन सकता है। विजन-डॉक्यूमेंट तैयार करने के उद्देश्य से सभी नागरिक पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच लक्ष्य निर्धारित कर भारत को विकासशील देश से विकसित राष्ट्र बनाने की है, जिसमें युवा, महिला, किसान और गरीब समाज के हर व्यक्ति को समाहित किया गया है। सभी वर्गों के कल्याण के लिए केन्द्रीय बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इतिहास में पहली बार अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन @2047 विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए शौचालय एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण कराया, इससे गरीबों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया।

# माता होती है प्रथम गुरुः आचार्य डॉ.शर्मा

## जुनवानी संकुल में सफल शिक्षक-पालक मेगा बैठक, उठी हायर सेकेण्डरी का दर्जा देने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



जुनवानी संकुल के पांच स्कूलों की शिक्षक अभिभावक मेगा मीटिंग का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यालय जुनवानी में किया गया। प्राचार्य एवं संकुल अध्यक्ष वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस बैठक में 110 अभिभावक, 30 शिक्षक,15 बी.एड. शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साहित्य-संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा थे। स्वागत के उपरांत अपने उद्बोधन में डा. महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि लव-कुश की सीता, भरत की शकुन्तला और अभिमन्यु की सुभद्रा आदि माताओं के प्रमाणों से सिद्ध और प्रसिद्ध है कि माता ही प्रथम गुरु है। वहीं पशु-पक्षी और प्रकृति से भी बालक शिक्षित और सुसंस्कृत होते हैं। देश-विदेश के सफल शैक्षणिक भ्रमण कर चुके आचार्य डॉ.शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति में वैदिक काल से ही शिक्षकों और पालकों के बीच अभिन्न सम्बन्ध रहे हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाने और बढ़ाने में दोनों परस्पर पूरक हैं। इस दौरान प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी हमारी सन्तानों की तरह हैं, उनकी सफलता-असफलता में हमें भी पालकों की तरह खुशी और दुःख की अनुभूति होती है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि कृपया वे बच्चों से संवाद करें और रोज स्कूल भेजें। विधायक प्रतिनिधि अन्नू राणा और समाजसेवी मनोज तिवारी ने भी आयोजन पर प्रसन्नता जताई और कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और परिवार से प्राप्त संस्कारों से उनका भविष्य उज्जवल होगा। आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा और राणा ने बच्चों को न्योता भोज कराने का भी वादा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए प्रधान पाठक हरनारायण सिंह राजपूत ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों, मध्याह्न भोजन,निः शुल्क पाठ्य-पुस्तकों, गणवेश, साइकिल एवं शाला अनुदान की जानकारी दीं। प्रधान पाठिका रजनी शर्मा ने समारोह की बैठक व्यवस्था में सहयोग दिया। नोडल अधिकारी मुकेश वासनिक ने भी अपने विचार रखे। महत्त्वपूर्ण 12 मुद्दों पर क्रमशः ज्योति वासनिक, शैलेश चन्द्राकार एवं एन.कर्महे ने विस्तार से जानकारी दी। बालिकाओं ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और देशभक्ति गीतों से माहौल को रोचक बना दिया। मौके पर मेधावी छात्राओं तरिणी साहू, महिमा विश्वकर्मा एवं अंजलि को उनके माता-पिता के साथ शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

# महिला समूह एवं स्वच्छता दीदी द्वारा रैली निकालकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सफल बनाने जागरूकता अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के आदेश। जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्ग दर्शन में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम एवं निगम के स्वच्छता दीदी द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में तिरंगा रैली निकाल कर वार्डवासियों को प्रोत्साहित करने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया रैली का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और मुक्तेश कान्हा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु सामुदायिक संगठक निशा वर्मा द्वारा वार्ड क्रमांक 35 की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। अनु कसार (सामुदायिक संगठक) द्वारा वार्ड क्रमांक 15 और 17 में समूह की महिलाओं के माध्यम से रैली का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सुरेखा खुटेल द्वारा वार्ड क्रमांक 31 और 33 में, संतोष कसार द्वारा वार्ड क्रमांक 4 में अंजूलता देशमुख द्वारा वार्ड क्रमांक 53 तथा 54 में, लक्ष्मी ठाकुर द्वारा वार्ड क्रमांक 28 सुनंदा फुलझेले द्वारा वार्ड क्रमांक 47 में, वार्ड क्रमांक 59,60 में बिंदेश्वरी देशमुख द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया गया। शहर के विभिन्न मार्गो में हाथों में तिरंगा लेकर महिलाओं ने अलग-अलग वार्डो में हर घर तिरंगा अभियान को सफ्ल बनाने कार्य किया। सामुदायिक संगठकों द्वारा समूह की महिलाओं के माध्यम से निरंतर रैली किया जा रहा है। नगर पालिक निगम के विभिन्न वार्डों में महिला समूह एवं स्वच्छता दीदी द्वारा जा जाकर हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।बात दे कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत समूहों में कुल 22 रैली निकाली गई।

# ड्राई डे में जांच के दौरान घरों में मिला कुआं

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




नगर निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार ड्राई डे के अवसर पर घर-घर जाकर कुलर, गमले एवं पानी की जांच कर रही थी। उसी में पता चला की वार्ड क्रमांक 27 ओम किराना के पीछे जगत चौक डबरा पारा में घरों में लोगों ने कुआं बना के रखा है। जिसके पानी को मोटर लगाकर खींचते हैं। उसी से नहाना धोना, कपड़ा धोना, बर्तन धोना, इत्यादि का काम करते हैं। लेकिन उसके साफ सफाई में ध्यान नहीं देते हैं। कुएं को ढक कर रखते हैं। नगर निगम का टीम पानी की जांच की, गनीमत है जांच में उसमें लार्वा नहीं मिला ।कुएं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। घर मलिक को हिदायत दी गई पानी का उपयोग करने से पहले उसकी साफ सफाई करें। मच्छर का लार्वा कहीं भी पनप सकता है। जिसमें डेंगू मच्छर एवं अन्य मच्छर के अंडे हो सकते हैं, जो मच्छर का रूप लेकर के मलेरिया फैला देते हैं। जब घर-घर जाकर पूछा गया आठ कुआं मिला।

सभी कुआं को खुलावा करके उसमें ब्लीचिंग पाउडर डाला गया । सभी घर मालिकों को हिदायत दी गई की साफ सफाई बना कर रखें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों में जहां भी पानी जमा हो वहां साफकरें। जला हुआ मोबिल डालें घर में कुआं है तो उसको बराबर साफ -सफाई करना आवश्यक है। डेंगू का लार्वा साफ पानी में ही पनपता है। नगर निगम की टीम जब जाए तो उसे अवश्य बताएं कि मेरे घर में कुआं है। लोग छुपाते हैं, बताते नहीं है। कार्रवाई के दौरान जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, जोन के सुपरवाइजर अंजनी सिंह, सीआरपी की महिलाएं एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम लगी हुई है। उसे क्षेत्र के नालियों की भी सफाई गैंग लगाकर किया जा रहा है।

# आवारा घूम रहे पशुओ को पकड़ने का काम लगातार जारी




पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा लगातार सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओ को बैल, सांड, गाय, भैंस को पकड़कर शहरी गौठान में रखा जा रहा है। पशु मालिक जानवरो का दुध निकाल लेते है और जानवरो को खुले में छोड़ देते है। जिससे जानवर सड़को पर आकर बैठ जाते है एवं आपस में लड़ते रहते है। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। आवारा पशु पकड़ने का दल तीनो सिफ्ट में कार्यवाही कर रहा है। जानवरो को पकड़ने में भी बहुत परेशानी होती है, पकड़ते समय यह देखना पड़ता है जानवर, यात्री एवं पकड़ने वाले को कहीं चोट न लग जाये। यह सबसे बड़ी समस्या है। जानवर पकड़ने वाला कर्मचारी कन्हैया यादव ने बताया जानवर हमे और हमारी गाड़ी को पहचानने लगे है, हमे दूर से देखते ही जानवर भाग जाते है। कभी-कभी हम लोग खुद चोटिल हो जाते है। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी अनिल सिंह, राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जे.पी.तिवारी, बालकृष्ण नायडू एवं तोड़फोड़ दस्ता प्रमुख हरिओम गुप्ता अपने दल के सदस्यो के साथ जानवरो को पकड़ने का कार्य निरंतर कर रहे है।

# भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने विधायक रिकेश के जन्मदिन पर एक हजार रैनकोट किया गिफ्ट



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

वैशालीनगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में उनके सामाजिक अपील पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन द्वारा अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ज़रूरतमंद बच्चो के लिए 1000 रेनकोट उपहार स्वरुप दिया गया। इसी कड़ी में भिलाई ट्रक टेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रत सिंह छोटू यूनियन के तमाम पदाधिकारियों के साथ विधायक से मिलने भिलाई के नि होटल पहुंचे जहां हजार से अधिक रेनकोट विधायक को जन्मदिन के अवसर पर गिफ्ट कर कहा कि यह रेनकोट जरुरतमंद लोगो तक विधायक आपके माध्यम से लोगो तक पहुंचाएं। इस दौरान यूनियन के संरक्षक गनी खान, प्रभु नाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग (पप्पी),गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, अध्यक्ष इंद्रत सिंग (छोटू), कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लाला यादव वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगत सिंह, सुनील यादव, लाला भैया, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, रमन राव, आनंद सिंग, गुरमीत सिंग एवं एसोसिएशन के सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहें।

# तिरंगा के सम्मान में रैली, आयुक्त ने दिखाई झंडी



पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

देश व्यापी अभियान तिरंगा रैली नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में निकली गई। रैली में निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्य, पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि समेत निगम के ब्रांड एंबेसडर शामिल हुए। रैली को हरी झंडी निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिखाई। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व देश के सम्मान में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिला स्तर पर तिरंगा रैली का आयोजन निगम क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा कि रैली राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में है। देश के नागरिक होने के नाते हमे राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि 15 अगस्त को घरों में तिरंगा लगाए और दुसरो को प्रेरित भी करे। उन्होंने पैदल चलकर रैली को नगर भ्रमण के लिए मुख्य कार्यालय से रवाना किया। इस अवसर पर एम आई सी अनूप डे, पार्षद गजेंद्री कोठारी, ममता सिन्हा, रमा साहू, विधि यादव, शीला नारखेड़े, ब्रांड एंबेसडर रजनी रजक, विधायक प्रतिनिधि के रूप में शैलेंद्र शेंडे,राजू जघेल, दशरथ साहू, बी एस एफके जवान, निगम के अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

**रैली में सैकड़ों बाइक**-रैली में 100 से अधिक बाइक थी। रैली निगम मुख्य कार्यालय से होते हुए, कल्याणी मंदिर, रिसाली बस्ती, शिवाजी चौक, कृष्णा टाकीज रोड, जोहार चौक, डी पी एस चौक, पोस्ट आफिस रिसाली मार्ग, बी एस पी मार्केट, दशहरा मैदान, मरोदा सेक्टर, मैत्री गार्डन चौक, बी आर पी गेट होते वापिस निगम कार्यालय पहुंची।

# मनेंद्रगढ़ में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आयोजित तिरंगा रैली में हर घर तिरंगा फहराने की अपील




पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान के आदेश अनुसार शासन के दिशा निर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत खेडिया टाकीज तिराहा से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। विदित हो कि तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है। जिसे संवर्धित करने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह दिनांक 9 अगस्त से 15 अगस्त तक शहर के समस्त आमजनों से अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की जा रही है। साथ ही शासन के दिशा निर्देशानुसार 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे "सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ" कैंपेन अंतर्गत छठें सप्ताह में मुस्लिम कब्रिस्तान में साफ सफाई अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान ने समस्त नगरवासियों से अपने घरों एवम अन्य संस्थानों में दिनांक 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा फहराने की अपील की एवम बताया कि पूर्व सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी मुस्लिम कब्रिस्तान में साफ सफाई अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। बताया गया कि स्वच्छता अभियान में नगरवासियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान, उप अभियंता पवन कुमार साहू, राजस्व उप निरीक्षक शिवनारायण मिंज, सहा राजस्व निरीक्षक अमजद खान, ब्रांड एम्बेसडर सतीश द्विवेदी, विरेन्द्र श्रीवास्तव, सहा राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार, स्वच्छता प्रभारी विनोद चतुर्वेदी, सफाई दरोगा मुनताज अहमद, सेंटर प्रभारी मनीष कुशवाहा, मो यासिर, सुभाग सिंह, समस्त स्वच्छता दीदी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित हुए।

## वर्षा ऋतु में विहंगम दृश्य देखने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं सैलानी

# जिले के प्राकृतिक स्थल व जल प्रताप आकर्षित करते हैं पर्यटकों को

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ़
www.dailypioneer.com





एम.सी.बी जिले के प्राकृतिक स्थल एवं नैसर्गिक छटा यहां के घने वनों, ऊंची नीची पहाड़ियां एवं छोटी नदियों का उद्गम स्थल व जलप्रपात अनायास ही पर्याटकों को अपनी ओर लुभाता है जिससे जिले के साथ-साथ अन्य जिलों के सैलानी भी बड़ी संख्या पिकनिक मनाने अमृतधारा जलप्रपात, कर्म घोघा जलप्रपात, रमदहा जलप्रपात, बिहारपुर जलप्रपात आते है।

**अमृत धारा**-अमृत धारा जलप्रपात मेन्ड्रा की पहाड़ियों से निकलकर हसदेव नदी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से 18 किलोमीटर एवं ग्राम लाई से 8 किलोमीटर अंदर अमृतधारा गांव के पास लगभग 100 फीट ऊंचाई से गिरती है यह मनोरम दृश्य वर्षो से पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है यहां एक शिव मंदिर है जहां पर वन विभाग के द्वारा गेस्ट हाउस बनाया गया है

**बिहारपुर जलप्रपात**-बिहारपुर जलप्रपात मनेंद्रगढ़ जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर बिहारपुर ग्राम से 2 किलोमीटर अंदर हसदेव नदी के पुल पार कर जलप्रपात के पास पहुंचा जाता है, नदी का पानी लगभग 20 फीट ऊंचाई से गिरने के कारण प्रपात सा दिखाई पड़ता है और यह प्रपात के रूप में गिरते हुए जंगलों में प्रकृति के अनंत गहराइयों में चला जाता है।

**रमदहा जलप्रपात**-रमदहा जलप्रपात यह जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ से कठौतिया चुटकी भंवरखोह होते हुए रमदहा जलप्रपात (जनकपुर) पहुंचा जाता है बनास नदी पर चारों ओर पहाड़ तथा जंगलों से घिरा यह सुंदर मनोरम प्रपात है वर्षा ऋतु में यह काफी विशाल दिखाई देता है यहां नदी का पानी लगभग 60 फीट ऊंचाई से गिरता है और पर्यटकों को मदमस्त कर देता है।

**कर्मघोघा जलप्रपात**- कर्मघोघा जलप्रपात छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमा में मनेंद्रगढ़ से 10 किलोमीटर की दूरी पर इमली गोलाई साल्ही होते हुए कर्मघोघा जलप्रपात है इसकी मधुर ध्वनि संगीत के समान प्रतीत होती है यहां कर्मघोघेश्वर भगवान शिव का मंदिर है मंदिर से मात्र लगभग 50 फीट की दूरी पर नदी का पानी प्रपात के रूप में गिरता है यह पहाड़ियों तथा जंगलों से घिरा शांत स्थल है।

> एमसीबी जिले के प्राकृतिक जलप्रपात घने वनों और ऊंची पहाड़ियों के बीच स्थित होने के कारण पर्यटकों को आकर्षित करती है भारी बारिश के कारण जलप्रपातों का विहंगम दृश्य देखने को मिल रहा है इसमें पर्यटको को फोटो खींचने व सेल्फी लेते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि कोई दुर्घटना ना हो सके।
>
> **-डॉ विनोद कुमार पांडे**
> **जिला नोडल अधिकारी**
> **पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग**

# विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया तिरंगा रैली भी निकाली गई



पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 09 अगस्त 2024 को आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित जिले के सभी शासकीय छात्रावासों, प्रयास आवासीय विद्यालय तथा विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र में आदिवासी महापुरुषों से संबंधित शैक्षणिक एवं सामाजिक, समाज सेवा, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण, गीत संगीत, आदिवासी नृत्य, भाषण, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से आदिवासी समाज की संस्कृति/सभ्यता को कैसे एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी में हस्तांरित किए जाये, ऐसे संदेश देने वाले कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दुर्ग अरविंद कुमार एक्का, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास हेमंत कुमार सिन्हा तथा समाज के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शासन के मंशा अनुरूप हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत 09 अगस्त को तिरंगा रैली निकाली गई।



# फैमिली का प्यार और सम्मान ही हाउस वाइफ की सैलरी है, वे परिवार की रीढ़ होती हैं!

दिव्या खोसला को अगर विविधरंगी कलाकार कहा जाए, तो कुछ गलत न होगा। अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों से अपने एक्टिंग करियर का आगाज करने वाली दिव्या ने जब निर्देशक के रूप में यारियां बनाई, तो उनकी यह फिल्म 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई थी। बीते सालों में कई म्यूजिक विडियोज में काम कर चुकीं दिव्या को यारियां 2 में अपने रोल के लिए तारीफ मिली। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी फिल्म सावी को लेकर। उनकी यह फिल्म ओटीटी पर तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है। दिव्या का मानना है कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उनसे एक खास बातचीत।

**ओटीटी पर आने के बाद आपकी फिल्म सावी दुनिया भर के तकरीबन 15 से भी ज़्यादा देशों में नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है? आपको क्या लगता है, दर्शकों को इसमें क्या भाया?**

मुझे बेहद खुशी हो रही है कि दुनिया भर के 15 देशों में ये फिल्म ट्रेंड कर रही है और ग्लोबल ऑडियंस द्वारा देखी जा रही है। सही मायनों में ये मेरी पहली फिल्म है, जहां मुझे एक अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित करने का मौका मिला। मेरे निर्माता मुकेश भट्ट ने भी यही कहा था कि मुझे अभी तक मौका नहीं मिला है, मगर जब मौका दिया जाएगा, तभी मैं खुद को साबित कर पाऊंगी।

**कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है**

यह एक महिला प्रधान फिल्म है और पूरी जिम्मेदारी मुझ पर ही थी। अब जब ओटीटी पर इस फिल्म को इतना प्यार मिल रहा है, तो मैं खुश हूं कि मेरी मेहनत रंग लाई। इसकी कहानी ने लोगों को काफी कनेक्ट किया है। हमारे निर्देशक अभिनय देव ने इसे जिस थ्रिलर अंदाज में पेश किया, वो किरदार लोगों को पसंद आया। एक औरत और वो भी हाउसवाइफ का जेल तोड़ कर अपने निर्दोष पति को आजाद कराना लोगों को दिलचप्स लगा। एक हाउसवाइफ अपने परिवार के लिए जिंदगी भर खटती रहती है, मगर हम उसके एफर्ट्स को अहमियत नहीं देते। यह किरदार हमारे कल्चर के सत्यवान और सावित्री से लिया गया है, जहां सावित्री अपने पति सत्यवान की जान बचाने के लिए यमराज से लड़ गई थी। कहानी, किरदार और सभी कलाकारों का अभिनय लोगों को भा रहा है।

**फिल्म के अपने साथी कलाकार अनिल कपूर से आपने क्या सीखा?**

बहुत कुछ। काम को लेकर उनमें एक पैशन है। मैं भी उन्हीं की तरह जुनूनी हूं, तो उनके साथ काम करके बहुत मजा आया। उन्हें तो इंडस्ट्री में कई साल हो गए हैं, मगर इसके बावजूद काम को लेकर उनका लगाव जरा भी कम नहीं हुआ है। वे लगातार काम में लगे रहते हैं। मुझे याद है, अनिल कपूर जी के साथ शूटिंग का पहला दिन था। एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है। मेरी जिस फिल्म में भी एक्टर को चोट लगी है, वो फिल्म जरूर चली है। आज जब इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर सराहा जा रहा है, तो मुझे उनकी बात याद आ रही है। हालांकि शूटिंग में चोट लगने के बाद का दौर बहुत मुश्किल था। मेरा पूरा चेहरा छिल गया था। मैं पेनकिलर और स्टेरॉयड पर थी। मैंने दो दिन का ब्रेक लिया और फिर काम में लग गई।

एक्शन सीन में चोटिल हो जाने के कारण मैं सेट पर रो रही थी। बहुत दर्द हो रहा था। रात के ढाई बज रहे थे और अनिल जी मेरे पास आए और बोले कि पिक्चर हिट है



# फिर आई हसीन दिलरुबा की रिलीज से पहले तापसी ने दिया तीसरे भाग पर अपडेट, कनिका के साथ फिर मिलाएंगी हाथ

अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वे लगातार फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं। फिल्म में वे विक्रांत मैसी और सनी कौशल के साथ नजर आएंगी। वहीं अब हाल ही में फिल्म में रानी कश्यप की भूमिका निभा रही अभिनेत्री तापसी ने फिल्म के तीसरे भाग के बारे में संकेत दिए हैं। उन्होंने बताया है कि फिल्म के हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है। फिल्म की पटकथा लेखिका कनिका ढिल्लों के साथ भविष्य में आगामी परियोजना के बारे में उन्होंने संकेत दिए हैं।

फिल्म के प्रचार के दौरान हाल ही में तापसी ने स्क्रीन राइटर कनिका ढिल्लन के साथ अपनी भविष्य की योजनाओं का खुलासा किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या हसीन दिलरुबा 3 पर काम चल रहा है तो तापसी ने सकारात्मक टिप्पणी के साथ संकेत दिया कि न केवल तीसरा भाग, बल्कि प्रशंसक कई और किश्तें देख पाएंगे। उन्होंने यह भी बताया है कि वे चाहती हैं कि थ्रिलर फ्रेंचाइजी कभी खत्म न हो। तापसी ने कहा, मैं विक्रांत और सनी की तरह ज्यादा पढ़ती नहीं हूं, लेकिन मैं हसीन दिलरुबा के तीसरे भाग के लिए कनिका को किताब दूंगी। उम्मीद है कि हसीन दिलरुबा बार-बार आती रहेगी और कभी जाए ही ना। आप भविष्य में भी मेरे और कनिका के बीच कई सहयोग देखेंगे। अब हम ऐसी कई चीजों के बारे में सोच रहे हैं, जो हम साथ मिलकर कर सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिर आई हसीन दिलरुबा तापसी और लेखिका कनिका ढिल्लों के बीच पांचवां सहयोग है। अभिनेता-लेखक की जोड़ी ने पहले मनमर्जियां, हसीन दिलरुबा, रश्मि रॉकेट और डंकी में काम किया है। कनिका के साथ अपनी बहन जैसी बॉन्डिंग और केमिस्ट्री के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, हर गुजरते साल के साथ हम एक-दूसरे के साथ और भी ज्यादा स्कैंडलिंग होते जा रहे हैं। स्कैंडल्स तेजी से बढ़ रहे हैं।

# राम चरण की गेम चेंजर को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मेगा पावर स्टार राम चरण के सभी प्रशंसक इन दिनों उनकी आगामी फिल्म गेम चेंजर की हर जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। प्रशंसकों को उनकी फिल्म गेम चेंजर की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हैं। इस फिल्म से जुड़ी एक रोमांचक जानकारी सामने आई है, जिसे सुनकर राम चरण के प्रशंसक खुशी से झूम रहे हैं।**



गेम चेंजर एक आगामी भारतीय तेलुगु भाषा की राजनीतिक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन एस शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में राम चरण ट्रिपल भूमिकाएं निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, सुनील, समुथिरकानी और नासर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रशंसित शंकर शनमुगम द्वारा निर्देशित इस बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर में फिल्म में जो रोमांचक जानकारी सामने आई है कि अब गेम चेंजर की डबिंग का काम आज से शुरू किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की डबिंग का काम आधिकारिक तौर पर हैदराबाद में शुरू हो गया है, जिसमें मुख्य टीम ने पारंपरिक पूजा समारोह में भाग लिया। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत मशहूर निर्माता दिल राजू द्वारा निर्मित इस फिल्म में प्रतिभाशाली थमन द्वारा रचित साउंडट्रैक है। यह दिसंबर 2024 में स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, और सटीक रिलीज की तारीख जल्द ही बताई जाएगी।

# कृतिका ने किया ग्यारह ग्यारह के किरदार को यूं बनाया खास

अभिनेत्री कृतिका कामरा वेब सीरीज ग्यारह ग्यारह में अपना पुलिस ऑफिसर का अंदाज दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसके साथ वे इस सीरीज को लेकर उत्साहित भी हैं। सीरीज में उन्होंने डीएसपी वामिका रावत की भूमिका निभाई है। हाल ही में कृतिका कामरा अमर उजाला के शुक्ल पक्ष में ग्यारह ग्यारह के साथी राघव जुयाल और धैर्य करवा के साथ शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने सीरीज में अपने किरदार को लेकर दिलचस्प खुलासे किए और अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी मजेदार बातें बताईं। अभिनेत्री कृतिका कामरा ने ग्यारह ग्यारह वेब सीरीज की कहानी को लेकर कहा कि इसमें केस के बीच टाइमलाइन आपस में जुड़ रही है, लेकिन कोई टाइम ट्रैवल नहीं है और इसी वजह से उन्हें यह कहानी काफी दिलचस्प लगी, जिसके लिए उन्होंने तुरंत इस कहानी को हां कह दी। अपने किरदार और कहानी के बारे में दिलचस्प खुलासा करते हुए कृतिका ने बताया कि वे इस सीरीज में तीन केस सुलझाते करते हैं और दोनों ही टाइमलाइन में कृतिका का किरदार वहां मौजूद है। दोनों के बीच उम्र का भी अंतर है। ग्यारह ग्यारह बजने पर जो वॉकी-टॉकी का कनेक्शन होता है, वह काफी दिलचस्प है। यह सीन काफी मजेदार है, जिसे भारत में पहले कभी नहीं देखा गया है। कृतिका ने कहा कि उनके लिए यह किरदार काफी चैलेंजिंग था। उन्होंने कहा कि वे काफी अलग-अलग किरदार निभाना चाहती हैं। पहले गैंगस्टर का किरदार निभा चुकी हैं और अब इस सीरीज में डीएसपी का किरदार निभाने जा रही हैं। अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी बताते हुए कृतिका ने कहा कि वे बरेली में काफी कम दिन रही हैं। उनका कानपुर मध्य प्रदेश जैसी जगहों पर बचपन में खूब आना-जाना हुआ है और इतनी जगह पर रहने की वजह से ही उनकी हिंदी इतनी अच्छी हुई है। सीरीज में पुलिस वाली का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए कृतिका ने बताया कि यह किरदार काफी मुश्किल था। उन्होंने इससे पहले कई सीरीज और फिल्में देखी हैं, जिसमें अन्य अभिनेत्रियों ने महिला पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाई है, लेकिन वे किसी को कॉपी नहीं करती हैं, क्योंकि सबका किरदार और किरदार में घुसने की क्षमता अलग होती है। वे सभी के काम की प्रशंसा करती हैं, लेकिन अपने किरदार को लेकर वह चाहती हैं कि उनका किरदार असली लगे। जब पर्दे पर प्रशंसक उन्हें देखें तो कहें कि हां यह भी एक तरीका है किरदार को लोगों से जोड़ने का। इसके साथ ही कृतिका कामरा ने बताया कि उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर वेब सीरीज दहाड़ देखी है, जिसमें उन्होंने पुलिस ऑफिसर के किरदार में सोनाक्षी सिन्हा को देखा। उन्होंने काफी अच्छा अभिनय किया है। कृतिका उनकी तारीफ करती हैं, लेकिन वे चाहती हैं कि ग्यारह ग्यारह में उनका किरदार काफी अलग हो और उसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है।



# टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी श्रद्धा

इन दिनों श्रद्धा कपूर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म के प्रमोशन में लगातार व्यस्त श्रद्धा की कई फिल्में इस साल तो कुछ अगले साल रिलीज होंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा की आने वाली फिल्मों में स्त्री 2 के बाद स्त्री 3 से लेकर टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म शामिल है। यही नहीं बल्कि एक फिल्म में श्रद्धा कपूर नागिन के किरदार में भी नजर आ सकती हैं। सबसे पहले बात करते हैं श्रद्धा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 की। इस फिल्म में श्रद्धा के अलावा राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। स्त्री 2 अमर कौशिक द्वारा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियो के बैनर तले दिनेश विजन और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। अब बात करते हैं श्रद्धा कपूर की एक और आने वाली फिल्म की, जो टाइम ट्रेवल पर आधारित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा एक टाइम ट्रेवल पर आधारित फिल्म में नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म का नाम अभी तक तय नहीं हुआ है और ना ही फिल्म की बाकी स्टारकास्ट के बारे में कोई जानकारी सामने आई है, लेकिन इतना जरूर तय है कि इस फिल्म में श्रद्धा कपूर जरूर नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन नाम की फिल्म या फिर फिल्म में नागिन के किरदार में श्रद्धा दिखाई देंगी। यह किरदार पहले दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी ने निभाया था। हालांकि श्रद्धा कपूर के लिए यह रोल आसान होने वाला नहीं है। लेकिन, श्रद्धा को इस रोल में देखना वाकई दिलचस्प होगा। बता दें फिल्म के प्रोड्यूसर हैं निखिल द्विवेदी और डायरेक्टर विशाल फुरिया। फिलहाल, फिल्म के बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं हुई है।





# आईएफएफएम 2024 में चंदू चैंपियन का जश्न मनाएंगे कार्तिक

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन आखिरी बार फिल्म चंदू चैंपियन मं नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रुपये बटोरने में असफल साबित हुई थी। मगर फिल्म की कहानी ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था। ये फिल्म भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है। बताया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन और निर्देशक कबीर खान मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफएम) में इस फिल्म का जश्न मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## फैंस के साथ भी करेंगे सेशन

भारतीय फिल्म महोत्सव के 15वें संस्करण में कार्तिक आर्यन और कबीर खान के साथ एक फैन इंटरेक्टिव सेशन भी होगा। इसे लेकर दोनों 17 अगस्त को चंदू चैंपियन के बारे में लाइव दर्शकों से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सत्र में दोनों खिलाड़ी स्पोर्ट्स बायोपिक के निर्माण के बारे में बात करेंगे। वे इसमें आई चुनौतियों और मुरलीकांत पेटकर की कहानी को जीवंत करने के लिए आवश्यक असाधारण समर्पण के बारे में दर्शकों के साथ जानकारी साझा करेंगे।

## 15 से शुरू होगा आईएफएफएम


चंदू चैंपियन जून 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कार्तिक आर्यन ने फिल्म में मुरलीकांत पेटकर की भूमिका निभाई थी। अभिनेता ने अपने किरदार को बखूबी पर्दे पर उतारा। इसके लिए उन्हें खूब सराहना भी मिली। यह दूसरी बार होगा जब कार्तिक इस महोत्सव में शामिल होंगे। आईएफएफएम 15 अगस्त से शुरू होगा। उन्होंने पहली बार 2023 में भारतीय सिनेमा के उभरते वैश्विक भारतीय सुपरस्टार के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

## मितु भौमिक ने कही ये बात

महोत्सव के निदेशक मितु भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा, चंदू चैंपियन पर उनके सहयोग ने खेल बायोपिक के लिए एक नया मानक स्थापित किया है, जो दर्शकों को अपनी शक्तिशाली कहानी और कार्तिक आर्यन द्वारा दिए गए उनके असाधारण प्रदर्शन से प्रेरित करती है। मुझे यकीन है कि लाइव दर्शकों के साथ यह फैन इंटरेक्टिव सेशन काफी दिलचस्प होगा।

# यश ने शुरू की टॉक्सिक की शूटिंग, बोले- द जर्नी बिगिन्स

कन्नड़ अभिनेता यश ने अपनी बहुचर्चित फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू कर दी है। बता दें टॉक्सिक से पहले यश केजीएफ 2 में नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक की शूटिंग आज यानी 8 अगस्त से शुरू हो गई है। यश ने आज कुछ ही देर पहले सुबह एक तस्वीर साझा की और इसकी पुष्टि की। इस फिल्म की शूटिंग की शुरुआत आज से हो गई है। तस्वीर में यश एक नए लुक में नजर आ रहे हैं।उन्होंने एक्स पर फोटो साझा करते हुए लिखा, यात्रा शुरू हुई - टॉक्सिक। फिल्म केजीएफ 2 के बाद से ही यश के प्रशंसक फिल्म टॉक्सिक का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू करने से पहले यश ने कर्नाटक के कई मंदिरों में भगवान के दर्शन किए और उनसे अपनी फिल्म की सफलता के लिए आर्शिवाद लिया। इस दौरान यश के साथ फिल्म निर्माता वेंकट के. नारायण और उनके परिवार के सदस्य भी थे। यश ने श्री सदाशिव रुद्र सूर्य मंदिर, धर्मस्थल में श्री मंजुनाथेश्वर मंदिर और सुब्रमण्य में कुक्के सुब्रमण्य मंदिरों के दर्शन किए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यश अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक में एक शातिर अंडरवर्ल्ड नेता की भूमिका निभाते नजर आएंगे।



# सवारी से भरे पिकअप पलटी, एक की मौत, बारह घायल, इलाज जारी



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला के किरकी गांव के लोग एक पिकअप में भोरमदेव मंदिर दर्शन करने आए थे। पिकअप में 20 से अधिक लोग सवार थे। भोरमदेव मंदिर से दर्शन पश्चात् सरोदा बांध आ रहे थे बीच में सिंगपुर (हरमो)गांव के पास पिकप पलट गया जिसमे दस वर्षीय बालिका की मौत हो गई और बारह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल कवर्धा में इलाज जारी है।

## पुलिसिया कार्रवाई का आभाव

कबीरधाम जिला में माल वाहक वाहन से सवारी की दुलाई किया जाता है यह कोई नया बात नही है । पूर्व में भी 20 मई को कुकदुर थाना क्षेत्र के बाहपानी। में पिकअप पलटने से 19 लोगो की मौत हुई थी बावजूद पुलिस कार्यवाही नही करता जिसके परिणाम स्वरूप आज पुनः पिकप पलट गई और एक मासूम बेटी की जान चली गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

## ओवर लोड और तेज रफ्तार भी मौत का कारण

सड़को पर क्षमता से अधिक सवारी को भेड़ बकरियां की तरह भरकर सड़को पर दौड़ते देखे जा सकते हैं। व्यस्तम मार्ग से भी यह वाहन चलाई जाती है । इसकी जानकारी जिम्मेदारों को भी है बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते जिसके कारण लोग अपनी जान समय से पहले गवां रहे हैं।

## पिकअप चालक फरार

पुलिस अधिक्षक से मिले जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक C.G.25 M-3349 ग्राम किरकी , देवरबीजा पुलिस थाना बेमेतरा से करीब 20-22 लोग भोरमदेव दर्शन हेतु आये थे, दर्शन करके वापस जाते समय दोपहर करीब 03:30 ग्राम छपरी से सरोधा जाने वाले मार्ग में ग्राम सिंगपुर के पास वाहन पलट गया जिससे करीब 12 लोग घायल हो गये जिन्हे थाना भोरमदेव, डायल 112 एवं ट्राफिक के वाहन से इलाज हेतु कर्वधा जिला अस्पताल भेजा गया। घायलो में एक बच्ची की मृत्यु हो गई है शेष घायलों का इलाज जिला अस्पताल कर्वधा में हो रहा है सभी घायल खतरे से बाहर हैं। मृतिका का पंचनामा की कार्यवाही कवर्धा थाना से किया जा रहा है। यातायात चालू है। वाहन चालक फरार है।

# अमरकंटक से डोंगरिया और पंचमुखी बुढ़ा महादेव से भोरमदेव मंदिर तक गुंज रहा है हर-हर महादेव





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पवित्र श्रावण माह का आज चौथा सोमवार है। बीते इस पूरे माह में छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से लेकर मध्यप्रदेश की अमरकंटक तक बोल-बम, बम-बोल और हर-हर महादेव का गुंजायमान होने लगा है। ऐसी ही नजारा पड़ोंसी जिले बेमेतरा, मुंगेली और राजानांदगांव के सरहदी क्षेत्रों से आने वाले पदयात्रियों और कांवड़ियो में उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। इस बार अमरकंटक से मां नर्मदा की जल लाने वाले कांवड़ियों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। कांवड़ियो की बढ़ती संख्या को देखते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल एवं निर्देश पर ज़िला बोल बम समन्वय समिति और कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा कांवडियों की मूलभूत सुविधाओं, जैसे उनके ठहरने की व्यवस्था, उनके प्राथमिक स्वास्थ्य की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधा प्रदान किया जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के पहल एवं निर्देश पर ज़िला बोल बम समन्वय समिति के सदस्य पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, दौवा गुप्ता, सुधीर केशरवानी, निशांत झा अमरकंटक से लेकर कबीरधाम जिले में सावन मास में आने वाले श्रद्धालु और कांवरियों को मुलभूत सुविधाएं देने के लिए लगे हुए है। ज़िला बोल बम समन्वय समिति के सदस्यों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देश पर अमरकंट से आने वाले कांवरियों के विश्राम के लिए 20 से अधिक स्थानों में विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर के सपीम अलग अलग समाजिक भवन व विशेष वाटर फरुप टेंट लगाकर विश्राम शिविर बनाई गई है। श्रद्धालु और कावरियों को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए ज़िला बोल बम समन्वय समिति, जिला प्रशासन के पूरा अमला, कोटवार से लेकर प्रशासनिक अधिकारी, नगरीय निकायों के अमले और अन्य सुविधाएं सहित पुलिस के जवान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाने में लगे हुए है।

# डब्ल्यू बीएफ महिला इकाई ने मनाया सावन तीज मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

न्यू भवानी रेस्टोरेंट में डब्ल्यू बीएफ महिला इकाई बेमेतरा द्वारा सावन तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें डब्ल्यू बीएफ जिला बेमेतरा अध्यक्ष कनकलता मिश्रा एवं शहर अध्यक्ष रानी दुबे द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया कार्यक्रम में महिलाओं के मनोरंजन हेतु विभिन्न गेम और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मनोरंजन की इसी कड़ी में सावन सुंदरी प्रतियोगिता में मंजू शर्मा ने सावन सुंदरी का खिताब जीता एवम् एक अन्य गेम में मनीषा शर्मा विजेता रही उसके पश्चात मनीषा शर्मा एवं मंजू शर्मा द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया एवं कीर्ति तिवारी द्वारा शानदार गीत की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों और पेय पदार्थ की भी व्यवस्था डब्ल्यू बीएफ समूह द्वारा की गई थी। डब्ल्यू बीएफ समूह द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय प्रयास था जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शशि किरण, करुणा तिवारी और हमारी मिडिया प्रभारी अन्नपूर्णा दुबे ने अपनी हंसमुख अदाओं से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजना तिवारी, अन्नू पांडे, रानू दुबे, आशा तिवारी, श्वेता तिवारी, नीलिमा तिवारी, वंदना तिवारी उपस्थित रही।

# 15 वें वित्त आयोग से स्वीकृत 3.14 करोड़ की राशि से होगा दो तालाबों का सौन्दर्यीकरण

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद के अंतर्गत दो ग्राम जंजगिरी नेहरू तालाब एवं ग्राम रामपुर (चोरहा) नवा तालाब का सौन्दर्यीकरण करने के लिए नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव एवं विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अनुमोदन से केंद्र सरकार से आबंटित होने वाली 15 वें वित्त आयोग से 3.14 करोड़ की राशि की स्वीकृति मिल गई जिसमें है। कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू निषाद एवं नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी लोकेश साहू द्वारा सांसद के अनुमोदन को स्वीकृति दिलाने में विशेष सद्प्रयास किया गया, जिसमें उन्हें मिली सफलता पर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई है, पार्षद अरुण साहू, रागिनी निषाद, निश्चय वाजपेयी, राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकंडे, विनोद बंजारे, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, योगेश साहू, पी.एन. दुबे, गोल्डी



गोस्वामी, माखनलाल कोसरिया, सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, रामाधार शर्मा, दीपक चतुर्वेदी, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिन्हा, मिथिलेश यादव, छबी यादव, आलोक दुबे, गिरीश सोनी, सुजीत यादव, प्रणव श्रीवास्तव, विकास सोनकर, सुनीता कुर्रे, उमाकांत साहू, नारायण सोनकर, रीता पाण्डेय, तृप्ति चंद्राकर, राज कुमार सिंह, आशीष शुक्ला, मनहरण साहू, दीपक साहू, देवेंद्र साहू, मोहित साहू, रूपेश साहू पूर्व पार्षद मोंगरा साहू, नेम बती साहू, दिनेश साहू, झग्गर साहू, सुमित यादव, द्वारिका साहू, राम सिंह साहू, भावना बंजारे, पूर्व पार्षद रेशम लाल बंजारे, नवीन साहू, भूपेंद्र दास मानिकपुरी, रवि साहू, हरीश सोनी, प्रभा बंजारे, नेहा साहू, तुकाराम बंजारे, कमल बंजारे, सूरज बंजारे, कमलेश साहू, होमेन्द्र साहू,पुणेन्द्र पंथ, पुरुषोत्तम दास मानिकपुरी, भुनेश्वर साहू, आरती कुर्रे, सरस्वती डांडे, सुखराम कुर्रे, रामसिंह साहू, वीरेंद्र साहू, गोपाल साहू, लखन यादव, दिनेश साहू, चेतन साहू, जितेंद्र साहू, अजय साहू, प्रवीण यादव, युवराज साहू, भीखम साहू, खोमू यादव, ललित साहू, ओमप्रकाश साहू, सुनील सिंह, मुकेश पठारी, आशीष पटवा सहित सैकड़ों ग्रामवासी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया ।

# व्यापार संघ अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी ने रेलवे भूमि में पट्टा देने की मांग की



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

रेलवे भूमि में निवासरत वार्ड क्रमांक 21, 25, 26, 27 की जनता के लिए की व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पट्टा देने की मांग की है ताकि रेलवे में जो जनता झोपड़ियां बनाकर निवास कर रहे हैं उनको पट्टा दिया जाए यह मांग मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय से भी किया जायेगा ताकि प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। अत्यधिक बारिश की वजह से रेलवे क्षेत्र में बसे झोपड़ियां गिरते जा रहे हैं आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण घरों को बनाने में बहुत परेशानियां हो रही है। जिससे रहवासी काफी चिंतित है। इस आवेदन को नगर पालिका के इंजीनियर भानु घोष व एलन चंद्राकर को दिया गया। जिसमे गोविन्द वाधवानी, रमेश जैन, सूरज विभार पार्षद, टी.ज्योति पार्षद उपस्थित थे। गोविन्द वाधवानी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस समस्या निवारण शिविर से वार्ड की समस्यायों का निवारण बहुत जल्द होगा इसलिए मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन शिविर का आयोजन करवाया ताकि समस्या का समाधान हो सके।

# दल्लीराजहरा भाजपा मंडल की हुई बैठक





पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल दल्लीराजहरा की बैठक स्थानीय साहू सदन में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार, सुदेश सिंह, राजेश दसोड़े, संतोष देवांगन, सुरेश जायसवाल, महेश पांडे, गोविद वाधवानी, किरण सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश द्विवेदी मंडल अध्यक्ष द्वारा किया गया बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश पर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई । जिसमें 11 से 13 अगस्त तक तिरंगा यात्रा पूरे वार्ड में निकालने एवं हर घर तिरंगा झण्डा लगाने की तैयारी तथा 14 अगस्त को देश के महापुरूषों एवं शहीद सेनानियों के प्रतिमा के आसपास साफसफाई एवं माल्यार्पण तथा विभाजन की त्रासदी का जन जन तक ले जाने और लोगों को विभाजन में हुए लोगों की शहादत और देश को हुए नुकसान एवं जन हानि की जानकारी दी जाएगी तथा वहीं मौन जुलूस निकालकर देश की आजादी में प्राणों को न्योछावर करने वालों को शहीद स्मारक के निकट मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । बैठक के मुख्य अतिथि कृष्णकांत पवार द्वारा बताया आजादी पूर्व विभाजन विभीषिका को हमारे देशवासियों ने सहा है जब लगातार ट्रेनों में लोगों के शवों को भरकर पाकिस्तान की सीमा से भेजा जा रहा था, महिलाओं बच्चों को के साथ कत्लेआम किया जा रहा था। वह समय हमारे देश के लिए त्रासदी से कम नहीं था उन परिवार के प्रति हमारे सद्भावनाएं आज भी है। बांग्लादेश में भी हमारे हिंदू भाइयों के साथ इसी तरह का अत्याचार हो रहा है जो की बहुत ही दुखद है। हम सभी भारतीयों अपनी आजादी की 76 वीं वर्षगांठ को अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाकर इस त्यौहार को मनाना। बैठक में मंडल महामंत्री महेंद्र सिंग, मदन माईती, रमेश गुर्जर, सुजीत झा, रामेश्वर साहू, संजीव सिंह, गायत्री, पूरोबी वर्मा, ललिता विश्वकर्मा,उषा साहू, कुमारी रावटे, रमणी बाघ, नंदा पसीने एम.एस. श्रीजीत, सुरेन्द्र बेहरा, सोनू ठगेल, भूपेंद्र श्रीवास, मुश्ताक अहमद, विजय भान, राजेश काम्बले, गिरधर सिन्हा, हुकुम सिंह, धनगुन, अर्जुन विश्वकर्मा, कोमल जामुरिर्या, मनोज दुबे, सुमीत जैन, श्याम जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, मुकेश चिकवा, मेवा लाल पटेल, विरेन्द्र कुमार साहू, मनन गुप्ता,नदीम बडगुजर, निलेश श्रीवास्तव, भोराज साहू, अमन, आरिफ खान, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एसडीएम माहेश्वरी ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया भी किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साजा एसडीएम टी.आर. माहेश्वरी ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, परपौड़ी का दौरा किया, जहां उन्होंने बच्चों के मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया और भोजन की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। माहेश्वरी ने सुनिश्चित किया कि बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन मिले, जिससे उनकी सेहत और शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़े। इसके अलावा, माहेश्वरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, परपौड़ी और देउरगांव का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए मरीज़ों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को समझा। मरीज़ों के स्वास्थ्य का हालचाल जानने के साथ-साथ, उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया। उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए। माहेश्वरी का यह दौरा जनता की स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु उनके संकल्प को दर्शाता है। उनके इस प्रयास से क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं में सुधार की उम्मीद की जा रही है।

# अनाज किराना व्यापारी संघ की स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सिन्धु भवन, रेलवे कॉलोनी रोड़ दल्लीराजहरा में अनाज किराना व्यापारी संघ की 42 वां स्थापना दिवस के अवसर पर दो सत्र में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में द्विवार्षिक स्नेह सम्मेलन, सम्मान समारोह के तत्पश्चात द्वितीय सत्र में अनाज किराना व्यापारी संघ के कोषाध्यक्ष रतनलाल चोपड़ा ने आय -व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संघ के अध्यक्ष तरुण खटवानी का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंटकर संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि मोहनलाल छाजेड़, शंकरलाल कुकरेजा, शांतिलाल जैन, कन्हैयालाल कुकरेजा,डॉ.रुप दासानी, रामलाल गुप्ता, झूमरलाल छाजेड़, प्रकाश छाजेड़ जशनदास कुकरेजा मंचस्थ रहे।कार्यक्रम में अनाज किराना व्यापारी संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री गोपाल दास लालवानी ने किया। अध्यक्ष तरुण खटवानी ने अपनी कार्यकारिणी को भंग किया और द्विवार्षिक कार्यकाल हेतु पदाधिकारियों का चुनावी प्रक्रिया पूरी करने चुनाव समिति से निवेदन किया। अनाज किराना व्यापारी संघ दल्लीराजहरा के कुल सात पदों के लिए सुझाए गए नामों पर गठित चुनाव समिति व उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों को मनोनीत किया। अनाज किराना व्यापारी संघ के नये अध्यक्ष- कैलाश छाजेड़, उपाध्यक्ष-गुलाब कुकरेजा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष-रतनलाल चोपड़ा, सचिव- सुरेश जायसवाल, सहसचिव ललित चोपड़ा,संगठन मंत्री- मनोज अग्रवाल बनाए गए। नवनियुक्त अध्यक्ष कैलाश छाजेड़ वर्तमान में छ.ग.चेंबर ऑफ कामर्स इकाई दल्लीराजहरा के उपाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वे इसके पूर्व जेसीआई राजहरा के अध्यक्ष, राजहरा व्यापारी संघ के संगठन मंत्री, अनाज किराना व्यापारी संघ के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक ली

## गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिये



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले के झालम स्थित गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित ज़िला और पुलिस प्रशासन के साथ पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा, सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक सहित अधिकारी पैदल बरसाती नाला पार कर गौ-अभयारण्य पहुँचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तात्कालिक तौर पर आने-जाने के लिए अस्थायी पुलिया बनाने के निर्देश दिये। ताकि कार्यक्रम के समय आमजन को आने-जाने में किसी प्रकार की दिक़्क़त ना हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वे सभी आपसी समन्वय बनाए रखें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो।इस अवसर पर कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य का दौरा भी किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हैलीपैड स्थल, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया। कहा कि मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का ध्यान रखने कहा। उन्होंने ऊबड़-खाबड़, गड्ढे आदि का समतलीकरण, बरसाती नाले पर पाइप आदि बिछाकर आने-जाने का रास्ता बनाने के भी निर्देश दिये।

# डीएव्ही स्कूल जांता में पालक, बालक शिक्षक संगोष्ठी के साथ वैदिक हवन

## माता-पिता अपने बच्चों के पहले शिक्षक होते हैं : प्रचार्य जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला का एक मात्र डीएवी स्कूल में पालक बालक शिक्षक संगोष्ठी का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 पालकों ने स्कूल पहुंचकर अपने पाल्य की पैरोड़ीक टेस्ट 1 व यनिट टेस्ट परीक्षा का रिजल्ट जाने व बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर बातचीत की। विद्यार्थियों की पढ़ाई स्तर अच्छा व बेहतर से बेहतर हो इसके लिए हम किस तरह से छात्र को आगे बढ़ा सके इसके लिए स्कूल में यह भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें पालकगण व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया प्राचार्य पी.एल. जायसवाल ने बताया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु हमे तीनो कड़ी को मजबूत होना अनिवार्य हैं पालक-बालक-शिक्षक आपस में मिलकर ही हम छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की गणना कर सकतें हैं। छात्रों के प्रति मेहनत करने व आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय के शिक्षक प्रयासरत व सदैव तत्पर हैं। विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा में सुधार कैसे करें । माता-पिता और शिक्षक का एक ही लक्ष्य होता है, बच्चे की सफलता। माता-पिता, शिक्षक और बच्चे की साझेदारी स्कूली प्रक्रिया को समृद्ध और प्रभावी बनाती है। एक सफल अभिभावक के सहयोग के लिए, आपको शिक्षकों के साथ निरंतर बातचीत करने की आवश्यकता होती है। माता-पिता और शिक्षक दोनों अपने अवरोधों को दूर करते हैं और एक साझा लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए तैयार रहते हैं, अभिभावकों को आसानी से शिक्षकों के साथ बातचीत कर सकते हैं। प्राचार्य जायसवाल ने जानकारी साझा किया बताया कि रिजल्ट को बेहतर बनाने ,पालकों की सहभागिता बढ़ाने के लिए यह भव्य बैठक का आयोजन पालक बालक शिक्षक संगोष्ठी किया गया व इसमें रिजल्ट सहित बच्चों की प्रोग्रेस पर चर्चा की गयी ।पालकों की बैठक का मुख्य उद्देश्य रिजल्ट सुधारना, बच्चों की नियमित उपस्थिति पर जोर देना ,शिक्षा स्तर को बढ़ाना, विद्यार्थियों की प्रोग्रेस पर चर्चा के साथ साथ पालकों से सुझाव भी लिया गया। साथ ही स्कूल में वैदिक हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें विशेष रुप से जानकारी साझा किया कि महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम से ही दयानंद एंग्लो वैदिक (डी ए वी) विद्यालय प्रारंभ हुआ है।महर्षि दयानंद जी आर्य समाज के संस्थापक है।संस्था में समय -समय पर वैदिक हवन यज्ञ व संस्कार को लेकर नैतिक शिक्षा की पढ़ाई निरंतर होते रहता है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य पी एल जायसवाल, ललित देवांगन, अखिलेश पटेल, अनिल चंद्रवंशी, निशु गुप्ता, आयुशी जैन, रेणुका पटेल, राजा तन्तुवेय, गोविंद साहू, उमेश साहू, विमल साहू,देविका जैन, दीपिका वर्मा, सरिता साहू, सविता साहू, सुमित्रा पटेल, कैलाश सिंह राजपूत, मनीषा सोनी, छोटू राम साहू,रितिका साहू, नम्रता चतुर्वेदी, मधुस्मिता बेहेरा, अभिषेक दूबे, सुखदेव, नरेश, युवराज, विजय चंद्राकर, रूखमणी, रामेश्वरी आदि सभी ने कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में सहयोग प्रदान किए।

# सड़क किनारे खेल रही मासूम स्कूटी की ठोकर से घायल, मामला पहुंचा थाने



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

घर के सामने खेल रही 06 साल की मासूम बच्ची को एक स्कूटी चालक के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। इस घटना में बालिका को सिर में गंभीर चोट आई है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद जूटमिल पुलिस ने एक्टिवा चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वलो सोनुमुड़ा बजरंगपारा अपेक्स बैंक के सामने रहने वाले प्रेम शंकर यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह रोजी मजदूरी करके जीवन यापन करते आ रहा है। शुक्रवार की सुबह तकरीबन साढ़े 8 बजे उसकी पत्नी अपने काम में बेनीकुंज गई हुई थी इस दौरान उसकी बेटी प्रिंसी यादव 6 साल ही घर में उसके साथ थी। प्रिंसी जब घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक उसकी बेटी को चोटिल अवस्था में उठाकर घर लाया जिसके पीठ, दोनों पैरों के अलावा सिर के पीछे हिस्से में चोट लगी हुई थी।

### सड़क किनारे खेल रही थी बच्ची

मोहल्लेवासियों ने बताया कि प्रिंसी जब घर के बाहर सड़क किनारे खेल रही थी इसी दौरान एक हरा रंग का एक्टिवा का चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए प्रिंसी को जोरदार ठोकर मारते हुए फरार हो गया है। जिससे 6 साल के मासूम बच्ची को गंभीर चोट आई है।

### परिजनों ने थाने में लिखाई रिपोर्ट

बालिका के पिता ने अपनी प ी को घटना से अवगत कराते हुए दोनों जूटमिल थाने पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। परिजनों की रिपोर्ट के बाद जूटमिल पुलिस ने अज्ञात फरार एक्टिवा चालक के खिलाफधारा 125 (ए) 281 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

06 साल की मासूम बच्ची को ठोकर मारकर फरार हो जाने वाले आरोपी तक पहुंचने के लिये जूटमिल पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी चालक के खिलाफजल्द से जल्द कार्रवाई किया जा सके।

### रायगढ़ पुलिस मदद को आया सामने

बताया जा रहा है कि मासूम बच्ची गरीब परिवार से है और बच्ची के सिर के पीछे हिस्से में कुछ फैक्चर हुआ है, इस लिहाज से जूटमिल पुलिस के द्वारा मानवता परिचय देते हुए आगे आकर तत्काल एक निजी चिकित्सालय में बच्ची का सिटी स्कैन कराकर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। साथ ही साथ अस्पताल में लगने वाले दवाई का पूरा खर्चा उठाने की बात कही गई है।

## नगरीय निकाय कर्मचारी आज से रहेंगे हड़ताल पर प्रांतीय संगठन के निर्देश पर जिले के निकाय कर्मियों ने लिया निर्णय

**रायगढ़।** 12 अगस्त को प्रदेशभर के नगरीय निकाय कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए हड़ताल पर रहेंगे। राज्य के 184 नगरीय निकायों के कर्मचारी 6 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन करेगें। प्रांतीय संगठन के आव्हान पर जिले के नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने भी हडताल पर जाने का निर्णय लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदेशभर के नगरीय निकायों के कर्मचारी एकत्र होकर प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान 6 सूत्रीय मांगों को उठाया जाएगा। इन मांगों में सबसे प्रमुख मांग है- नगरीय निकाय के कर्मचारियों का वेतन प्रतिमाह ट्रेजरी के माध्यम से जारी किया जाए। इस हड़ताल से प्रदेशभर के नगरी निकायों में बिजली, पानी, और सफाई जैसी मूलभूत सेवाओं पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है। सरकारी कार्यालयों में भी इसका असर देखा जा सकता है, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में काम बंद कर धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

# बंगुरसिया मार्ग पर सड़क में आया हाथी

## कई घंटो तक वाहनों के पहिये थमे, गांव के ग्रामीणों को किया जा रहा अलर्ट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ में रात को बंगुरसिया-हमीरपुर मार्ग में वाहनों के पहिये थम गए जब जंगलों से निकलकर एक दंतैल हाथी सड़क में आ गया और कुछ हाथी सड़क किनारे ही विचरण करने लगे। वन विभाग की टीम के पहुंचने के बाद दो घंटे की मशक्कत के बाद ही गजराज वापस जंगल मे गया जिसके बाद ही इस मार्ग में वाहनों का आवागमन शुरू हो सका। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के बंगुरसिया हमीरपुर मार्ग में बीती रात करीब 9 बजे के



आसपास तेज बारिश के बावजूद एक हाथी सड़क में आकर खड़ा हो गया जिससे इस मार्ग में करीब दो से ढाई घंटे तक सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिये थम गए। इस मामले की जानकारी मिलते ही बंगुरसिया वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सड़क में आये हाथी को किसी तरह वापस जंगलो में खदेड़ा गया तब जाकर इस मार्ग में आवागमन शुरू हो सका।

### ग्रामीणों को किया जा रहा अलर्ट

बताया जा रहा है कि इन दिनों इस क्षेत्र में तकरीबन 3 से 4 हाथी विचरण कर रहे हैं। जंगलों में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग की टीम के द्वारा गांव-गांव पहुंचकर ग्रामीणों को अलर्ट करते हुए जंगल तरफनही जाने की सलाह दी जा रही है।

### हाथियों का रास्ता है यह मार्ग

बंगुरसिया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली मर्तबा नही जब बीती रात यहां सड़क में हाथी आया था। एक लंबे समय से जंगली हाथी इसी मार्ग में जाना-जाना करते हैं। कभी-कभार धान और चावल की खुशबू से हाथी बस्ती तक भी पहुंच जाते है और उत्पात मचाने के बाद फिर से जंगलों में लौट जाते हैं।

### 24 घंटे चलते हैं भारी वाहन

बंगुरसिया-हमीरपुर मार्ग में कुछ छोटे बड़े उद्योग संचालित है। साथ ही साथ यह मार्ग तमनार के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिसा से जुड़ी हुई है। इस वजह से इस मार्ग में 24 घंटे भारी वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। हाथियों के सड़क में आ जाने के बाद इस मार्ग में चलने वाले सभी वाहनों के पहिये थम जाते हैं।

# सड़कों में पानी भरने से उखड़ी सड़क,अब होने लगी दुर्घटना, शायद जिम्मेदारों को बड़ी घटना का है इंतजार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



चांपा नगर के थाना चौक के पास पुराना नगर पालिका रोड की सड़कों में पानी भरने के बाद अब उखडने् लगी है। सड़क खराब होने से अब दुर्घटना भी बढने् लगी है। आज सुबह इसी सड़क में एक दुर्घटना हो गई। जिससे एक स्कूटी सवार परिवार गिर गया जिसमें एक छोटे बच्चे को चोटें आई। आपको बता दें कि चांपा नगर की बीच शहर के सड़कों की भी स्थिति बदतर होने लगी है। दरअसल, इस सड़क में पानी जमा होने से सड़क ऊपर की डामर की परतें उखडने् लगी है। इसके चलते वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। चांपा में पुराना नगर पालिका के पास से हजारी गली के सामने की सड़क सबसे बदहाल है।बारिश का पानी सड़कों में ही इकट्ठा हो रहा है। जो सड़क की मजबूती को नुकसान कर रहा है। इसके चलते सड़क के डामर वाहनों के पहिए से उखडने् लगा है। जिससे छोटे वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जान कर भी अनजान-चांपा नगर के जिम्मेदार अधिकारी-जन प्रतिनिधियों की इसकी जानकारी है। जिम्मेदारों को बार-बार सूचना देने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे लगता है इन्हें कोई बड़ी घटना का इंतजार है।

# नवाचारी शिक्षिका मीरा देवांगन पहुंची उल्लास प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्रोत व्यक्ति की भूमिका में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के 2 दिवसीय कार्यशाला सत्र में एससीईआरटी व राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के डायरेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने कहा की वयस्कों को पढ़ाते समय आने वाली चुनौतियों को एड्रेस करने की आवश्यकता है। शिक्षार्थी अपने रोजमर्रा की चीजों से परेशान रहते हैं, तथा स्वयंसेवी भी बेरोजगारी जैसी बातों से परेशान होते हैं अतः दोनों को मोटिवेशन की अत्यंत आवश्यकता होती है। कटारा के अनुसार हमें कम से कम शिक्षार्थी लेकर शुरुआत करनी चाहिए ,अपने आस-पास पड़ोस के असाक्षरों को पढ़ाना चाहिए तथा हर व्यक्ति को स्वयंसेवी शिक्षक होना भी चाहिए।



स्वयं सेवी शिक्षकों को सम्मानित करना चाहिए तथा उनके अच्छे कार्यों को रिकॉग्नाइज करना चाहिए। स्वयं सेवी शिक्षक अपने घर व परिवार से शुरुआत करें, पहले परिवार फिर मोहल्ला तथा गांव इन छोटी इकाइयों से सफलता आना शुरू होता है। अतिरिक्त संचालक जे. पी. रथ ने कहा कि विद्यार्थी जब शाला आते हैं तो उनके बहुत सारे सपने होते हैं लेकिन वयस्कों को पढ़ाना बहुत ही मुश्किल होता है इनकी शिक्षण पद्धति बहुत अलग होती हैं तथा उनकी मनोदशा तथा मनोवृति भी अलग होती है। ये सम्मान के हकदार होते हैं तथा पढ़ाते समय उनके आत्म सम्मान को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। वे अनुभवी होते हैं ,बहुत सारी बुनियादी बातें पहले से ही जानते हैं हमें उन्हें केवल अक्षरों से जोड़ना है,कार्यशाला में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के असिस्टेंट डायरेक्टर व उल्लास के नोडल अधिकारी प्रशांत पांडेय ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लक्ष्य व उद्देश्यों पर च विस्तारपूर्वक बताया, राज्य साक्षरता केंद्र के प्रभारी डेकेश्वर वर्मा व महासमुंद एवं रायपुर के डीपीओ तथा जिला स्तर के साक्षरता मिशन के अधिकारी उपस्थित हुए। प्रथम दिवस की कार्यशाला में स्वयंसेवी शिक्षकों को प्रेरित कैसे करें।

# घनश्याम प्रसाद पांडेय के निवास पर श्रावणी मास में चल रहा फुलेश्वर महादेव का रुद्र महायज्ञ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर सहित अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से पूरे अंचल में विद्वान पंडित के रूप में अपनी पहचान रखने वाले स्वर्गीय धरणीधर प्रसाद पांडेय महाराज के सुपुत्र पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय द्वारा श्रावणी मास के पावन मौके पर अपने निवास पर प्रतिदिन सुबह फुलेश्वर महादेव का रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में जहां स्वयं पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय फुलेश्वर महादेव की पूजा- अर्चना कर अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न करवाते हैं, तो वहीं इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त सह परिवार ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र से पहुंच रहे हैं। वहीं फुलेश्वर महादेव का श्रृंगार



भी बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रतिदिन किया जाता है, एवं आरती के साथ प्रसाद वितरण भी होता है, रुद्र महायज्ञ के इस पावन कार्यक्रम में पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय की धर्मपत्नी संगीता पांडेय भी अपना पूरा योगदान देती हैं, तथा प्रतिदिन महिलाएं भी काफी संख्या में इस धार्मिक आयोजन में शामिल होती है, वहीं इस संबंध में पंडित घनश्याम प्रसाद पांडेय का कहना है कि उनके निवास पर उनके पूज्य स्वर्गीय पिता जी के समय से ही भगवान भोलेनाथ की आराधना रुद्र महायज्ञ के रूप में प्रत्येक वर्ष श्रावणी मास के पावन मौके पर की जाती है।

# बाबा भोलेनाथ की आराधना हेतु भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर के प्रतिष्ठित डालमिया परिवार के राजू डालमिया द्वारा 10 अगस्त की रात्रि हटरी धर्मशाला के सभागार में श्रावणी मास के पावन मौके पर बाबा भोलेनाथ की आराधना हेतु भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा इस अवसर पर जहां बाबा भोलेनाथ का भव्य दरबार सजाया गया तो वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित डालमिया परिवार के सदस्यों सहित शहर के भी शिव भक्त उपस्थित रहे, तथा सर्वप्रथम बाबा भोलेनाथ सहित दरबार की पूजा अर्चना एवं आरती की गई तथा भगवान को भोग भी अर्पित किया गया, कार्यक्रम में जहां छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित भजन गायक संतोष दास महंत एवं शिवम वैष्णव ने अपने सुमधुर भोले भंडारी के भजनों से जहां पूरे समय तक शिव भक्तों को बांधे रखा तो वहीं पूरा परिसर बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। एवं इस दौरान जहां बाबा बैजनाथ धाम की कावड़ यात्रा में बाबा के भक्तों के उत्साह को भी अपने भजनों के माध्यम से आगंतुक गायको ने प्रस्तुत किया तो वहीं डालमिया परिवार के भी सदस्यों ने नृत्य के माध्यम से बाबा भोलेनाथ की आराधना की तथा इस अवसर पर कावड़ यात्रा की एवं भगवान शिव शंकर जी की जीवंत झांकियो का भी प्रदर्शन किया गया एवं इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे तथा महिलाओं ने भी इस भजन संध्या के अवसर पर अपनी भोलेनाथ के प्रति आस्थाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।

# भोले बाबा की नगरी दूर जाना जरूर : अजय अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ चांपा
www.dailypioneer.com

बोल-बम बोल-बम बोल-बम और अनेक तरह की नारों के साथ द्वादस ज्योतिर्लिंगों में से एक वैद्यनाथ मंदिर का दर्शन-पूजन करने का सौभाग्य बरपाली चौक चांपा में रहने वाले अजय ऐरन अग्रवाल ने किया। भारत वर्ष के राज्य झारखंड में अति प्रसिद्ध देवघर नामक स्थान पर यह मंदिर अवस्थित हैं। यह पवित्र तीर्थ होने के कारण लोग इसे वैद्यनाथ धाम भी कहते हैं। जहां पर यह मन्दिर स्थित हैं उस स्थान को देवघर अर्थात् देवताओं का घर कहा जाता हैं । बैद्यनाथ



ज्योतिलिंग स्थित होने के कारण इस स्थान को देवघर नाम मिला हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह ज्योतिर्लिंग एक सिद्धपीठ भी हैं। कहा जाता हैं कि यहां पर आने वालों की सारी मनोकामना पूर्ण होती हैं । इस कारण इस लिंग को कामना लिंग भी कहा जाता हैं बाबा सबकी मनोकामना पूरी करते है देवघर से आगे चितरंजन रेलवे स्टेशन हैं जो कि काफी प्रचलित हैं स्टेशन का एक भाग पश्चिम बंगाल में पड़ता हैं और दूसरा मिहिजाम जिला झारखण्ड में पड़ता हैं। धार्मिक आस्था रखने वाले वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की महिमा अनंत हैं। बाबा वैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग में जलाभिषेक करने से पहले इस स्थान पर जाकर जल उठाना पड़ता हैं । चांपा के ऐरन अग्रवाल और उसके साथियों ने 105 किलोमीटर का रास्ता तय करके इस स्थान पर पहुंचें । इसके बाद बासुकी नाथ धाम जाने का उन्हें अवसर मिला रोशन लाल का सुपुत्र अजय कुमार, मधु, लक्ष्य और लालूजी के साथ दर्शन-पूजन किया।

## शराब के लिए रूपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** बीते 04 अगस्त को जूटमिल थाना में पांचपारा कोड़ातराई के उमेश गुप्ता (42) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 04 अगस्त के शाम करीब 6 बजे कोड़ातराई शराब भट्ठी के पास संत विनोबा नगर का दर्बीन निषाद उसके साथियों के साथ रास्ते में खड़ा था जो रास्ता रोककर इससे शराब के लिए पैसे मांगा। उमेश द्वारा पैसे देने से मना करने पर, आरोपी ने मां-बहन की गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी और हाथ मुक्कों से मारपीट किया, आरोपी के कलाई में पहने चूड़ा से उमेश के सिर और माथे पर चोटें आईं। जूटमिल पुलिस ने दर्बीन निषाद पर धारा 296,351(2),115(2) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्रवाई की और आरोपी दर्बीन निषाद (22) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से मारपीट में प्रयुक्त चूड़ा भी जप्त किया।

# डीईओ ने शिक्षकों की अनुपस्थिति पर जारी किया कारण बताओ नोटिस





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

विकासखंड के ग्राम पंचायत ऋषभतीर्थ के अंतर्गत वन ग्राम रेंनखोल के विद्यालय में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने शक्ति कलेक्टर आईएएस अमृत विकास टोपनो के निर्देश पर स्कूलों में कई शिक्षकों की लगातार अनुपस्थिति को लेकर प्रधान पाठक, संबंधित शिक्षको एवं शक्ति विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है, तथा दो दिन के अंदर जवाब देने कहा गया है,एवं जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति द्वारा जारी नोटिस में जवाब प्राप्त न होने पर अनुशनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है, ज्ञात हो की रेनखोल जो की शक्ति विकासखंड का एक दूरस्थ पहाड़ों के किनारे स्थित वन ग्राम है,जहां शासकीय विद्यालय में तीन शिक्षकों की पपदस्थापना है, जिसमें केवल एक ही शिक्षक विद्यालय में नियमित रूप से आते हैं तथा अन्य शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत अनेकों बार विद्यालय के बच्चे स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर के समक्ष कर चुके हैं, जिस पर कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी पहुंचे थे, एवं वहां शिक्षकों की मनमानी से प्रभावित हो रही पढ़ाई को देखते हुए तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने यह नोटिस जारी की है। ज्ञात हो की वर्तमान में शक्ति जिला कलेक्टर आईएएस अमृत विकास टोपनो के निर्देश पर शक्ति जिले में शिक्षा की बेहतर व्यवस्था को लेकर कार्य योजनाएं बनाई जा रही है, एवं 6 अगस्त को छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिले के लगभग 129 संकुल केदो में स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक साथ एक ही समय पर बैठक आयोजित की गई थी, किंतु इसके बावजूद शिक्षकों में विद्यार्थियों के प्रति गैर जिम्मेदाराना हरकत से शिक्षा विभाग सख्त कार्रवाई के मूढ़ में है तथा जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा का कहना है की शक्ति जिले के सभी सरकारी स्कूलों में ऐसी कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल विद्यालय के संस्था प्रमुख एवं जिम्मेदार शिक्षकों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

## सरपंच सचिव के खिलाफजमकर आक्रोश जताते हुए की नारेबाजी, ग्राम पंचायत गहनाझरिया के आश्रित मोहल्ला सुकवास के ग्रामीणों ने सड़क में लगाया रोपा

# कीचड़ भरे सड़क में ग्रामीणों ने धान रोपाई कर जताया विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम पंचायत गहनाझरिया के आश्रित मोहल्ला सूकवास में सड़क जैसे सुविधाओं के लिए ग्रामीण हतास हो चूकें है। बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आवगमन करने भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण आखिर थक हार किचड़ से लबा लब सड़क पर सरपंच सचिव के खिलाफ आक्रोश जताते हुए धान रोपा गया है जिसमे भारी संख्या में महिलाओं सहित पुरुष ने सरपंच सचिव को लेकर काफी ज्यादा नाराज नजर आए। ग्रामीणों का कहना है की केवल आश्वासन के नाम पर ठगा गया है। कई बार विधायक से लेकर जनप्रतिनिधियों को इस सड़क बनाने का गुहार लगाया गया है लेकिन किसी ने नही ध्यान दिया सुकवासी पारा से लेकर



सुकवास मार्ग कई सालो से बदहाली पर आशु बहा रहा है लेकिन किसी ने इस सड़क निर्माण करने आगे नही आया जिससे इस सड़क पर चलना परेशानी का सबब बना हुआ है स्कूली बच्चों को स्कूल जाने आने के दौरान उनका ड्रेस खराब हो जाता है और वे कक्षा में बैठने लायक नही रहते। ग्राम पंचायत गहनाझरिया लैलूंगा मुख्यालय का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है और इसकी दूरी लगभग 10 से 15 किलो मीटर पर स्थित है आश्रित ग्राम सुकवास में लगभग 1100 की आबादी है 800 लगभग वोटर है ग्रामीण जब जब सरपंच सचिव से सड़क सहित अन्य कार्यों के लिए बात करते है तो सरपंच द्वारा साफतौर पर मना कर दिया जाता है मैं कोई काम नहीं करूंगा न मुझे दुबारा सरपंच बनना है राशन कार्ड में भी दस्खत नही करता है जिससे ग्रामीणों को राशनकार्ड आज तक वितरण नही हुआ है सड़क की समस्या को लेकर कई बार बोला गया है परंतु सरपंच सचिव एक बार इस गांव तरफ झांकने तक नही आए है यहा के ग्रामीण इन पांच सालो में सरपंच को पहचान तक नही पाए है पंचायत का क्षेत्रफल भी काफी फैला हुआ है विकास कार्य के नाम पर केवल ठेंगा दिखाया जा रहा है केवल कागजी खानापूर्ति हो रहा है। ग्राम पंचायत गहना झरिया के इस आश्रित में मोहल्ले में ओबीसी समाज सहित भारी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग निवासरत है इस मोहल्ले से उप सरपंच है परंतु उप सरपंच की एक नही सुनते सरपंच कारण यही है उप सरपंच प्रतिनिधि व पंच सहित ग्रामीणों ने सरपंच विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क बनने के मांग की है। मोहल्ले में सड़क पानी जैसे मुलभूत सुविधा के सालो से तरस रहे है लगभग 15 साल हो गये लेकिन पक्की सड़क का नसीब नही हुआ न इतने सालों में मुरूमी करण का कार्य हुआ,जबकि बारिश के दिनों में यहां के लोगो को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है कई सरपंचों का कार्यकाल गुजरा फिर भी विकास से कोसोदुर है ग्राम पंचायत गहना झरिया का सुकवास ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच यशोमती पैंकरा द्वारा 300 रु टैक्स जमा नही करने पर राशनकार्ड में दस्खत नही कर रही है जिससे आज तक नया राशन कार्ड हितग्राहियों नही मिला है।

# 07 ज़ोन में सांगठनिक व्यवस्था से संचालित होगा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरी दुनिया में अग्रवाल समाज के सशक्त संगठन के रूप में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन विगत लगभग 7 वर्षो से सक्रिय रूप से कम कर रहा है, तथा इस संगठन ने जहां अपने कार्यों से अग्रवाल समाज के बंधुओ के बीच अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है, तो वही समय-समय पर इस संगठन द्वारा अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में समाज के उत्थान एवं विकास की दिशा में पहल की जाती है,एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के केंद्रीय नेतृत्व ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के दिशा- निर्देशन में भारत देश में सम्मेलन के संगठन की व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा अग्रवाल समाज के लोगो के बीच




संगठन को सर्वव्यापी बनाने की सोच से पूर्व में चले आ रहे 4 ज़ोन की व्यवस्था को संशोधित कर अब इसे 7 जोन में विभक्त किया है,तथा आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन का यह परिवार 7 जोन के हिसाब से सांगठनिक ढांचे के रूप में कार्य करेगा,ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन एक पंजीकृत संस्था होने के साथ ही इसका पंजीयन है, तथा केंद्रीय मुख्यालय 18, राजेन्द्रनाथ मुखर्जी रोड, दूसरा मंजिल, कोलकाता-700001 (पश्चिम बंगाल) फोन नम्बरः (033) 4007 5544 है।

# 13 अगस्त को जय स्तंभ चौक से निकलेगी तिरंगा यात्रा

## 14 अगस्त को सुबह 7 बजे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य सदभावना दौड़ का आयोजन




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 09 से 15 अगस्त, 2024 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ज़िले के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने ज़िले वासियों से घर -घर पर पूरे सम्मान और नियम के साथ भारतीय झंडा फहराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा सुबह 7 बजे से जय स्तंभ चौक से शुरू होगी जो शहरी क्षेत्र के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों से होकर निकलेगी और जय स्तंभ चौक पर ही समाप्त होगी। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल - कॉलेज के विद्यार्थी, डाइट के बच्चे, ज़िले के अधिकारी-कर्मचारी स्थानीय निवासी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि बैंड की धुन के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। कलेक्टर ने इस तिरंगा यात्रा में लोगों से बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। 13 अगस्त स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के लिए परेड की फूलड्रेस रिहर्सल की जाएगी। फूलड्रेस रिहर्सल प्रातः 9.00 बजे से शुरू होगी। पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एन.सी.सी. परेड की सलामी दी जाएगी। रिहर्सल समारोह स्थल बेमेतरा के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित होगी। इस बार ज़िला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों के देशभक्ति/ संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विभागों को दिए जाने वाले पुरस्कार एवं पदकों का भी वितरण किया जाएगा। 15 अगस्त के अवसर पर रात्रि में सभी शासकीय/ सार्वजनिक भवनों/ राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रौशनी की जाएगी। शाम को 6 से 8 बजे तक जयस्तम्भ चौक में देशभक्ति गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित होगा।14 अगस्त को सुबह 7 बजे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य सदभावना दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इसी दिन शाम को 6 से 8 बजे तक जयस्तम्भ चौक में देशभक्ति गीत -संगीत का कार्यकर्म आयोजित किया जाएगा। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में 09 से 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, सेल्फी विथ तिरंगा, कैनवास कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में 'हर घर तिरंगा' और 'जय हिन्द' लिख सकेंगे।

# खाद्य मंत्री बघेल ने ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की





पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ के बस स्टैण्ड में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम सर्वोच्च गुरु असम दास गुरुगोसांई खपरीडीह खुर्द के सानिध्य में संपन्न हुआ। खाद्य मंत्री बघेल ने कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ममतामयी मिनी माता ने सतनामी समाज को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किया। समाज को भी संगठित होकर शिक्षा, स्वास्थ्य, और हर क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने समाज को एकजुट होकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को उंचा उठाने के लिए प्रयास किया था। खाद्य मंत्री ने समाज के लोगों को छत्तीसगढ़ की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। समाज द्वारा सतनाम भवन नवागढ़ से बस स्टैंड तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यकम में पद्म उषा बारले ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष श्रीमती मंजूलता रात्रे, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल नगर पंचायत मारो के अध्यक्ष धनलाल देशलहरे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, जिला सतनामी सेवा समिति नवागढ़ के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नशामुक्त भारत अभियान के तहत अधिकारी कर्मचारी आज लेंगे शपथ

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान की चौथी वर्षगांठ के अवसर पर 12 अगस्त को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 12 अगस्त को सुबह 9 बजे सभी स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक संस्थानों एवं शासकीय कार्यालयों में भारत को नशामुक्त करने की प्रतिज्ञा ली जाएगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय में सुबह 9 बजे शपथ ली जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए है। भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से सभी जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र थीम पर समस्त शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों स्वैच्छिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों में नशामुक्त से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश दिये गये है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत पीवीटीजी कमार सदस्यों ने घरों में तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय ध्वज का किया सम्मान

## स्व सहायता समूह की महिलाओं ने देशभक्ति नारे लिखे हाथों में मेंहदी लगाकर लोगों को राष्ट्र प्रेम के लिए किया प्रेरित



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत देशभक्ति को प्रेरित विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत कस के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार सदस्यों ने भी विशेष भागीदारी सुनिश्चित की। ग्राम कस के प्रधानमंत्री आवास लाभान्वित कमार हितग्राहियों द्वारा अपने घरों में तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान किया गया। साथ ही तिरंगा प्रतिज्ञा शपथ लेकर लोगों को राष्ट्रहित में अपने घरों में तिरंगा लगाने को प्रेरित किया गया। इसी प्रकार हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत संकुल संगठन के संकुल व घरों में तिरंगा लगाकर देशभक्ति का भाव प्रकट किया गया। देशभक्ति की भाव से ओत प्रोत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा देशभक्ति के नारे लिखे अपने हाथों में मेहंदी लगाकर आम नागरिकों को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम किरवई, चौबेबांधा आदि गांवों में महिला, बच्चे, युवा सहित सभी वर्गों के ग्रामीणों ने तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान जताया। साथ ही आमजनों को भी 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने को प्रेरित किया।

# बलौदाबाजार मुख्य सड़क मार्ग में लोहे का डिवाइडर एंगल ग्रिल को चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



10 अगस्त को प्रार्थी जय वर्मा निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि भाटापारा-बलौदाबाजार मुख्य सड़क मार्ग में बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास डिवाइडर में लगे लोहे का एंगल, ग्रिल, जाली लगाने एवं मरम्मत का कार्य किया जा रहा था, कि 10अगस्त को सुबह करीबन 10:00 बजे उक्त लोहे का एंगल ग्रिल एवं जाली वहां पर नहीं था, जिसे आसपास पता करने पर पता नहीं चला। उक्त लोहे के सामान को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 522/2204 धारा 303(2) एवं जोडने धारा 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट दर्ज होते ही प्रकरण में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पाटिल एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेने पर यह तथ्य सामने आया कि- आरोपी सूरज एवं प्रवीण द्वारा बस स्टैंड बलौदाबाजार के पास मुख्य सड़क मार्ग में लगे लोहे के ग्रिल एवं जाली को चुराकर पिकअप वाहन क्र. CG04 JC3598 में वाहन चालक आरोपी दलहरण के माध्यम से ग्राम अर्जुनी ले जाना तथा आरोपी कबाडी संचालक लव कुमार के कबाड़ दुकान में बिक्री करना पाया गया। कि प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से 21,000 कीमत मूल्य का लोहे का एंगल, ग्रिल, जाली बरामद किया गया है तथा चोरी का माल परिवहन करने में इस्तेमाल पिकअप वाहन भी जप्त किया गया है। प्रकरण में 11 अगस्त को चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम सूरज उम्र 30 वर्ष निवासी संजय कॉलोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, प्रवीण उम्र 30 वर्ष निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, दिलहरण उम्र 26 वर्ष निवासी मिशन परसाभदेर बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली चोरी का माल परिवहन करने वाला आरोपी पिकअप वाहन चालक, लव कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी कबाड़ संचालक।

# बेमेतरा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद के चुनाव संपन्न



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा ज़िले के साजा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केहका में छात्र परिषद के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनावों के लिए बैलेट पेपर का उपयोग किया गया, जिससे छात्रों को अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को चुनने का अवसर मिला। चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित की गई। बैलेट पेपर बनाकर मतदान कराया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों ने पहले अपने पसंदीदा उम्मीदवारों का चयन किया, और फिर उन्हें वोट देकर छात्र परिषद के लिए अपने प्रतिनिधि चुने। चुनाव के परिणाम जल्द ही घोषित किए जाएंगे, और नए निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि विद्यालय के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस चुनाव ने छात्रों में लोकतंत्र की भावना को प्रोत्साहित किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों में हुई ड्रॉइंग/पेंटिंग प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com






जिला कलेक्टर महासमुन्द विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं एसडीएम सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह के सतत मार्गदर्शन में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आमजन में देशभक्ति की भावना विकसित करने तथा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति सम्मान में वृद्धि हेतु स्वतंत्रता सप्ताह (09-15 अगस्त 2024) के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन उत्साह के साथ सक्रियता से विभिन्न स्तरों पर नियमित तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर पालिका परिषद क्षेत्र अन्तर्गत सेजेस सरायपाली में सामुदायिक भागीदारी के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत ड्रॉइंग/पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्कूली एवं कॉलेज के छात्र/ छात्राओं ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया और विविध घटनाओं को स्मरण करते हुए कैनवास पर चित्र उकेरे,इन रंगीन चित्रों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता,सामाजिक समभाव सहित तिरंगा का महत्व स्पष्ट रुप से दृष्टिगोचर हो रहा था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकुमार पटेल (अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद सरायपाली) अध्यक्षता जुगल किशोर पटेल (तहसीलदार सरायपाली), विशिष्ट अतिथि के रुप में पार्षद गुंजन अग्रवाल,पार्षद स्वर्ण सिंह सलूजा, पार्षद हितेश यादव,सीएमओ अशोक शर्मा,बीईओ प्रकाश चन्द्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, संकुल प्राचार्य जगदीश पटेल,सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल आदि की गौरवमई उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि चंद्रकुमार पटेल ने चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से हर घर तिरंगा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु एक सकारात्मक पहल बताया और स्कूल की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने सहयोग करने आश्वस्त किया तथा पार्षद निधि से मंच हेतु शेड निर्माण कराने भरोसा दिलाया। तहसीलदार जुगल किशोर पटेल ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का महत्व बताते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी भारतीय नागरिकों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा सम्मान के साथ फहराने प्रेरित किया। अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग का अवलोकन किया और बच्चों के उत्कृष्ठ कला कौशल की सराहना किया। प्राथमिक स्तर पर क्रमशः प्रथम स्थान पर युक्ति सेठ (इंग्लिश मीडियम स्कूल वीरेन्द्र नगर)द्वितीय स्थान पर राधिका डडसेना (सेजेस सरायपाली) तृतीय स्थान पर प्रत्युषा प्रधान (सेजेस सरायपाली) रहीं।

मिडील स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान आस्था पटेल (सेजेस सरायपाली), द्वितीय स्वाति यादव (सेजेस सरायपाली), तृतीय स्थान हेमा लहरे (कन्या शाला ,मिडिल स्कूल सरायपाली) ने प्राप्त किया।हाई /हायर सेकंडरी स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर नवमी की छात्रा बरखा देवांगन (सेजेस सराय.), द्वितीय स्थान पर बारहवीं की छात्रा शकुंतला बाघ (मा.स.गो. मंदिर स्कूल सराय.) तृतीय स्थान पर नवमी की छात्रा किरन साहू (शास.आदर्श उ.मा.वि.सराय.) रहीं। कॉलेज स्तर पर स्व.राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शास.महा.सरायपाली में अध्ययनरत छात्रा प्रिया खड़ाईत ने प्रथम स्थान एवं भाग्यश्री अंचल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं को अतिथितों द्वारा मोमेंटो एवं ड्रॉइंग/पेंटिंग सामग्री भेंटकर सम्मानित किया गया।

# वार्ड क्रमांक 15 में अधूरा नाली निर्माण को पूर्ण करने की मांग



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

गुरु घासीदास वार्ड क्रमांक 15 महलपारा सरायपाली में राज्य शासन द्वारा नगर सुराज अभियान जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आयोजन के दौरान मांग की गई है। वार्ड क्रमांक 15 में नगरपालिका के ठेकेदार द्वारा अधूरा नाली निर्माण किया गया है। पुराने नाली को तोड़कर नया नाली निर्माण किया गया है लेकिन कई जगहों पर पुराने एवं जीर्ण नाली को तोड़कर नहीं बनाया गया है। पुराने एवं संकीर्ण नाली निर्माण में सही ढंग से पानी का निकासी नहीं होने के कारण वार्ड वासियों के घरों में गन्दा पानी घुस रहा है। जिससे वार्ड वासी बारिश के दिनों में काफी त्रस्त हैं। नगरपालिका द्वारा कुछ जगहों पर नाली का चौड़ाई कम कर दिया गया है और कुछ जगह चौड़ा कर दिया गया है एवं तकनीकी नियमों का अनदेखा कर नाली निर्माण किया गया है। जिसके कारण गन्दा पानी बरसात का पानी सही ढंग से निकासी नहीं हो पा रहा है।इस सम्बंध में तत्काल कार्यवाही कर नाली निर्माण पूर्ण करने की मांग प्रभारी अधिकारी से सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र कुमार यादव ने की है।

# रेल्वे टाउनशिप की सफाई व्यवस्था को लेकर मुश्ताक अहमद ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद और भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री राजेश दाशोडे ने संयुक्त रूप से बताया कि 10 अगस्त को शासन द्वारा निर्धारित जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर वार्ड क्रमांक 27 के सांस्कृतिक मंच पर नगरपालिका द्वारा लगाया गया था। जिसमें वार्ड क्रमांक 26 और 27 वार्ड की जनता की समस्याओं का समाधान किया जाना था और वार्ड वासियों की मांगों का भी यथासंभव शिविर में ही निराकरण करना था। भारतीय जनता पार्टी के नेता द्वय इस शिविर में पहुंच कर वार्ड वासियों से चर्चा की और उनके आवेदन करने में मदद किया और नगरपालिका के जिम्मेदार उपस्थित कर्मचारियों से आग्रह किया कि इस बात का ध्यान रखा जाए कि वार्ड वासियों को आवेदन करने में किसी प्रकार की समस्या न हो उन्हें इसकी जानकारी दें तथा वार्ड वासियों की समस्याओं का निराकरण करें । जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद ने अपनी शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 16 मार्च 2023 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल रायपुर और नगरपालिका परिषद दल्ली राजहरा के मध्य एक समझौता हुआ था कि जिसमें यह तय हुआ था रेलवे टाउनशिप की साफ सफाई नगरपालिका द्वारा की जाएगी जिसके एवज में रेल्वे द्वारा नगरपालिका को सालाना 18 लाख 20 हजार 280 रूपए का भुगतान किया जाएगा। यहां तक तो सब ठीक रहा मगर इसमें सबसे बड़ी समस्या यह रही कि रेल्वे कालोनी की साफ सफाई के लिए पहले से सफाई कर्मचारी काम कर रहे थे उनको काम करते लगभग 8 से 10 साल हो चुका था ऐसे में दल्ली राजहरा रेल्वे स्टेशन प्रबंधक द्वारा मानवीय दृष्टिकोण दिखाते हुए नगरपालिका को एक पत्र 13 मार्च 2023 को लिखा और उसमें निवेदन किया कि हमारे यहां रेल्वे कालोनी की साफ-सफाई में वर्षों से कार्यरत श्रमिकों को ही नगरपालिका द्वारा कार्य पर रखा जाए जिससे ग़रीब ठेका श्रमिकों की रोजी रोटी चलती रहेगी और यह पत्र समझौता होने के 3 दिन पहले दिया गया था जिस पर नगरपालिका के जिम्मेदार लोगों ने मौखिक सहमति भी दिया था, किंतु जैसे 16 मार्च 2023 को दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किया नगरपालिका के जिम्मेदार लोग अपनी बात से मुकर गए और उन गरीब ठेका श्रमिकों को कार्य में रखने से मना कर दिया नगरपालिका के जिम्मेदार लोगों ने गरीब ठेका श्रमिकों को परिवार सहित सड़क पर ला दिया है। नगरपालिका का भ्रष्टाचार यही समाप्त नहीं होता है यहां से नगरपालिका के जिम्मेदार लोगों का बड़ा खेल शुरू होता है ऐसी जानकारी मिली है कि नगरपालिका परिषद दल्ली राजहरा को 56 प्लेसमेंट कर्मचारियों शासन द्वारा स्वीकृत है और उनकी स्वीकृति राजहरा टाउनशिप क्षेत्रों के लिए हुई है। इन 56 श्रमिकों से राजहरा टाउनशिप की साफ-सफाई नगरपालिका नहीं कर पा रही है पूरा नगर गंदगी से पटा हुआ है मगर इसके बाद भी इन्ही 56 कर्मचारियों में से लगभग 8 से 10 कर्मचारियों को रेल्वे कालोनी की साफ -सफाई के कार्य में लगा दिया गया है क्योंकि रेलवे विभाग, कालोनी की साफ-सफाई के लिए नगरपालिका को सालाना लगभग 18 लाख रुपए भुगतान कर रहा है अब यहां एक विषय यह भी आता है कि जब इन्हीं कर्मचारियों का वेतन भुगतान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार भी पैसा दे रही है तो नगरपालिका द्वारा रेलवे और छत्तीसगढ़ सरकार दोनों से पैसा वसूला जा रहा है मगर काम किसी का नहीं हो रहा है न तो रेलवे कालोनी क्षेत्रों की सफाई ठीक से हो रही है और न राजहरा टाउनशिप की, मगर पैसा पूरा वसूला जा रहा है। यह तो वही बात हो गई कि आवारा पशुओं को पकड़ कर कहां रखा जाए ईसकी व्यवस्था नगरपालिका द्वारा नहीं किया गया मगर कमीशनखोरी के लिए आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए लाखों रूपए काऊ कैचर जरुर खरीदा गया है जो आज नगरपालिका प्रांगण की शोभा बढ़ा रहा है और नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी शासन को गुमराह कर लाखों रूपए का नुक़सान पहुंचा रहे हैं। नेता द्वय ने आगे कहा कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी तत्काल इस विषय को प्राथमिकता से अपने संज्ञान में लें और रेल्वे टाउनशिप की साफ-सफाई में वर्षों से कार्यरत पुराने ठेका श्रमिकों को कार्य पर रखा जाए और जो भी इस पूरे प्रकरण के लिए जिम्मेदार हो जिसके कारण ग़रीब आदिवासी ठेका श्रमिकों को कार्य से निकाला गया उन पर कड़ी कार्रवाई हो जिससे दोबारा ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के समापन के दिन मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद, जिला मंत्री राजेश दाशोडे, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह, वार्ड क्रमांक 26 की पार्षद टी ज्योति उपस्थित थीं।



# देर रात तक चक्काजाम की रणनीति बनाते रहे ग्रामीण हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी की सड़क पर फिर रस्साकसी

## पीडब्लूडी ने शुरु करवाई मरम्मत लेकिन ग्रामीण संतुष्ट नहीं, मान-मनौव्वल भी जारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी की जर्जर सड़क में आज एक बार फिर संग्राम छिड़ने के आसार हैं। सड़क की मरम्मत शुरु होने के बाद भी प्रभावित 7 पंचायतों के 13 गांवों के ग्रामीण संतुष्ट नहीं है। सरपंचों ने कहा कि, अब भी सड़क की हालत सुधरती नहीं दिख रही है। दोबारा बारिश तेज होते ही इसकी दुर्गति फिर तय है।

ग्रामीण सोमवार को चक्काजाम की तैयारी में है। इसे लेकर देर शाम तक भोथीपार में पंचायत प्रतिनिधियों व आसपास के ग्रामीणों ने बैठक चलती रही। बैठक में सुबह चक्काजाम के निर्णय को लेकर सभी ने सहमती दी लेकिन कुछ प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर गौर करने की बात भी कहते रहे। ढोड़िया के सरपंच दीलू साहू ने बताया कि, हमने आज बैठक से पहले सड़क में मरम्मत का काम देखा। ये पर्याप्त नहीं है। सभी मिलकर फैसला लेंगे। हम सोमवार को जिला प्रशासन के सामने अपनी बात रखने के बारे में सोच रहे हैं।

कुछ दिनों पहले 7 पंचायतों के सरपंचों ने एसडीएम को सड़क निर्माण और मरम्मत के संबंध में ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन में सड़क के जर्जर होने, आवाजाही में जान-जोखिम में होने का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों ने चक्काजाम की बात कही थी। अब इसी अल्टीमेटम को लेकर चक्काजाम की तैयारी है। हालांकि प्रशासनिक अमला भी उन्हें मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। स्वयं एसडीएम और तहसीलदार ने सरपंचों से इस मुद्दे पर बात की है।


हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी सड़क... जान जोखिम में, सड़क के दोनों ओर साइकिल चल पाना भी मुश्किल, भारी वाहनों का खतरा बना हुआ है
कीचड़ से सनी सड़क में पैदल चल पाना भी दूभर, राजनीतिक बयानबाजी पर भी ग्रामीणों में आक्रोश

### एसडीएम ने पीडब्लूडी को खत लिखा था

सुरगी इलाके में सड़क को लेकर दिख रहे आक्रोश को लेकर एसडीएम ने पीडब्लूडी को आगाह कर दिया था। अनुविभागीय दंडाधिकारी ने 4 दिनों पहले पीडब्लूडी को खत लिखकर सड़क की जल्द मरम्मत शुरु करने कहा था। एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि, ग्रामीणों के ज्ञापन के बाद हमने पत्र लिखा था। बीते शुक्रवार से वहां काम भी शुरु हो चुका है। हमने 15 अगस्त से पहले स्थिति बेहतर करने का आश्वासन दिया था और इस पर काम चल रहा है।



### 7 पंचायतें मिलकर करेगी प्रदर्शन

फरवरी, 2024 में इस बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था। छग राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए लगभग 16 करोड़ की स्वीकृति दी है। वर्तमान में 7 पंचायत और 13 गांव के लोग मिलकर निर्माण कार्य को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। ग्राम पंचायत ढोड़िया, ग्राम पंचायत कोटराभांठा, ग्राम पंचायत धामनसरा, ग्राम पंचायत भोथीपार खुर्द, ग्राम पंचायत कुम्हालोरी (बेलटिकरी), ग्राम पंचायत ढोड़िया ग्रामीण इस सड़क कार्य को लेकर आपत्ति कर रहे हैं।

### शुक्रवार से शुरु हुई मरम्मत

16 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन हल्दी से सुरगी-कुम्हालोरी सड़क में अब भी बड़े गड्ढे और कीचड़ बड़ी समस्या हैं। इसे लेकर ही ग्रामीणों में नाराजगी है। इससे स्कूली बच्चे, कॉलेज छात्रों के अलावा दर्जनभर से ज्यादा गांव की आबादी प्रभावित हो रही है। इस मार्ग पर ही मौजूद गांवों में भी सड़क की गति बेहद बुरी है। हालांकि एसडीएम के निर्देश के बाद हल्दी के पास, राजाराम मेज प्रोडक्टस के आसपास बजरी और गिट्टी बिछाई गई है। रविवार को कुम्हालोरी के आसपास भी मिक्स मटेरियल डाला गया है। मरम्मत का काम अभी जारी रहने की बात कही गई है।

# दिग्विजय स्टेडियम की भूमि का सीमांकन कराए प्रशासन : कांग्रेस

- दोबारा अदूरदर्शिता का दंश ना झेले संस्कारधानी के खेल प्रेमी : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने दिग्विजय स्टेडियम में 35 करोड की सौगात धरातल पर लागू हो इसके पूर्व स्टेडियम के लिए आवंटित कुल भूमि 25 एकड़ का सीमांकन कराने विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ रमन सिंह जी एवं जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित कर मांग की गई है। प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि 10 अगस्त 2016 को जब जनसहयोग से निर्मित स्टेडियम के नवनिर्माण हेतु 20 करोड़ रु की कार्य योजना को सार्वजनिक किया गया था तब आधुनिक तकनीक से निर्माण करने की बात कहते हुए साईं के बॉस्केटबॉल कोर्ट व क्रिकेट पेवेलियन को तोड़फोड़ से दूर रखने का दंभ भी भर गया था लेकिन जैसे ही रायपुर के निर्माण एजेंसी ने कार्य प्रारंभ किया तो 2 साल पहले ही बने करोड़ो के बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय इनडोर कोर्ट को तोड़ने की बात निर्माण एजेंसी के आर्किटेक्चर ने आवश्यक बताया और तोड़ दिया गया जिससे यह उजागर हो गया था कि 20 करोड़ की राशि से विश्व का पहला बिना पार्किंग का बनने वाले स्टेडियम पर आदूरदर्शिता का ग्रहण लग चुका है। 25 एकड़ की भूमि स्टेडियम समिति को आवंटित होने के बाद एक सुनियोजित साजिश के चलते मात्र 17 एकड़ पर निर्माण करा कर एक का बड़ा खेल खेल दिया जिसके चलते आज तक शहर के खेल प्रेमियों को भी बहुउद्देशीय स्टेडियम के सुख से वंचित होना पड़ रहा है ।उन्होंने कहा कि अब फिर से 35 करोड रुपए की सौगात की बात देकर वाही लूटने का कार्य प्रारंभ हो गया है ऐसी दशा में सर्वप्रथम स्टेडियम की भूमि का राजस्व अभिलेख अनुसार तत्काल सीमांकन कराकर कुल भूमि को चिन्हांकित कर लिया जाय यदि कहीं अतिक्रमित है तो उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त करने हेतु डॉ रमन सिंह एवं कलेक्टर राजनांदगांव को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की गई है साथ ही साथ 35 करोड़ की का सौगात की कार्य योजना 20 करोड़ की कार्य योजना के समान अपने उद्देश्य से न भटके और बहुउद्देशीय दिग्विजय स्टेडियम सभी खेल गतिविधियों के लिए हमेशा उपयोगी रहे।

# 5 जुआरी गिरफ्तार, 50 हजार मिलने का दावा.. लेकिन गाड़ियां बरामद हुईं न मोबाईल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पनियाजोब डेम के करीब जंगल में बारिश के दौरान तिरपाल लगाकर चल रही जुए की फड़ पर पुलिस ने कार्रवाई का दावा किया है। बोरतलाब पुलिस ने इस रेड में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें दो डोंगरगढ़ और तीन राजनांदगांव निवासी है। पुलिस के मुताबिक यहां तकरीबन 15 से 20 जुआरी मौजूद थे। मौके से पुलिस ने 50 हजार रुपए की बरामदगी दिखाई है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर कई तरह के सवाल भी खड़े हो रहे हैं। बोरतलाव थाना प्रभारी निरीक्षक मिलन सिंह ने बताया कि शनिवार को हमें जुए की फड़ की जानकारी मिली। हमने शाम करीबन 6:30 बजे पनियाजोब डेम उलट के पास जंगल में छापामार कार्रवाई की। यहां पुलिस को देखते ही जुआरी इधर-उधर भाग खड़े हुए। इस बीच दौड़-भागकर हमने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के नाम शुभम चौहान (31), एवेन्द्र कुमार सिन्हा (51), मो0 अमीर (34), भुलवा पासी (40) और गोविंदा (32) हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, आरोपियों के पास और फड़ से कुल 50 हजार 320 रूपये व 52 पत्ती ताश बरामद हुआ है।इसके अलावा मौके से दरी, तिरपाल भी जब्त किया गया है।

**कार्रवाई पर सवाल... कहां गई गाड़ियां ! :** पुलिस ने पनियजोब डेम के पास जंगल में छापेमारी को लेकर जो दावे किए हैं उनमें कुछ बातें ऐसी भी हैं जिन्हें लेकर संदेह पैदा होता है। फड़ में 20 से अधिक लोगों के मौजूद होने की जानकारी आ रही है। जब पुलिस ने रेड की तो यहां जुआ चल रहा था। लेकिन पुलिस के हाथ सिर्फ 5 जुआरी लगे। बड़ी बात यह है कि पुलिस ने 5 जुआरियों को पकड़ा लेकिन एक भी गाड़ी बरामद नहीं की। सवाल उठता है कि आखिर जुआरियों की गाड़ियां कहां गईं। **कई दिनों से जारी था जुआ, लाखों की फड़ सजी थी :** बोरतलाव थाने ने जिस फड़ पर कार्रवाई दिखाई है वह तकरीबन पखवाड़े भर से चल रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने स्थानीय स्तर पर इसकी व्यवस्था बनाई थी। हालांकि, इसकी शिकायत एसडीओपी और दूसरे अधिकारियों तक पहुंचने के बाद छापामार कार्रवाई किए जाने की बात सामने आ रही है। यह भी बताया जा रहा है कि, शनिवार को इस फड़ में तकरीबन 15 लाख रुपए के दांव लग रहे थे। लेकिन 8 लोगों की छापामार पुलिस टीम अपने रेड में कुछ खास हासिल नहीं कर पाई।

# उमरवाही में मोबाईल चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस द्वारा 6 नग मोबाईल सहित 1 बाईक जब्त

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



वनांचल में मोबाईल चोरी के मामले में पुलिस ने एक सफलता हासिल की है। उमरवाही में एक मोबाईल शॉप से चोरी मामले में 3 आरोपी युवकों को 6 नग मोबाईल चोरी में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी युवकों द्वारा चोरी का अपराध कबूलने के उपरांत तीनो को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस द्वारा आधिकारिक जानकारी मुताबिक 27 जुलाई को उमरवाही निवासी शरीफ खान ने अपने मोबाईल दुकान उमरवाही से मोबाईल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के द्वारा पुलिस टीम गठित कर विवेचना जारी थी। इसी दरम्यान वनांचल के ग्राम चिलमगोटा के कुछ लड़को के द्वारा चिलमगोटा व रेंगाडबरी मे मोबाईल बेचने के लिये ग्राहक तलाशने की मुखबिर सूचना मिली। सूचना की तस्दीक करने पर तीनो लड़के मौके पर ग्राहक तलाशते हुये मिले। इस दौरान उमरवाही बस स्टैण्ड के पास भारतीय मोबाईल दुकान मे लगे सीट को हथौड़ी से तोड़कर अंदर प्रवेश कर दुकान के रेक मे रखे मोबाईल 07 नग को चोरी करना एवं आपस मे दो दो मोबाईल को तीनो लोगों मे बटवारा करना एवं एक मोबाईल जो खराब था को उमरवाही मे घटना स्थल के पास तालाब के गहरे पानी में फेंक देने की बात बताते हुए चोरी की घटना कारित करना स्वीकार किया।

पुलिस के मुताबिक आरोपी युवकों का पृथक पृथक मेमोरण्डम कथन लेकर फोटोग्राफी एवं विडियोंग्राफी कराया गया है। आरोपिगणों के द्वारा चोरी के मोबाईल को पेश करने पर मोबाईल 06 नग कीमती 33 हजार एवं घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल क्र सीजी 08 एवाय 7527 कीमती 30 हजार कुल जुमला कीमती रकम 63 हजार रूपये को जप्त कर समक्ष गवाहान के जप्ती पत्रक में जप्त किया गया।

### बालोद जिले से तीनो आरोपी

पुलिस ने चोरी के मामले में टेमन लाल साहू पिता रामखिलावन साहू, 19 वर्ष, थनवार पिता सुपालसिंह साहू, 25 वर्ष, महेश्वर ऊर्फ मानस पिता रामकुमार, 19 वर्ष, सभी साकिन ग्राम चिलमगोटा, थाना मंगचुवा, जिला बालोद को 10 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया गया है। इसकी सुचना आरोपी के परिजनों को दी गई है। जुर्म अजामनतीय होने पर ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है।

# युवा कांग्रेस ने मनाया 64वां स्थापना दिवस



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय युवा कांग्रेस के 64 वीं स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के द्वारा भारतीय युवा कांग्रेस के ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को त्याग, न्याय, शांति, धर्म, विज्ञान, समृद्धि एवं सत्य की राह पर चलने के लिए शपथ दिलाया और कहा कि युवा कांग्रेस के स्थापना का 64 वर्षों का सफर आधुनिक भारत की कहानी कहता है। आज का दिन इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस दिन युवा कांग्रेस अपने 65वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

# आधार, आय, जाति व निवास का स्थायी समाधान

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक के ग्राम अजुनी में गत दिनों संपादित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मे आधार तथा आय जाति निवास संबंधी समस्याओं का सामाधान किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को आधार पंजीयन का भी लाभ मिला। उल्लेखनीय है कि शिविर में लोक सेवा केंद्र तहसील कार्यालय के द्वारा लोक सेवा तथा आधार पंजीयन के लिए भी स्टाल लगाया गया था। उक्त शिविर में लोगो को आधार मे नाम तथा नए पंजीयन की सुविधाएं प्रदान की गई। शिविर मे लोक सेवा केंद्र प्रभारी धर्मेन्द्र साहू के द्वारा लोगो को आधार कार्ड मे नाम सुधार तथा जन्म तिथि सुधार तथा पते मे सुधार के लिए लगने वाले दस्तावेज की जानकारी दी गई। साहू ने बताया की अधिकतर लोगो के पास आधार मे नाम एवं जन्म तिथि सुधार के लिए दस्तावेज नहीं रहता है। अब आधार कार्ड मे नाम सुधार के लिए फोटो युक्त कोई एक पहचान पत्र जिसमे पेन कार्ड, मतदाता कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या 10 की फोटो युक्त मार्कशीट तथा जन्म तिथि सुधार के लिए जन्म प्रमाण पत्र या 10 वी का मार्कशीट अनिवार्य है। इसके बिना अब आधार मे नाम या जन्मतिथि नहीं सुधर सकता है।

लोक सेवा प्रभारी के मुताबिक पूरा नाम बदलने के लिए अब छग राजपत्र मे नाम परिवर्तन की सुचना का प्रकाशन होना आवश्यक है। वहीं आय जाति तथा निवास प्रमाण पत्र मे लगने वाले आवश्यक दस्तावेज के सम्बन्ध मे भी जानकारी दी गई। उक्त शिविर मे आधार आपरेटर भानूप्रताप साहू तथा नितेश सोनकर के द्वारा सेवायें प्रदान की गई।

### चतुर्थ बाबा महाकाल पालकी यात्रा सोमवार को

**राजनंदगांव।** उज्जैन नगरी के महाकाल पालकी यात्रा की तर्ज पर संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में पवित्र पावन मास सावन के प्रत्येक सोमवार को भगवान शिव के स्वरूप महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का आयोजन महाकाल मंदिर सिंघोला, महाकाल भक्त सेना द्वारा किया जाता है। पालकी यात्रा अब नगर की पहचान बनते जा रही है। प्रत्येक सोमवार को निकलने वाली यात्रा शहर के भिन्न भिन्न स्थानों से प्रारंभ होती है ताकि सभी शिव भक्तों को इसमें शामिल होने का धर्म लाभ मिल सके। इस वर्ष सावन में पांच सोमवार पड़ रहे थे। अभी तक तीन सोमवार को पालकी यात्रा भिन्न भिन्न स्थानों से निकल चुकी है। चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त दोपहर 12 बजे बाबा महाकाल की पालकी सिंगदई से निकलेगी। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि इस सोमवार को बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा शहर के अंतिम छोर सिंगदई से प्रारंभ होगी जोकि मोहरा, मोहड़ चौक, हल्दी होते हुए महाकाल मंदिर सिंघोला में विश्राम लेगी। पालकी शोभायात्रा में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर तिरंगा झंडा विशेष रूप से शामिल किया गया है हर घर तिरंगा अभियान से जोड़कर पालकी यात्रा में तिरंगे झंडे को शामिल करने का विचार रखा गया है।

## मातृशक्ति एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन

# तिरंगा यात्रा राष्ट्र निर्माण की पुनर्जागरण की बेला : विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर भाजयुमो द्वारा राजनांदगांव में आज जिला भाजपा के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा नए बस स्टैंड से निकाली गई। तिरंगा यात्रा को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं डॉ रमन सिंह का जोशीला स्वागत किया। स्वागत अभिनंदन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, भरत वर्मा, दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, कोमल सिंह राजपूत, मोनू बहादुर सिंह, गोलू सूर्यवंशी सहित मातृशक्ति एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत से अभिभूत प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय एवं डॉ रमन सिंह ने तिरंगा यात्रा को राष्ट्र निर्माण के पुनर्जागरण की बेला बताते हुए कहा कि देश में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव चल रहा है, अब समय आ गया है कि हम अपने पूर्वजों की इच्छा के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था में शूमार हुए हैं, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करना राष्ट्रीयता के पुनर्जागरण के बिना अधूरा है। इसी वजह से तिरंगा यात्रा व घर-घर तिरंगा अभियान इस दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। नए बस स्टैंड से तिरंगा रैली निकलकर भारत माता की जय घोष करती हुई गुरुद्वारा चौक होते हुए मानव मंदिर चौक एवं भारत माता चौक से कामठी लाइन से रामाधीन मार्ग होते हुए नन्दई चौक से बसंतपुर स्थित बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल पहुंची जहां पर तिरंगा रैली का समापन हुआ।

### सामाजिक शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

राजनांदगांव प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित ममतामयी मिनीमाता निर्वाण दिवस एवं जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह का नाम गुरू घासीदास बाबा के नाम पर रखने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सोनेसरार, डोंगरगांव विकासखड के ग्राम सांकरदाहरा, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोतीपुर में सतनाम भवन निर्माण एवं राजनांदगांव सतनाम भवन में मंच निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपए तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राजनांदगांव में ममतामयी मिनीमाता की प्रतिमा के लिए 5 लाख रूपए की घोषणा की। इस अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मुख्यमंत्री को साफा पहनाकर आत्मीय अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी को हर घर तिरंगा कार्यक्रम अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के सम्मान के लिए शपथ दिलाई।

# पूर्व सीएम ने दोहराया : भौजी हमारी सुपर सीएम



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सतनामी समाज के आयोजन में शामिल होने राजनांदगांव पहुंचे। उन्होंने सतनाम समाज भवन के सामने मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां भाजपा और प्रदेश सरकार पर बात करते हुए उन्होंने फिर दोहराया कहा कि भाजपा में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मप्र के समय के मंत्री को सांसद का चुनाव लड़वाकर भेज दिया गया। सरकार में किसकी चल रही है... इसे लेकर अधिकारी भी परेशान हैं। ऊपर से सुपर सीएम अलग हैं। सुपर सीएम को लेकर उन्होंने कहा कि ये दावा मैंने नहीं किया है। जब उन्होंने खुद घोषणा की तो पता चला की भौजी हमारी सुपर सीएम हैं। उन्होंने सांसद संतोष पांडेय की टिप्पणी पर कहा कि, मेरे पिता से जीवनभर वैचारिक मतभेद रहे। वे कांग्रेस के सदस्य भी नहीं थे। जो व्यक्ति पकड़ा गया उसके विषय में मैं जानता तक नहीं हूं। उन्होंने नक्सल कनेक्शन पर भी भाजपा को घेरा और कहा कि - महेश गागड़ा को हम जानते हैं। उनके भाई पेखन गागड़ा के खाते में जो पैसा गया उसका खुलासा तो खुद स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी ने दस्तावेजों के साथ किया है।

# जशपुर जिला अस्पताल भोजन टेंडर मामले में आया नया मोड़ हीना सिंह जूदेव अधिश्री समूह के साथ पहुंची सीएम के पास

## कहा, समूह की महिलाओं की निविदा स्वीकृत होने के बाद आदेश प्रशासन ने कैंसल किया




जिला अस्पताल जशपुर के मरीजों को मिलने लगा अब मां के हाथ का खाना, अधीश्री स्व सहायता समूह करेंगे संचालन
खाना की गुणवत्ता को लेकर पूर्व में लगातार उठते रहे सवाल, अब बेहतर की उम्मीद
गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल
पायनियर लगातार


रायपुर, रविवार 04 अगस्त 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर
जिला अस्पताल में मरीजों को खाना खिलाने का टेंडर राजनीतिक खिचड़ी बनकर रह गया, 2 बार दिए आदेश 2 बार किया निरस्त
प्रशासन ने कहा, जबतब मामला सुलझ नहीं जाता आपूर्ति वही करेगा जो पहले करता था
1 अगस्त को समूह ने बांटे भोजन

पायनियर संवाददाता जशपुनगर
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल में प्रसुताओं और मरीजों को भोजन खिलाने का मामला सीएम विष्णुदेव साय के पास रायपुर पहुंच चुका है। अधिश्री स्व सहायता समूह कि महिलाएँ फ़रियाद लेकर जशपुर राज घराने कि बहू, दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव की पुत्र वधू डॉ हिना सिंह जूदेव के पास पहुँची।डॉ हिना सिंह जूदेव सहकार भारती प्रदेश महिला प्रमुख एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य हैं। जूदेव ने स्व सहायता समूह की सारी वेदनाएँ समस्त दस्तावेजों के साथ मुख्यमंत्री के पास रखा।

### यह बताया गया सीएम को

अस्पताल प्रशासन समिति के निर्णय के बाद 25 जुलाई को निविदा स्वीकृत हो जाने के पश्चात स्व सहायता समूह को कार्यादेश प्रदान किया गया। वहीं 30 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया। फिर से 31 जुलाई को कलेक्टर जो कि मामलो के अपीलिय अधिकारी थे , उन्हें समूह के द्वारा अपील करने के बाद 31 जुलाई को ही पुनः कार्यआदेश जारी कर दिया गया। कार्यादेश के अनुसार 1 अगस्त से जिला अस्पताल के मरीजो को नाश्ता एवं भोजन करवाया जाना था , सो समूह कि महिलाएं 31 जुलाई को देर रात तक भोजन व्यवस्थाओं में लगी हुई थीं।

### रात ११ बजे कैंसल नोटिस

31 की रात 11 बजे सिविल सर्जन के भृत्य ने पुनः कार्यादेश निरस्तीकरण का आदेश थमा दिया। डा हिना जूदेव ने उक्त समस्त प्रकरण से अधिश्री स्व सहायता समूह की महिलाओं को लेकर मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मुलाक़ात की और समूह की महिलाओं से इस प्रकार होने वाले भेद भाव एवं षड्यंत्र से अवगत करा कर राहत के लिए जिला प्रशासन को निर्देशत करने को कहा है।

### सीएम के आदेश का इंतजार

हिना सिंह जूदेव के साथ सीएम से मुलाकात करने बाद समूह की महिलाओं को अब सीएम के आदेश का इंतजार है।

# बोल बम से जयकारों से गूंजा नगर

## शिव भजन के धुनों में थिरके कांवड़िए



पायनियर संवाददाता कोटा
www.dailypioneer.com

बोल बम सेवा समिति द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कोटा स्थानीय अग्रसेन भवन कोटा में बोल बम कांवरिया संघ द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बेलपान से रतनपुर बुढा महादेव जलाभिषेक करने वाले हजारों की संख्या में कांवरियों का स्वागत सत्कार करने के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है जिसमें आज मुख्य रूप से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय अरुण सांव जी भी उपस्थित हुए। झारखंड से आए हुए भजन कलाकारों द्वारा विशेष शिव भजनों की प्रस्तुति दी गई । हर वर्ष यह विशेष आयोजन बोल बम सेवा समिति द्वारा किया जाता है।एवम सेवा की जाती है। सुबह से ही कोटा शहर की सड़के भगवा के रंगों से रंगी हुई थी वहीं नगर पंचायत कोटा द्वारा सड़कों की साफ सफाई पानी एवं स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था की गई थी कोटा पुलिस द्वारा पेट्रोलिग व सुरक्षा व्यवस्था शहर वासियों द्वारा कांवरियों के स्वागत सत्कार के लिए जगह-जगह फल प्रसाद वितरण किया गया। स्वास्थ विभाग की दिखी लापरवाही। कांवड़ियों को स्वास्थ सुविधा प्रदान करने के लिए हर वर्ष सुबह से कोटा सामुदायिक केंद्र की विशेष लापरवाही नजर आई दोपहर तक स्वास्थ विभाग का कोई कैंप नजर नही आया। दोपहर बाद कुछ मितानिन एवम नर्स को भेजकर कैंप चालू करवाया गया। बोल बम कांवड़िया समिति के सदस्य आनंद अग्रवाल ने कहा की हजारों की संख्या में शिवभक्तों के लिए विशेष आयोजन किया जाता है। सुबह से स्वास्थ विभाग का कैंप लग जाना चाहिए था परंतु कैंप लेट से चालू किया गया ।इस गंभीर लापरवाही के लिए कोटा बी एम ओ की शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

# एमएलबी कन्या विद्यालय के व्याख्याता एमएस राठौर को पहाड़ी कोरवा एजुकेशन में मिली पीएचडी की उपाधि

## पीएचडी के गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पायनियर संवाददाता जशपुनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुर में पदस्थ व्याख्याता (गणित) एम.एस.राठौर को इम्पैक्ट ऑफ एजेकुशन ऑन पर्सनल, सोशल एंड इकोनॉमकिल डेव्लपमेंट ऑफ पहाड़ी कोरवा, अ स्पेशल बैकवर्ड ट्राईब्स ऑफ जशपुर डिस्ट्रिक्ट विषय पर शोध कार्य के लिए डॉ सी.वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने डॉ सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा के शिक्षा विभाग के एसोसिएटप्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.रितेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। एम.एस.राठौर ने बताया कि उन्हें सर्विस में आने के पहले से शिक्षा में शोध कार्य करने की प्रबल इच्छा थी जो अब पूर्ण हो गया है। इसके पूर्व उन्हें 5 सितंबर 2006 में उल्लेखनीय सेवा, अनुकरणीय अध्यापन एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय ''राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार'' से सम्मानित किया गया जा चुका है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत मार्गदर्शक एवं प्रोजेक्ट गाइडटीचर के रूप में कार्य करते हुए विद्यार्थियों से लघु शोध करवाया था, जिसमें छात्रों(बाल वैज्ञानिक) के लघु शोध का चयन राष्ट्रीय स्तरपर 2005 में भुवनेश्वर(उड़ीसा), 2006 में गंगटोक(सिक्किम) तथा 2007 में बारामती पुणे(महाराष्ट्र) के लिए चयनित हुआ था। पीएचडी के गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए उन्हें विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# जशपुर उत्कल ब्राह्मण समाज ने दमेरा पर्यटन स्थल पर महारूद्राभिषेक यज्ञ के साथ किया सामूहिक वृक्षारोपण

## सीएम के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर वृक्षों के देखरेख का लिया संकल्प



पायनियर संवाददाता जशपुनगर
www.dailypioneer.com

उत्कल ब्राह्मण समाज जशपुर की ओर से जिला मुख्यालय के नजदीक में स्थित दमेरा जल प्रपात पर्यटन स्थल में महारूद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन विगत दिवस किया गया। इस दौरान सीएम विषणु देव साय का वृक्षारोपण को लेकर प्रदेश में चलाया जा रहा एक वृक्ष मां के नाम अभियान का अनुशरण करते हुए उत्कल समाज के सदस्यों ने जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं वृक्षारोपण किया और कहा, हम जिस तरह अपने बच्चों का ख्याल रखते हैं उसी तरह वृक्ष का भी ख्याल रखेंगे। महारूद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन पंडित मुकुंद शर्मा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर समाज के अध्यक्ष वाचस्पति मिश्रा द्वारा समाज को एकजुट रहकर रचनात्मक कार्यों में नियमित भागीदारी रखने की बात कही गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना संस्था ने होटल ग्रांट राजपूताना में सावन उत्सव मनाया



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना संस्था द्वारा होटल ग्रांट राजपूताना में सावन उत्सव मनाया गया, जिसमें प्रतीक चिन्ह के साथ रैम्प वॉक, लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता रखी गई। रैम्प वॉक में प्रतिभागियों ने तलवार, तिरंगा, पौधा, मुरली, सोलह श्रृंगार, थीम पर कैटवॉक किया जिसमें देशभक्ति तिरंगा थीम प्रथम लक्ष्मी ठाकुर, पौधा रोपण थीम द्वितीय स्वाति ठाकुर, राजपूताना तलवार थीम तृतीय अर्पणा सिसोदिया विजयी रही तथा सांत्वना पुरस्कार आशा सिंह, रचना ज्वार, उर्मिला सिंह, निधि राजपूत, रश्मि सिंह, सोनाली सिंह, नमिता सिंह को दिया गया। लड्डू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम उर्मिला सिंह, द्वितीय वंदना सिंह, तृतीय तान्या ठाकुर, सांत्वना पुरस्कार मनीषा ठाकुर, एवं दर्शिका चौहान को दिया गया। इसके अतिरिक्त सावन नृत्य संगीत, वन मिनट गेम, सावन तीज स्टाल स्वादिष्ट स्वल्पाहार के साथ संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतू सिंह के द्वारा प्रिया सिंह को मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इस कार्य क्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हास्य कवियत्री शशि दुबे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कंचन लता चौहान, विजिया ठाकुर, शारदा ठाकुर, मधु मालती रश्मि चौहान, सुष्मिता अग्निवंशी, रश्मि बैस स्वेता बैस प्रिया सिंह इत्यादि उपस्थित रही।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा रैली निकाली गई



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के आदेशानुसार प्रत्येक स्कूलों में स्वतंत्रता सप्ताह 09 से 15 अगस्त के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भाटापारा के छात्राओं एवं शिक्षिकाओं द्वारा रैली निकाली गई जिससे लोगों में देशभक्ति एवं तिरंगे झंडे के प्रति सम्मान की भावना जागृत हो तिरंगा हमारी शान है भारत की पहचान है तिरंगा झंडा राष्ट्र का प्रतीक एवं गौरव है लोगों को तिरंगे झंडे का सम्मान करते हुए घर-घर में लहराने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे निबंध रंगोली एवं चित्रकला का आयोजन भी किया गया। अगस्त माह के द्वितीय शनिवार बैगलेस डे में विश्व संस्कृत दिवस भी मनाया गया जिसमें हमारे विद्यालय के छात्राओं द्वारा संस्कृत में आपसी संवाद श्लोक का वाचन एवं कहानी इत्यादि करवाया गया। उक्त कार्यक्रम में अधीक्षिका स्वाति शर्मा शिक्षिकाएं गायत्री वर्मा सरस्वती मारकंडे सविता शर्मा सुप्रिया शिवहरे प्रिया राठी जय शर्मा भानमती साहू श्रेया शर्मा आदि कार्यक्रम में शामिल रहे।

# छात्रावास परिसर में एक पेड़, भारत के भविष्य के लिए मुहिम चलाकर वृक्षारोपड़ किया




पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय युवा कांग्रेस के 64वें स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय, मुंगेली में युवा कांग्रेस मुंगेली विधानसभा अध्यक्ष मंजीत रात्रे के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मुंगेली के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने यूथ कांग्रेस झंडा रोहन कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने, संगठन को मजबूत करने व जनहित में कार्य करने की शपथ ली साथ ही पड़ाव चैक स्थित छात्रावास परिसर में एक पेड़, भारत के भविष्य के लिए मुहिम चलाकर वृक्षारोपड़ किया।

इस दौरान मुंगेली विधनसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मंजीत रात्रे ने सभी कार्यकर्ताओं को युवा कांग्रेस स्थापना दिवस के बधाई देते हुवे सभी युवाओं को आग्रह किया की हम सब मिलकर देश के विकाश और प्रगति के लिए अपने प्रयासों को और मजबूत करें ताकि देश के हर युवा की आवाज बुलंद हो और हर कदम राष्ट्रहित के लिए उठें।

साथ ही ये भी कहा की एक पेड़, भारत के भविष्य के लिए वृक्षारोपण महाअभियान में शामिल होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर कल का निर्माण करने में अपनी योगदान देने के लिए सभी से आग्रह किया ।

# भाजपा नगर मंडल की विस्तृत कार्यसमिति बैठक

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सक्ती द्वारा वृहद कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय सक्ती में 10 अगस्त को की गई,जिसमे मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा रहे विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डा खिलावन साहू एवम पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल रहे मंचस्थ अतिथियों में ऋषि गोयल, रामनरेश यादव, अभिषेक शर्मा,नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव, दीपक गुप्ता, गोविंद देवांगन थे, मंच संचालन मंडल महामंत्री अमन डालमिया ने किया, इस अवसर पर मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर राजनैतिक प्रस्तावना पर जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव ने अभिभाषण पढ़ा, राष्ट्रपति का अभिभाषण का मनोज सिसोदिया ने वाचन किया राजनैतिक प्रस्ताव का वाचन अमन डालमिया ने किया, स्थानीय निकायों के चुनाव एवम एक पेड़ मां के नाम पर अभिभाषण का वाचन वरिष्ठ नेता रामावतार अग्रवाल ने किया, रामनरेश यादव ने प्रदेश के द्वारा निर्देशित आगामी कार्यक्रम एवम गतिविधियों पर विस्तार से बताया,पूर्व विधायक डा खिलावन साहू ने प्रेरणा दायक भाषण दिया, उन्होंने मंडल कार्यसमिति बैठक में शामिल सभी को लोकसभा चुनाव में जीत पर बधाई दी सक्ती के 18 बूथों पर 5284 मतों से जीत दिलाई, सक्ती नगर मंडल से विधानसभा एवम लोकसभा दोनो चुनाव में लीड रहा उन्होंने मंडल अध्यक्ष महामंत्री एवम बूथ के अध्यक्षों युवामोर्चा के महिला मोर्चा के दयित्ववान कार्याकर्ताओ को जीत की बधाई एवम शुभकामनाएं दी आने वाले नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष एवम पार्षद प्रत्याशियों को भारी मतों से जीताने सभी को अपना योगदान देने की बात कही, जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने अपने समापन उद्बोधन में कहा की सरकार ने त्रिस्तरीय चुनाव एवम नगरीय निकाय चुनाव एक साथ कराने का फैसला लिया है अभी से वार्डो में अपनी सक्रियता बढ़ाने की बात कही भूपेश बघेल की सरकार ने नगरपालिका में विकास के लिए पैसा नहीं दिया भाजपा ने मोदी गारंटी पर विधानसभा चुनाव लडा भाजपा सरकार बनी एवम 6 माह में ही विष्णुदेव की सरकार ने 18 लाख आवास की बनाने पहल की एवम महिलाओं को 1000 महतारी वंदन का पैसा दिया मोदी जी ने एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत सब को 1 पौधा लगाना है।

## जिले में दो डायलिसिस केंद्र का हो रहा है,संचालन, तीसरा केंद्र कुनकुरी में होगा

# सीएम विष्णुदेव के आदेश पर अब आधार कार्ड से शासकीय संस्थाओं में होगा नि :शुल्क डायलिसिस

पायनियर संवाददाता जशपुनगर
www.dailypioneer.com



अगर आपके परिजन या परिचित में कोई किडनी की गंभीर बीमारी से जूझ रहे और आप डायलिसीस कराने के लिए मोटी रकम खर्च कर रहे है तो रुकिए। जशपुर जिले के दो सरकारी अस्पतालो में डायलिसीस की निशुल्क व्यवस्था है। आपको किडनी के उपचार से संबंधित डॉक्टर के पर्ची के अतिरिक्त सिर्फ आधार कार्ड लेकर इन केंद्रों में पहुंचना है। और डायलिसीस करा कर वापस घर चले जाइये। जशपुर जिले में यह सुविधा राजा देव शरण जिला चिकित्सालय जशपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगाँव में संचालित किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष चिकित्सालय में संचालित डायलिसीस केंद्र की शुरुआत वर्ष 2021 में किया गया था। इस केंद्र में अब तक 82 मरीजों का 11 हजार 203 साईकिल डायलिसीस किया जा चूका है। निजी अस्पतालो में एक साईकिल डायलिसीस का खर्च 3 से 5 हजार तक आता है। लेकिन जिले के सरकारी अस्पताल में सुविधा मिलने से पीड़ित मरीजों का यह ख़र्च बच रहा है। इन दोनों सेंटर के शुरू होने से पहले पीड़ित मरीजों को डायलिसीस कराने के लिए रांची, अंबिकापुर, रायगढ़ बिलासपुर, रायपुर जैसे दूर दराज के शहर तक दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन अब घर के नजदीक सुविधा उपलब्ध हो जाने से पीड़ित मरीज को लम्बी कष्टप्रद यात्रा से मुक्ति मिलने के साथ ही समय और धन की बचत भी हो रही है।

**तीसरे केंद्र के लिए बजट स्वीकृत-** जिले में तीसरा डायलिसीस केंद्र शुरू करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। यह केंद्र कुनकुरी के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य सरकार ने इसके लिए 40 करोड़ के बजट की स्वीकृति जारी कर चुकी है। इस केंद्र के शुरू हो जाने से जिले के कुनकुरी, दूल्दुला,फरसाबहार ब्लाक के लोगो को लाभ मिलेगा।

**तेजी से सुधर रही है स्वास्थ्य सेवा-** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पदभार सम्हालने के बाद आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवा में तेजी से सुधार हो रहा है। आठ माह के छोटे से समय में कुनकुरी में 220 बिस्तर की सर्वसुविधायुक्त अस्पताल को स्वीकृति देते हुए सीएम ने जिले में मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार के पहले बजट में जिले के 7 उप स्वास्थ्य केंद्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल की गई है। जिले को अब तक 7 विशेषज्ञ चिकित्सक और 18 एमबीबीएस डॉक्टरो की नियुक्ति का आदेश जारी हो चूका है। जिले एम्बुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर 11 एम्बुलेंस अतिरिक्त उपलब्ध कराया गया है। जिला चिकित्सालय में सीटी स्केन की सुविधा में शुरू कर दी गई है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा में हुए शामिल




**मुंगेली।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली जिले के लोरमी में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा में शामिल हुए। उन्होंने शिव महापुराण कथा के व्यास पीठ में विराजमान पंडित प्रदीप मिश्रा का सपरिवार आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के साथ शिव महापुराण का श्रवण किया।































Samvad-40993/61

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403